
ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • भाद्रपद कृष्ण पक्ष 13 • विक्रम संवत 2080 • मंगलवार, 12 सितम्बर 2023 • वर्ष-29 • अंक-327 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



आप जितने ज्यादा राष्ट्रविरोधी होंग ... पेज 10 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### निलंबित इंजीनियर वीरेंद्र राम के सहयोगी नीरज की जमानत याचिका पर हुई सुनवाई

**रांची।** निलंबित इंजीनियर वीरेंद्र राम के सहयोगी नीरज मित्तल की जमानत याचिका पर ईडी कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले में अगली सुनवाई की तिथि 15 सितंबर को निर्धारित की गई है। नीरज की ओर से अधिवक्ता प्रितांशु सिंह ने बहस की। जबकि ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने बहस की। नीरज पर जेल में बंद निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के पैसों के निवेश में सहायता करने का आरोप है। नीरज को ईडी ने दिल्ली से गिरफ्तार किया था। नीरज के खिलाफ ईडी ने आरोप पत्र भी दाखिल कर दिया है।

### झारखंड : रिम्स में ट्यूटर पद पर नियुक्ति मामले में याचिका खारिज

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने सोमवार को रिम्स में ट्यूटर (शिक्षक) के पद को तीन साल की समय सीमा निर्धारित करने को लेकर रेखा शर्मा एवं अन्य की ओर से दाखिल याचिका को खारिज कर दिया। पूर्व में हाई कोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने रेखा शर्मा एवं अन्य के मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अभय प्रकाश ने पैरवी की थी। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता जयप्रकाश ने पैरवी की थी। याचिका में कहा गया था कि रिम्स में उनकी नियुक्ति ट्यूटर पद पर हुई थी। उस समय ट्यूटर पद के लिए कोई समय सीमा नहीं थी। बाद में रिम्स ने नियम बनाकर ट्यूटर पद के लिए तीन साल की अवधि निर्धारित की।

### 1.17 लाख से अधिक जगहों पर लगेगा आयुष्मान मेला

**नई दिल्ली।** लोगों के स्वास्थ्य जांच और उनके उपचार के लिए केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय एक लाख से अधिक स्थानों पर आयुष्मान मेले का आयोजन करने जा रहा है। सोमवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने बताया कि 'आयुष्मान भव' अभियान के तहत, 1,17,000 से अधिक स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों पर 'आयुष्मान मेला' आयोजित किया जाएगा। जहां सभी गरीबों और मध्यम वर्ग के लोगों का इलाज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत सभी ब्लॉक-स्तरीय अस्पताल और मेडिकल कॉलेज अपने परिसर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करेंगे। अस्पतालों और औषधालयों सहित देश भर के स्वास्थ्य संस्थानों में 'स्वच्छता अभियान' भी चलाया जाएगा।

## शिबू सोरेन की तबीयत बिगड़ी गंगाराम अस्पताल में हुए एडमिट



**रांची।** झामुमो सुप्रीमो सह पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन की तबीयत बिगड़ गई है। तबीयत खराब होने के बाद उन्हें दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक, शिबू सोरेन की किडनी, सांस लेने में तकलीफ व हाई ब्लड प्रेशर की समस्या के बाद अस्पताल में एडमिट कराया गया है। उनकी हालात स्थित होने की जानकारी मिली है। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार को शिबू सोरेन दिल्ली से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ रांची लौट रहे थे। लेकिन दिल्ली एयरपोर्ट पर उन्होंने शारीरिक परेशानी की बात कही। जिसके बाद उन्हें सर गंगा राम अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल ले जाए जाने के बाद डॉक्टरों ने उनकी जांच की। अस्पताल के एक वरिष्ठ डॉक्टर के मुताबिक उन्हें डायलिसिस की जरूरत पड़ी है। शिबू सोरेन की किडनी से संबंधित सभी जांच कराए गए हैं। उनका एलफटी, आरएफटी, सीबीसी, इंफेक्शन जांच कराया गया। उपचार के बाद उनकी तबीयत अब स्थिर है। उपचार के बाद उन्हें जल्द छुट्टी मिलने की उम्मीद है। कुछ महीने पहले उन्हें गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### शारदीय नवरात्र 15 अक्टूबर से, पंडालों का निर्माण कार्य शुरू

## इस बार हाथी पर हो रहा मां दुर्गा का आगमन



**रांची।** शारदीय नवरात्र 15 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। नवरात्र को लेकर राजधानी रांची में कई जगहों पर आकर्षक पूजा पंडाल बनाए जाते हैं। कई पूजा पंडालों में कार्य शुरू हो गया है। इस बार मां दुर्गा का आगमन हाथी पर हो रहा है। यह बहुत ही शुभ है। वर्षा और कृषि के लिए उत्तम है। जबकि 23 अक्टूबर को माता का गमन भैंसा पर हो रहा है। यह शुभ नहीं है। 23 को श्रवण नक्षत्र होने से इसी दिन माता का गमन होगा। पंडित मनोज पांडेय ने सोमवार को बताया कि शशिसूर्ये गजारूढा शनिभीमे तुरंगमे। गुरौ शुक्रे दोलायां बुधे नौका प्रकीर्तिता। इस श्लोक का अर्थ है कि रविवार और सोमवार को प्रथम पूजा यानी कलश स्थापना होने पर मां दुर्गा हाथी पर आती हैं। शनि और मंगलवार को कलश स्थापना होने पर माता घोड़े पर आती हैं। इस साल की नवरात्रि 15 अक्टूबर रविवार से शुरू होगी और 23 अक्टूबर सोमवार को इसका समापन होगा। 24 अक्टूबर मंगलवार को दशहरा विजयादशमी मनाई जाएगी। 15 अक्टूबर अश्विन माह में शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शुरू होगी। शारदीय नवरात्रि जो पूरे नौ दिनों की होगी। उन्होंने बताया कि देवी पुराण के अनुसार यदि नवरात्रि सोमवार और रविवार को शुरू होती है ,तो मां दुर्गा का वाहन हाथी पर होता है, जो अधिक वर्षा के संकेत देता है। मंगलवार और शनिवार से नवरात्रि की शुरूआत होने पर मां घोड़े पर सवार होकर आती है, जो सत्ता परिवर्तन का संकेत देता है।

### फंटूस हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा

# डॉन कुणाल के भाई समेत चार आरोपी गिरफ्तार

- लोडेड कट्टा, पिस्तौल व दो खोखा समेत बाइक बरामद
- कुणाल हत्याकांड के बदले में की गई फंटूश की हत्या
- पर्सनल दुश्मनी हो तो कानून का सहारा लें : एसपी



नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर के बीएन कॉलेज ग्राउंड के पश्चिम में बीते शुक्रवार को राकेश कुमार वर्मा ऊर्फ फंटूस की गोली मारकर की गई हत्या मामले का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने पकड़े गये आरोपियों के पास से हत्या में प्रयुक्त पिस्तौल भी बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपितों में हमीदगंज निवासी चंदन सिंह, पहाड़ी मुहल्ला के तारिक शाह, अघोर आश्रम सुदना के अमृतेश्वर सिंह ऊर्फ छोटका बाबू एवं चेयरमैन रोड के सोनू कुमार चंद्रवंशी शामिल हैं। इनमे चंदन सिंह पूर्व में पलामू के डॉन रहे कुणाल सिंह का भाई है। इस दौरान पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर एक देशी लोडेड कट्टा, एक 7.65 का पिस्तौल व दो गोली का खोखा के साथ एक बाइक बरामद की है। पूरे मामले की जानकारी देते हुए पलामू की एसपी रिष्मा रमेशन ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि कुणाल सिंह हत्याकांड का बदला लेने लिए फंटूस की हत्या की गई है। पुलिस की जांच में इसका खुलासा हुआ है।उन्होंने बताया कि फंटूस हत्याकांड की जांच व अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस की टीम गठित की गई थी। टीम ने पूरे मामले की जांच करते हुए हत्या के कारणों का खुलासा किया और अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि मृतक फंटूस कुणाल हत्याकांड का आरोपी था। वह इस मामले में जेल भी गया था। एसपी ने बताया कि फंटूस पर सोनू चंद्रवंशी ने गोली चलाई थी। उन्होंने बताया कि पकड़ा गया चंदन सिंह पहले भी अपहरण व रंगदारी के मामलों में जेल जा चूका है। इस दौरान एसपी श्रीमती रमेशन ने पलामू पुलिस की ओर से अपील करते हुए कहा कि पर्सनल दुश्मनी हो तो कानून का सहारा लें। कानून से बाहर जा कर किसी तरह का काम नहीं करें, अन्यथा पुलिसिया कार्रवाई भुगतनी होगी। बताते चलें कि वर्ष 2020 के जून माह में तब के पलामू के डॉन रहे कुणाल सिंह की हत्या बिल्कुल फिल्मी स्टाइल में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### फर्जी फेसबुक प्रोफाइल के जरिये

## अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने वाला गिरफ्त में

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** फर्जी फेसबुक प्रोफाइल बनाकर महिलाओं-युवतियों को जाल में फंसाने, उन्हें ब्लैकमेल करने और यौन शोषण करने वाले युवक मोहम्मद सद्दाम को गिरिडीह जिले की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरिडीह के गांवा थाना क्षेत्र का वादीडीह निवासी इस युवक ने एक महिला को मिलने के बहाने होटल में बुलाया और जबरन उसकी मांग में सिंदूर भर दिया। उसने महिला के पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देकर उसका यौन शोषण भी किया। आपत्तिजनक तस्वीरें उतारीं, वीडियो बनाया और उसे वायरल भी कर दिया। गिरिडीह के साइबर डीएसपी संदीप सुमन ने बताया कि पीड़िता ने बीते 9 सितंबर को इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। प्रारंभिक जांच में शिकायत सही पाए जाने के बाद पुलिस ने रविवार को उसे पारसनाथ रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया। वह महिला को जबरन अपने साथ कोलकाता ले जाने की कोशिश कर रहा था। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है। वह सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने और पॉक्सो एक्ट जैसे गंभीर मामलों में जेल जा चुका है। पीड़िता के मुताबिक फेसबुक पर साहिल नाम से प्रोफाइल बनाने वाले सद्दाम ने दोस्ती की। खुद को हिंदू बताया। उसने अपना परिचय इंजीनियर के रूप में दिया और कहा कि वह महाराष्ट्र में जॉब करता है। इसके बाद उसने महिला के फेसबुक प्रोफाइल से कुछ तस्वीरें उठाकर उन्हें एडिट करते हुए फर्जी वीडियो तैयार कर लिया और उसे भेजकर ब्लैकमेल करने लगा। उसने धमकी देकर महिला को मिलने होटल बुलाया। जबरन उसकी मांग में सिंदूर डाल दिया और कहा कि उसे हमेशा पत्नी की तरह रहना होगा। सद्दाम ने कहा कि उसे उसके साथ कोलकाता चलना होगा। जब महिला ने विरोध किया तब सद्दाम ने पूरे परिवार को जान से मारने और बहन का बलात्कार करने की धमकी दी। आखिरकार महिला ने अपने पति को पूरी जानकारी दी तब पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए महिला के फोन का इस्तेमाल किया।

## स्टालिन समेत अन्य के खिलाफ कोडरमा में परिवाद पत्र दायर

**कोडरमा।** सूचना अधिकार मंच सचिव आरके बसंत ने सनातन धर्म के खिलाफ जनप्रतिनिधियों द्वारा अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करने से आहत होकर अधिवक्ता रिशिकांत एवं प्रवीण सिंहा के माध्यम से न्यायालय में परिवाद सं 1890/23 दायर किया है। हिंदू होने के बाद भी सनातन धर्म की तुलना डेंगू, मच्छर, मलेरिया एवं कोरोना से करने वाले तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पुत्र उदय निधि स्टालिन जो विधायक सह कल्याण एवं खेल मंत्री हैं, ने तमिलनाडु प्रोगेसिव रायटर्स फोरम के सम्मेलन में उत्तेजक एवं भड़काऊ बयान देते हुए इसके उन्मूलन की बात कही। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पुत्र प्रियांक खड़गे जो विधायक एवं कर्नाटक सरकार में मंत्री है, ने इसका समर्थन करते हुए इसे बीमारी बताया। वहीं इन दोनों के बयान का समर्थन कर नीलगिरी, तमिलनाडु के सांसद ए राजा का कहना है कि उदय निधि ने सनातन के खिलाफ विनम्रता दिखाई जबकि यह एड्स से भी खतरनाक है। हैरत है कि भारत के संविधान को मानने वाले एवं जनता द्वारा चुने प्रतिनिधि सनातन धर्म के खिलाफ ऐसी सोच रखते हैं और आईएनडीआईए गठबंधन के नेता इस पर चुप्पी साधे हैं। सनातन के खिलाफ ऐसी ओछी टिप्पणी से सभी हिंदुओं की भावना पूरी तरह आहत है और राष्ट्रपति से इनकी सदस्यता समाप्त करने की मांग की गयी है।

### प्रमंडलीय रोजगार मेले में 11,850 चयनित युवाओं को मिला ऑफर लेटर

## युवाओं को रोजगार देना सरकार का लक्ष्य : आलमगीर



**रांची / हजारीबाग।** हजारीबाग के विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर में सोमवार को प्रमण्डलीय रोजगार मेला -सह- ऑफर लेटर वितरण समारोह का आयोजन हुआ। संसदीय कार्य - सह- ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि झारखंड सरकार तमाम चुनौतियों के बीच राज्य को मजबूती देने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में सरकार ने कई ऐसे निर्णय लिए हैं जो राज्य के विकास में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। राज्य तरक्की के मार्ग पर तेजी से अग्रसर है। हमारी सरकार ने हर वर्ग और हर तबके के लिए योजनाएं शुरू की है। अब आपको योजनाओं का लाभ लेने के लिए दफ्तरों का चक्कर नहीं लगाना पड़ता है, बल्कि सरकारी अधिकारी आपके दरवाजे पर जाकर आपकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं और योजनाओं से जोड़ रहे हैं।

**युवाओं का बना रहे हुनरमंद, उपलब्ध करा रहे रोजगार :** ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि कौशल प्रशिक्षण, राज्य के युवाओं को हुनरमंद बनाकर रोजगार से जुड़ने के नये अवसर दे रहा है। सीएमईजीपी से स्वरोजगार के लिए ऋण पाकर युवा व्यवसाय कर रहे हैं। बिरसा हरित ग्राम से सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था के साथ-साथ पर्यावरण की बेहतरी एवं लोगों को सम्पति का मालिक बनाने का कार्य कर रही है। इसके साथ ही उन्होंने सरकार की नीतियों, निर्णयों से जनक्लयाणकारी योजनाओं, उपलब्धयों को गिनाते हुए कहा कि दो वर्षों से पीएम आवास के लिए राज्य सरकार को पैसा नहीं मिल रहा है। साथ ही अबुआ आवास से वंचितों को तीन कमरे का आवास योजना शुरू किया जा रहा है। अबुआ आवास योजना के तहत सात से आठ लाख लोगों को आवास उपलब्ध कराया जाएगा।

**युवाओं को अपने ही घर में रोजगार देने का प्रयास :** श्रम मंत्री सत्यानन्द भोक्ता ने समारोह को संबोधित करते हुए ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### साइबर, नक्सल जैसे मुद्दों पर पांच राज्यों की पुलिस बनाएगी रणनीति

**रांची।** देश के पांच राज्यों की पुलिस एक साथ साइबर अपराध से लेकर नक्सली अभियान व खुफिया सूचनाओं के रियल टाइम शेयरिंग को लेकर रणनीति बनाएंगे। 15 सितंबर को राज्य पुलिस मुख्यालय में ईस्टर्न रीजनल पुलिस कॉर्डिनेशन कमेटी (ईआरपीसीसी) की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में आईबी के ज्वाइंट डायरेक्टर स्तर के अधिकारी के साथ साथ बिहार, बंगाल, ओड़िसा व छतीसगढ़ के आला पुलिस पदाधिकारी शामिल होंगे। बैठक की अध्यक्षता राज्य पुलिस के डीजीपी अजय कुमार सिंह करेंगे। सोमवार को राज्य पुलिस मुख्यालय में ईआरपीसीसी की तैयारियों को लेकर आला पुलिस अधिकारियों ने बैठक की।

### फैसला

### चिट फंड केस में हाईकोर्ट ने सरकार को दिया आदेश

# 45 दिन के अंदर कमेटी बनाकर निवेशकों को दिलायें पैसा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** नन बैंकिंग कंपनियों में पैसे जमा कर निकासी के लिए परेशान निवेशकों के हित में झारखंड हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। नन बैंकिंग अभिरक्षा निवेशक सुरक्षा समिति की जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिया है कि 45 दिन के भीतर हाई लेवल कमेटी बनाएं और निवेशकों के डूबे पैसे को मुहैया कराएं। झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा और न्यायाधीश आनंद सेन की अदालत ने यह आदेश देने के बाद सुनवाई की अगली तारीख आठ नवंबर निर्धारित की है। खास बात है कि हाईकोर्ट से रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी बनाने का आदेश दिया गया है। कमेटी में बोर्ड ऑफ रेवेन्यू के सचिव और सीबीआई के डीआईजी रैंक के अधिकारी सदस्य होंगे। कमेटी बनाकर 45 दिन के भीतर नोटिफिकेशन जारी करना है।





**क्या है पूरा मामला:** दरअसल, झारखंड में चिटफंड कंपनियों में निवेश के बाद पैसे वापसी के लिए निवेशक परेशान हैं। कंपनियों ने अधिक ब्याज का लालच देकर पैस तो जमा करा लिया, लेकिन बाद में लौटाने की बारी आई तो टालमटोल करने लगे। ऐसी चिटफंड कंपनियां आरबीआई के गाइडलाइन का उल्लंघन कर संचालित की जा रही थी। मामला उजागर होने के बाद सीबीआई ने कई चिटफंड कंपनियों को ब्लैक लिस्ट कर संपत्ति सीज कर दी थी। इसका सबसे ज्यादा असर छोटे निवेशकों पर पड़ा है। सीज किए गए पैसे एजेंसी की देखरेख में बैंकों में रखे गए हैं। इस मसले पर हाईकोर्ट में याचिका दायर हुई थी। कई राज्यों में कमेटी बनाकर चिटफंड कंपनियों को घोटालों के शिकार निवेशकों के पैसे लौटाए जा रहे हैं। अब झारखंड के निवेशकों के भी डूबे पैसे वापस दिलाए जाएंगे। बताते चलें कि मामले में पूर्व में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि सीआईडी के आईजी की अध्यक्षता में छह सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। यह कमेटी निवेशकों को चिन्हित कर पैसे वापस कराएगी, लेकिन हाईकोर्ट ने सरकार के इस प्रस्ताव को खारिज कर वन मैन कमेटी बनाने के लिए निर्णय लेने को कहा था, लेकिन इस दिशा में सरकार के स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं होने पर हाईकोर्ट ने तीन सदस्यीय कमेटी बनाने का आदेश जारी कर दिया है।

### 25000 करोड़ से अधिक रुपये चिट फंड कंपनियों में डूबे पड़े हैं

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता राजीव कुमार ने बताया कि झारखंड के लाखों लोगों के 25 हजार करोड़ से ज्यादा रुपए अलग-अलग चिटफंड कंपनियों में डूबे पड़े हैं। सभी कंपनियां अवैध तरीके से संचालित हो रहीं थी। इसको हाईकोर्ट ने बेहद गंभीर मसला बताते हुए लोगों के पैसे वापस लौटाने की दिशा में पहल सुनिश्चित कराने का आदेश दिया है।

### बाबूलाल मरांडी के सलाहकार सुनील तिवारी ने मुख्य सचिव को लिखा पत्र

## जतायी हत्या की साजिश की आशंका

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के राजनीतिक सलाहकार सुनील तिवारी ने अपनी हत्या की साजिश रचे जाने का अंदेशा जाहिर किया है। उन्होंने कहा है कि उन्हें इससे संबंधित जानकारी मिली है। तिवारी ने इस संबंध में राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह को पत्र लिखा है। इसके अलावे इसकी प्रतिलिपि प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, डीजीपी व एसएसपी रांची को भी भेजी है। सुनील तिवारी ने पत्र में लिखा है कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार में व्याप्त राजनीतिक संरक्षण में भ्रष्टाचार को लेकर मुखर रहने के कारण सरकार ने अगस्त 2021 में एक महीने के भीतर लगातार दो फर्जी मुकदमे दर्ज कर जेल भेज दिया। हाईकोर्ट ने जमानत प्रदान करने के आदेश में केस करने से लेकर गिरफ़्तारी तक में झारखंड पुलिस की हाईपर कार्यशैली पर तीखी व प्रतिकूल टिप्पणी की। सुनील तिवारी ने कहा है कि राज्य सरकार का व्यक्तिगत दुश्मनागत रवैया इस बात से समझा जा सकता है कि राज्य सरकार हाईकोर्ट से प्राप्त मेरा जमानत आदेश को रद्द कराने के लिये करीब आधे दर्जन वकील रखकर सुप्रीम कोर्ट गयी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने जमानत देने के हाईकोर्ट के आदेश को सही ठहराते हुए राज्य सरकार के जमानत रद्द करने के अनुरोध को पहली तारीख में ही खारिज कर दिया। दोनों मुकदमों अरगोड़ा थाना केस संख्या 229/21 और 255/21 में मुझ पर चार्जशीट भी कर दिया गया है। मामले की जांच सीबीआई से कराने का आदेश देने के अनुरोध पर माननीय हाईकोर्ट में सुनवाई हो रही है। सुनील तिवारी ने कहा कि हाल के दिनों में बाबूलाल मरांडी जी ने अवैध खनन, मुख्यमंत्री के जमीन घोटाले में संलिप्तता और कोयला से उगाही जैसे ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### जान का खतरा, लेकिन राज्य पुलिस के सामने स्रोत का खुलासा नहीं कर सकता : सुनील तिवारी



सुनील तिवारी ने कहा है कि उनके जान पर खतरा और परेशान करने की साज़िशों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली है, लेकिन राज्य में पुलिस के समक्ष अपनी सूचना के स्रोत और इस साजिश में शामिल लोगों का खुलासा नहीं कर सकता। केंद्र की किसी भी एजेंसी को वह पूरा विवरण बता सकते हैं। तिवारी ने कहा है कि उन्हें राजनीतिक पुर्वाग्रह ग्रस्त साज़िशों से सुरक्षा दी जाए, ताकि षड्यंत्रकारी मुझे या मेरे परिवार को किसी भी तरह का नुकसान न पंहुचा सकें।

# मनरेगा लोकपाल ने नौडीहा बाजार अंचल कार्यालय में लगाई जन अदालत

## मनरेगा कार्यों में 26वें स्थान पर है नौडीहा

### सप्ताह में तीन बार क्षेत्र को भ्रमण कर एवं मनरेगा कामों का निरीक्षण कर जिला को अपडेट करें: लोकपाल अधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**नौडीहा बाजार।** प्रखंड अंचल के बैठक में पलामू मनरेगा लोकपाल अधिकारी शंकर कुमार यादव के द्वारा लगाई गई जनअदालत में मनरेगा वर्कों के लिए अंचल कर्मियों को कई गाइडलाइन पालन करने का निर्देश दिया गया। मनरेगा वर्कों में वृद्धि न आने के कारण लोकपाल शंकर कुमार यादव ने ब्लाक कार्यक्रम पदाधिकारी बीपीओ दीपक कुमार सहित जय आई को भी कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि मनरेगा कामों में जो भी कमी है। वह सप्ताह में तीन बार क्षेत्र को भ्रमण कर एवं मनरेगा कामों को निरीक्षण कर जिला को अपडेट करें । लोकपाल शंकर कुमार यादव ने बताया कि अगर इस तरह मनरेगा कर्मी अपने क्षेत्र का भ्रमण कर एवं मनरेगा वर्कों को निरीक्षण नहीं करते हैं तो वैसे मनरेगा कर्मी बर्खास्त कर दिए जाएंगे। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल ने कड़ी निंदा के साथ मनरेगा विकास कर्मियों को चेतावनी दी। बताते चले की पलामू जिले का नौडीहा बाजार ऐसा प्रखंड है जो मनरेगा के लिए 26 वां स्थान पर है। लोकपाल शंकर कुमार यादव ने यह भी बताया कि वैसे भेंडर खाता धारक को चिन्हित किया जाएगा जिनके पास अपना दुकान नहीं है और वह भेंडर खाता धारक जो लाभुको पर दबाव बनाकर बोलते है की अलग दुकान से सामान खरीदकर बनाओ। तो वैसे खाता धारको पर कार्यवाई की जाएगी। मनरेगा लोकपाल शंकर कुमार यादव ने बताया कि योजना में अनियमिता की जो भी शिकायतें थी, वह किस योजना में अनियमित किया गया है। उसे देखने के बाद जो भी विधि संगत कार्यवाई होगा। उसको हम कड़ी निंदा के साथ कार्यवाई करेंगेमनरेगा लोकपाल शंकर कुमार यादव ने यह भी बताया कि हमारे कार्यालय के समक्ष में जिनके द्वारा जो भी योजना की जांच करने के लिए लिखित आवेदन दिया गया है उसे जांच की पूरी पुष्टि करने के पश्चात योजना गलत साबित होने पर उचित ढंग से कार्यवाई की जाएगी। मौके पर मौजूदा उपस्थित प्रमुख रेशमी देवी एवं कार्यक्रम पदाधिकारी दीपक कुमार बीस सूत्री अध्यक्ष उदय पासवान एवं कई ब्लॉक कर्मी सहित सभी पंचायत के मुखिया उपस्थित रहे।



NEWS इन ब्रीफ

### टेंपो चोरी कर बेलघाट में चोर इंजन व पार्ट्स खोलकर ले भागे

**हरिहरगंज।** वाहन मालिक सावधान हो जाए। यदि वे अपने घर के बाहर वाहनों को खड़ा करते हैं तो कभी भी सक्रिय चोर गिरोह उनके गाड़ियों से कीमती पार्ट-पुर्जे की चोरी कर सकते हैं। इसी तरह के मामले में सोमवार की अहले सुबह हरिहरगंज थाना के पथरा ओपी क्षेत्र अंतर्गत मझिगांवा बाजार निवासी राजेश्वर साव के घर के बाहर सड़क किनारे खड़े टेंपो गाड़ी थ्री व्हीलर वाहन को अज्ञात चोरों ने चोरी कर बेलाघाट ले गए। जहां चोरों ने टेंपो गाड़ी का इंजन, टायर ,लॉकिंग ग्लास सहित कीमती पाठ पुर्जे खोलकर ले भागें, तथा टेंपो की बॉडी को वहीं छोड़ दिया। जिसकी सूचना राजेश्वर साव द्वारा पथरा ओपी को दे दी गयी है। घटना की सूचना पर बसपा नेता अमित कुमार यादव, वार्ड सदस्य वकील साव, पवन गुप्ता, रोशन कुमार, जयकांत चौधरी, बुधन राम सहित कई ग्रामीण बेलघाट पहुंचकर चोरी की घटना का जानकारी लिये साथ ही टेंपो के बॉडी को राजेश्वर साव के घर पहुंचा दिया।

# विद्यालय परिसर में लगाये गये दर्जनों औषधीय पौधे

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** नगर पंचायत क्षेत्र के आयुष गांव अररुआ कला स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार वर्मा ने विभिन्न प्रकार के दर्जनाधिक औषधीय पौधारोपण किया। इस मौके पर डॉ. प्रमोद कुमार वर्मा ने कहा कि अगर यह तैयार हो जाता है, तो इससे कई बीमारियों की दवा के रूप में उपयोग किया जा सकता है तथा हमारे आसपास अगर पेड़-पौधे रहे तो हमारा वातावरण शुद्ध रहेगा। ऑक्सीजन की भी कमी नहीं होगी और हम निरोग रहेंगे। साथ ही सभी लोगों को अपील किया कि कम से कम अपने जीवन में 10 पौधा जरूर लगाना चाहिए। इस मौके पर प्रधानाध्यापक रविंद्र सिंह, एएनएम सरोजनी देवी, सहिया मीरा लता, शिक्षक नरेंद्र सिंह, नवनीत पासवान, राकेश कुमार, आनंद प्रसाद, अशोक कुमार आदि मौजूद थे।



### वर्षों से खराब हालत में पड़ा ट्रांसफार्मर

**नौडीहा बाजार।** प्रखंड के सुदूर इलाका पंचायत डगरा झारखंड की लास्ट बॉर्डर सीमा रायवार में विगत 5 वर्षों से जर्जर हालत में खराब पड़ा ट्रांसफार्मर को बिजली विभाग के अधिकारियों के द्वारा कोई शुध नहीं लिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि हम लोगों ने कई बार बिजली विभाग को लिखित आवेदन दिये। लेकिन बिजली विभाग के अधिकारियों के द्वारा कोई सुनवाई नहीं किया गया। बताते चले कि ग्रामीण से संज्ञान लेने के बाद पता चला की रायबार के ग्रामीण जनता काफी जर्जर हालत से गुजर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि हमारी परिस्थिती इतनी बिगड़ गई है कि हम लोगों का जीवन लाइट के अंधेरे में गुजर बसर हो रहा है। मौके पर उपस्थित ग्रामीण देवकुमार सिंह, लच्छू सिंह, सतेंद्र सिंह, संतोष सिंह, दिनेश सिंह, अशोक सिंह, उमेश सिंह कई ग्रामीण जनता उपस्थित रहे।

# भाजपा ने चलाया अपनी मिट्टी अपना देश कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बाजार।** अपनी मिट्टी अपना देश कार्यक्रम विश्रामपुर में अध्यक्ष अमरेश तिवारी के नेतृत्व तीन पंचायत तोलरा,भनडार ,गुरी में चल रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं ग्रामीण स्तर के बुद्धजीवी लोग शरीक हुए। यह कार्यक्रम शहीदों के सम्मान में उन्हें सदैव याद रखने के लिए भारतीय जनता पार्टी के द्वारा आयोजित की गई है। हर प्रखंड के पंचायत से घर-घर से मिट्टी लेकर प्रखंड को भेजना है और प्रखंड के माध्यम से यह मिट्टी प्रदेश को जाएगी। वहीं प्रदेश के माध्यम से दिल्ली तक ट्रेन के द्वारा भेजा जाएगा। जहां पहले से उपस्थित जिला के रहने वाले लोग सम्मान के साथ वह मिट्टी को कर्तव्य पथ तक ले जाएंगे। जहां शहीदों के सम्मान में अमृत वाटिका बनने वाली है, वहीं इस मिट्टी का उपयोग किया जाएगा। अपनी मिट्टी अपना देश कार्यक्रम पूरे जिले में 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस कार्यक्रम में उपस्थित उप प्रमुख विश्रामपुर सत्येंद्र सिंह, भाजपा नेता संजय चंद्रवंशी, महामंत्री आशीष पांडे, सुरेंद्र पाठक, विजय मिश्रा, अजय शर्मा, रमाकांत मिश्रा, अनुज मिश्रा, अंजनी कुमार मिश्रा, पंकज तिवारी, उपेंद्र तिवारी ,सोनी देवी ,धनंजय तिवारी, अमित तिवारी, धीरेन तिवारी, रामानंद तिवारी काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# ऐतिहासिक होगी बाबूलाल मरांडी की जनसभा : चंद्रवंशी

### आगामी 15 सितंबर को बाबूलाल मरांडी आयेंगे विश्रामपुर

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** संकल्प यात्रा के दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी आगामी 15 सितंबर को विश्रामपुर आयेंगे। जहां श्री मरांडी जनता उच्च विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इसकी जानकारी पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने प्रेसवार्ता आयोजित कर दी। उन्होंने कहा कि श्री मरांडी के संकल्प यात्रा की तैयारी जोरों पर है। उनके स्वागत हेतु पड़वा मोड़ से विश्रामपुर तक दर्जनों तोरण द्वार बनवाए जा रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ता ब्रहमोरीया मोड़ से बी मोड़ तक जगह जगह उनका भव्य स्वागत करेंगे। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि बाबूलाल मरांडी का यह प्रस्तावित कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। दावा किया कि विश्रामपुर की जनसभा में 25 हजार से भी ज्यादा लोग शामिल होंगे। जनसभा की सफलता हेतु भाजपा कार्यकर्ता जी जान से जुटे हुए हैं। उन्होंने आम लोगों से भी जनसभा में शामिल होने का अपील किया। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव और विधायक के प्रतिनिधि राजन पांडेय भी मौजूद रहे।

### अम्बेडकर फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

# उद्घाटन मैच में जमुआ दो गोल से विजयी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** महुरांव खेल मैदान पर राजद क्रीड़ा प्रकोष्ठ द्वारा अम्बेडकर फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें जमुआ की टीम ने कुरमीपुर की टीम को दो गोल से हराकर विजेता बन गयी। टूर्नामेंट का उद्घाटन पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, राजद के वरीय युवा नेता रवि यादव, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, राजद नेता बिनय कुमार सिंह यादव, राजद के प्रदेश सचिव जाकिर अली उर्फ राज अली, राज अली उर्फ, मुखिया संघ के अध्यक्ष श्रवण राम आदि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फुटबॉल को किक मारकर किया। उद्घाटन मैच कुरमीपुर व जमुआ के बीच खेला गया। जिसमें जमुआ की टीम 2-0 से विजयी रही। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने कहा कि हुसैनाबाद क्षेत्र के युवाओ में खेल की काफी प्रतिभा छिपी हुई है, जरूरत है इन्हें प्रेरित कर आगे बढ़ाने में हौसलाफजाई की। मौके पर राजद के युवा नेता रवि यादव ने कहा कि राजद क्रीड़ा प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित अम्बेडकर फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन खेल के क्षेत्र में युवाओं को आगे बढ़ाने और छुपी प्रतिभा को निखारने का एक माध्यम है। आपलोग इसका लाभ उठाये। आप इससे अपना कैरियर बनाने के साथ साथ राज्य एवं देश का मान सम्मान भी बढ़ा सकते हैं। मौके पर मुख्य रूप से राजद क्रीड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंदन कुमार, ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, सुदेश्वर राम, शिवशंकर यादव, प्रमोद सिंह ,कमाख्या सिंह समेत काफी संख्या में दर्शक मौजूद थे।



### विश्रामपुर के आरसीआईटी कॉलेज में नये सत्र की हुई शुरूआत

**विश्रामपुर।** रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विश्रामपुर के आरसीआईटी व आरसीपीआई कॉलेज का नया सत्र सोमवार से शुरू हुआ। इस शैक्षणिक सत्र में 350 छात्र - छात्र इंजीनियरिंग की पढ़ाई करेंगे। सत्र का शुभारंभ समारोह पूर्वक किया गया। जिसका उद्घाटन आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी व कुलपति डॉ कल्याण कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। कुलाधिपति श्री चंद्रवंशी ने नये सत्र के छात्र छात्राओं को कॉलेज के नियमो की जानकारी देते हुए उसके पालन का निर्देश दिया। उन्होंने बच्चों को कई टिप्स भी दी। कुलपति डा कल्याण कुमार ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ संस्कार और अनुशासन बहुत जरूरी है। विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव ने कहा कि सभी बच्चे इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी कर देश के प्रगति में अपनी भूमिका को तय करेंगे। मौके पर रजिस्टार डॉ देवाशीष मंडल,डीन इंजीनियरिंग एंड साइंस के डॉ एनके अग्रवाल,आरसीआईटी के प्रिंसिपल डॉ अनीता सिंह,डॉ रवि कुमार,रिसर्च एंड डेवलपमेंट अधिकारी डॉक्टर अविनाश कुमार सहित सभी विभाग के पदाधिकारी एवं शिक्षक मौजूद थे।

### पाटन क्षेत्र से मिट्टी उठाकर भेजी गई दिल्ली

**पाटन ।** केंद्र सरकार के निर्देशानुसार मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम की शुरूआत पाटन प्रखंड के सिक्की कला गांव से प्रारंभ हुई। इस कार्यक्रम में विधायक पुष्पा देवी एवं पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार उपस्थित थे। हाई स्कूल के मैदान में बने शहीद स्मारक स्थल से मिट्टी लेना प्रारंभ किया गया। इसके उपरांत घर-घर घूम कर इस कार्यक्रम के बारे में, नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों के बारे में, भारतीय जनता पार्टी के कार्यक्रम के बारे में लोगों को अवगत कराया गया। मिट्टी क्लास में भरकर केंद्र सरकार के पास रखी जाने के लिए भेजी जाएगी। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने की। इस कार्यक्रम में जिला कार्यकारिणी सदस्य अशोक तिवारी, निरंजन पासवान, अरुण दुबे, विधायक प्रतिनिधि संजय कुमार सिंह, इत्यादि सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल थे।

### बसपा विधान सभा प्रभारी के साथ मारपीट, मामला दर्ज

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के रविदास नगर मुहल्ला निवासी व बसपा के हुसैनाबाद- हरिहरगंज विधान सभा प्रभारी बिरेंद्र राम को मारपीट कर घायल कर दिया गया है। इस संबंध में बिरेंद्र राम ने हुसैनाबाद थाना में रविदास नगर निवासी छोटू कुमार, विशाल कुमार, राहुल कुमार, मेहुल कुमार, गीता देवीआदि के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है।

**कार्यालय नगर पंचायत, लातेहार**

**अतिअल्पकालिन कोटेशन आंमत्रण सूचना सं० 03/2023–24**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रशासक नगर पंचायत, लातेहार द्वारा विभिन्न विकास योजनाओं के निरीक्षण, अनुश्रवण, विभागीय बैठक में भाग लेने के साथ–साथ अन्य कार्यो के निष्पादन हेतु नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय को सभी कर सहीत बीना चालक के मासीक भाडे पर सभी वाहन सुरक्षा मानको के साथ सुसज्जित चार पहीया वाहन (SUV Model/ Bolero SLX/ Scorpio Latest Model) की आवश्यकता है। नगर पंचायत, लातेहार द्वारा वाहन को भाडें पर लेने के क्रम में नये Model के चार पहीया वाहनों को प्राथमीकता दी जायेगी। इच्छुक फर्म/संवेदक/संस्था/व्यक्ति से दिनांक 20.09.2023 तक अपने वाहन की मासीक भाड़ा विवरणी सभी कर सहित अंकीत करते हुए अपना कोटेशन नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। संबंधित वाहन के कोटेशन के साथ वाहन का निबंधन प्रमाण पत्र, इंश्योरेंस, टैक्स का प्रमाणक, प्रदुषण प्रमाण पत्र, इत्यादि जमा करना आवश्यक होगा। साथ ही संबंधित वाहनों के मालिको के द्वारा अपने वाहन का कार्यालय में निरीक्षण एवं जॉच कराने के उपरान्त ही अपना कोटेशन नगर पंचायत लातेहार के कार्यालय में निर्धारित तिथि तक जमा करेगें। प्राप्त कोटेशनदाताओं से दर प्राप्त होने के उपरांत न्युनतम दरदाता की स्वीकृति प्रदान करते हुये कार्यादेश निर्गत की जायेगी। वाहन का चयन हो जाने के उपरान्त वाहन मालीक के साथ अस्थाई रूप से अगले छः माह हेतु एकरारनामा किया जायेगा। वाहन परिचालन के दौरान वाहन में होने वाली सभी तरह के खराबी को तत्तकाल बनवाने की जिम्मेवारी संबंधित वाहन मालीक की होगी। इस संबंध में विशेष जानकारी कार्यालय के कार्य दिवस में नगर प्रबंधक, नगर पंचायत, लातेहार से ली जा सकती है। किसी भी समय इस कार्य को रद्ध करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार।

PR.NO.306566 Urban Development(23-24):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू**

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – EE/RDSD/PALAMAU-03/2023-24/Re-01 P.R. No.304027

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पलामू जिला के प्रखण्ड पड़वा अन्तर्गत ग्राम सिक्का गड़ेरियाडीह पथ में दुर्गावती नदी पर पुल निर्माण। | 2,77,59,566.00 | 555500.00 | 10000.00 | 18 माह। |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 15.09.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 15.09.2023 से दिनांक 23.09.2023 को अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 25.09.2023 अपराह्न 05.00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान:–
   i. ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू/जिला नियंत्रण कक्ष, पलामू।
   ii. ग्रामीण विकास विशेष अंचल, पलामू/जिला नियंत्रण कक्ष, पलामू।
   iii. E-procurement cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0एफ0पी0 भवन धुर्वा, राँची।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोशित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान– E-procurement cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0एफ0पी0 भवन धुर्वा, राँची।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय–26.09.2023 अपराहन 2.00 बजे।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, पलामू।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ को दूरभाष सं0–9304798195 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू

PR 306608 District(23-24)#D

**कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू (समाज कल्याण शाखा),)जिला बाल संरक्षण इकाई)**
Email ID - dcpspalamu@gmail.com

**: आवश्यक सूचना :**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बाल कल्याण समिति, पलामू के द्वारा एक अज्ञात बालक जिसका नाम संतोष कुमार (उम्र लगभग 02 वर्ष रंग गोरा)। होने की सूचना तुम्बागढ़ा मिशन हॉस्पीटल, सतबरवा, जिला पलामू से प्राप्त हुआ। तत्पश्चात जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, पलामू के द्वारा बालक को अपने संरक्षण में लेकर मिशन ऑफ चैरिटीज मेदिनीनगर, पलामू में देख–रेख एवं संरक्षण हेतु रखा गया है। यदि इस बालक के जन्म दाता माता–पिता इस बालक पर अपना दावा पेश करते है, तो प्रकाशित सूचना के 60 दिनों के अन्दर अपना उचित प्रमाण पत्र के साथ अपना दावा पेश करते हुए बाल कल्याण समिति, पलामू/जिला बाल संरक्षण इकाई (समाज कल्याण), पलामू पुराना कमीशनरी, डी0सी0 बंगला के सामने, पलामू से सम्पर्क करें। अन्यथा किशोर न्याय, (बालको के देखभाल संरक्षण) नियम 2016 के तहत बालक को दत्तक ग्रहण हेतु वैधानिक रूप से मुक्त घोषित कर दिया जायेगा, इसके बाद किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

दुरभाष संख्या 9471512763, 9431739722, 9430324827 एवं 8709121244 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
पलामू

PR 306627 District(23-24)#D

**जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू।**

**अति अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण**

एतद् द्वारा जिला पलामू के स्थानीय मत्स्य बीज उत्पादको/प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग ( मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश सं0 12/दिनांक 06/07/2023 (वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु) के आलोक में जलाशयों में मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा देने तथा मत्स्य उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु वित्तीय वर्ष 2023–24 में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजनान्तर्गत जिले में अवस्थित छोटे–बड़े जलाशयों एवं विभिन्न प्रखण्डों में अधिष्ठापित आर0एफ0एफ0 में मत्स्य अंगुलिकाओं का संचयन किया जाना है। जिसमें अधोहस्ताक्षरी को मेजर कार्प/ग्रास कार्प मत्स्य अंगुलिकाओं का आपूर्ति किया जाना है। जलाशयों में मत्स्य अंगुलिकाओं का संचयन हेतु लक्ष्य मेजर कार्प का 17 (सतरह) लाख एवं ग्रास कार्प अंगुलिकाओं का लक्ष्य 06 (छः) लाख है।

इच्छुक स्थानीय/प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों से मत्स्य अंगुलिकाओं की आपूर्ति हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति का **आवेदन आमंत्रित दिनांक 23/09/2023 तक कार्यालय अवधि (10:00AM. To 05:00PM) में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा किया जा सकता है।** आवेदक के पास संचित बीज का अवलोकन क्षेत्र प्रभारी से कराना अपेक्षित है। आवेदन के साथ संचित बीजों का फोटोग्राफ, बैंक खाता, आधार की छायाप्रति एवं सही संख्या में गुणवत्ता वाला बीज आपूर्ति हेतु शपथ प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

**मत्स्य अंगुलिकाओं के आपूर्ति से संबधित शर्ते निम्नवत् होंगे :–**

1. आपूर्तिकर्त्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) को जलाशयों तक मत्स्य अंगुलिकाओं को अपने खर्च पर जीवित तथा स्वस्थ्य अवस्था में पहुँचाना होगा।
2. आपूर्तिकर्त्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) के द्वारा जिस तालाब मे मत्स्य अंगुलिकाएँ तैयार किया जा रहा है, उस तालाब का पूर्ण विवरण मत्स्य बीज की प्रजातिवार उपलब्धता, संख्या, साईज एवं पूर्ण पता मोबाईल नं0 के साथ कार्यालय को अवगत कराना अनिवार्य होगा। जिससे संचयन के पूर्व उनकी जाँच कराई जा सके।
3. जिन मत्स्य बीज उत्पादको को अधोहस्ताक्षरी के स्तर से मत्स्य अण्ड बीज आपूर्ति की गई है। उन्हें प्राथमिकता दी जायेगी।
4. आपूर्तिकर्त्ताओं का सरकार द्वारा निर्धारित दर 750/– रू0 प्रति हजार मेजर कार्प मत्स्य अंगुलिका एवं 1500/– प्रति हजार ग्रास कार्प मत्स्य अंगुलिका पर मत्स्य अंगुलिकाओं का आपूर्ति करना होगा।
5. कार्यादेश के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण मत्स्य अंगुलिकाओं की आपूर्ति न किये जाने की स्थिति में निर्गत कार्यादेश रद् करते हुए अन्य मत्स्य बीज उत्पादकों को आपूर्ति हेतु कार्यादेश निर्गत की जाएगी एवं इस संबंध में अधोहस्ताक्षरी सक्षम पदाधिकारी होंगें तथा आवेदक का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।
6. आपूर्ति के बाद आपूर्तिकर्ता द्वारा अभिश्रव प्रस्तुत किये जाने के उपरान्त कोषागार द्वारा विपत्र पारित होने के बाद स्वंय के बैंक के खाता में राशि डी0बी0टी0 के माध्यम से उपलब्ध करायी जायेगी।
7. आवेदन का फार्म कार्य दिवस में जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू से निःशुल्क प्राप्त किया जाएगा एवं आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 23/09/2023 होगी।

(मो0 कमरूज्जमाँ)
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,पलामू।

PR 306569 (Fish) 23-24 (D)

**कार्यालय-सहायक निबंधक सहयोग समितियाँ-सह-संचालन पदाधिकारी, गुमला अंचल गुमला**

**विशेष सूचना**

मैं मंजू बिरजिनिया एक्का, सहायक निबंधक सहयोग समितियाँ गुमला अंचल ,गुमला सह संचालन पदाधिकारी प्राथमिक सहयोग समितियाँ झारखण्ड सहकारी सोसाईटी नियमावली 1959 के नियम 21 (घ) (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए गुरदरी लैम्पस लि०, प्रखण्ड–बिशुनपुर, जिला गुमला के प्रबंधकारिणी समिति के गठन हेतु विशेश आम सभा (निर्वाचन) सम्पन्न कराने के लिए श्री प्रमोद कुमार, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, कार्यालय–सहायक निबंधक स०स०, गुमला अंचल गुमला एवं श्रीमति अंजू कुमारी, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, कार्यालय–सहायक निबंधक स०स०, गुमला अंचल गुमला को क्रमशः निर्वाचन पदाधिकारी एवं अनुकाल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्त करते हुए झारखण्ड सहकारी सोसाईटी नियमावली 1959 के नियम 21 (ख) (3) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त समिति के प्रबंधकारिणी समिति के गठन हेतु झारखण्ड सहकारी सोसाईटी नियमावली 1959 के नियम 21 (ग) तथा 21 (ड़) के अधिन निम्नांकित कार्यक्रम निर्धारित करता हूँ तथा उपर्युक्त नियुक्त पदाधिकारियों को निर्देश दिया जाता है कि वे झारखण्ड सहकारी सोसाईटी अधिनियम 1935, झारखण्ड सहकारी सोसाईटी नियमावली 1959, समिति की निबंधित उप विधियों तथा विभागीय परिपत्रों में वर्णित प्रावधानों के अनुरूप कार्रवाई करेंगे।

| क्र० सं० | कार्यक्रम | तिथि | समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नामांकन दाखिल करना | 06-11-2023 | 10:00 – 02:00 P.M. | निर्वाचन संबंधी सभी कार्यक्रम गुरदरी लैम्पस मुख्यालय में होगा । |
| 2 | नामांकन पत्रों की जाँच | 06-11-2023 | 02:00 – 04:00 P.M. | |
| 3 | नामांकन सूचि का प्रदर्शन | 06-11-2023 | 05:00 P.M. | |
| 4 | नामांकन पर आपत्ति प्राप्त करना | 07-11-2023 | 10:00 – 01:00 P.M. | |
| 5 | प्राप्त आपत्तियों पर निष्पादन | 07-11-2023 | 02:00 – 04:00 P.M. | |
| 6 | विधि मान्य नामांकन सूचि का प्रदर्शन | 07-11-2023 | 04:30 P.M. | |
| 7 | नामांकन की वापसी | 08-11-2023 | 10:00 – 12:00 P.M. | |
| 8 | नामांकन की वापसी, यदि कोई हो के पश्चात् नामांकन सूचि का प्रदर्शन | 08-11-2023 | 01:00 P.M. | |
| 9 | चुनाव चिन्ह का आवंटन | 08-11-2023 | 02:00 P.M. | |
| 10 | मतदान (निर्वाचन की स्थिति में) | 17-11-2023 | 08:00 – 03:00 P.M. | |
| 11 | मतगणना (मतदान की स्थिति में) | 17-11-2023 | मतदान के उपरान्त | |
| 12 | मतगणना के उपरान्त विशेष आम सभा में निर्वाचन परिणाम की घोषणा | 17-11-2023 | मतगणना के उपरान्त | |

सहायक निबंधक स० स०
गुमला अंचल, गुमला–सह–
संचालन पदधिकारी

PR 306578 Co-opretive (23-24)_D

**NEWS इन ब्रीफ**

## सर्पदंश से किशोर की मौत



**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के निमियादोहर गांव निवासी भोला राम का 15 वर्षीय पुत्र अनुज कुमार की सर्पदंश से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार वह घर के आंगन में निकला था और सांप पर पैर पड़ा और सर्प ने डंस लिया। परिजनों ने इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में पहुंचे, जहां चिकित्सक ने प्रारंभिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए रविवार को बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। जहां रास्ते में ही बच्चे की मौत हो गई। परिजन रात में ही शव लेकर हुसैनाबाद अस्पताल पहुंचे, जहां पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। वहीं रो-रोकर परिजनों का बुरा हाल है व गांव में शोक की लहर है।

# भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के छतरपुर थाना की पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब को जब्त किया है। पुलिस ने मौके से तीन शराब तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। सभी से पूछताछ की जा रही है। दरअसल, पलामू पुलिस को सूचना मिली थी कि छतरपुर थाना क्षेत्र के इलाके में शनिवार को एक बड़ी शराब की खेप पहुंची है और उसे छुपाया गया है। शराब का यह खेप रविवार की रात बिहार के इलाके में जाने वाली थी। इसी सूचना के आलोक में पलामू जिले के छतरपुर थाना की पुलिस ने छापेमारी की और शराब की खेप को जब्त कर लिया। छापेमारी में 345 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गयी है। शराब की यह खेप पलामू के छतरपुर थाना क्षेत्र के चौखडा गांव के बरछाही टोला में लल्लू यादव के घर मे रखी गयी थी। पुलिस ने मौके से लल्लू यादव के भाई, बेटा और एक अन्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस की एक टीम सभी से पूछताछ कर रही है। पकड़े हुए शराब तस्करों से पूछताछ के बाद पुलिस को कई मामलों की जानकारी मिली है। जिसके बाद झारखंड और बिहार की पुलिस संयुक्त रूप से कई इलाकों में छापेमारी कर रही है। छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार ने बताया कि छापेमारी में अवैध शराब को जब्त किया गया है। मामले में आगे की छानबीन की जा रही है। बरामद शराब और अन्य सामग्री का भी आकलन किया जा रहा है। साल 2021 में भी मौके से 500 गैलन अवैध स्प्रिंट को जब्त किया गया था।



## व्यक्ति को लाठी डंडे से पीट कर किया घायल

**मेदिनीनगर।** मनातू थाना क्षेत्र के ग्राम खरीगदाग निवासी सोमारू यादव उम्र 50 वर्ष को महुआ चुनने के पुराना विवाद को लेकर रविवार की रात करीब 8:00 बजे गांव के ही तेतर भुइयां और धनेश भुइयां ने लाठी डंडे से पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना के बारे में सोमरू भुइयां ने बताया कि कुछ महीने पहले महुआ चुनने को लेकर उसका गांव के तेतर भुइयां और धनेश भुइयां से झगड़ा हुआ था। इसी मामले को लेकर रविवार की रात तेतर भुइयां और धनेश भुइयां के द्वारा सोमारु भुइयां को लाठी डंडा से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए मनातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

# अज्ञात अपराधियों ने युवक को मारा चाकू, स्थिति गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पाटन नावाजयपुर थाना क्षेत्र के महौलिया निवासी अकलु साव के पुत्र सुनील प्रसाद उम्र 30 वर्ष को अज्ञात अपराधियों ने चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना के बारे में बताया जाता है कि सुनील प्रसाद नावा स्टेन में खड़ा था। इस बीच अज्ञात अपराधियों ने उसे चाकू मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही नावाजयपुर की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुड़ गई है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर नावाजयपुर मुखिया मनोज कुमार, पंकज सोनी, अनवन हुसैन सहित अन्य समाजसेवी सदर अस्पताल पहुंचकर घायल की अपने देखरेख में इलाज करवा रहे हैं।



## टेम्पु व बाइक की टक्कर में तीन घायल

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर -इटको मुख्यमार्ग पर कुश्माहा मोड़ के समीप टेम्पु व बाइक की आमने सामने की भीषण टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए है। जिन्हे रास्ते से गुजर रहे बीजेएमसी जिला अध्यक्ष ऋतु राज मिश्रा ने अपने निजी वाहन से सीएचसी विश्रामपुर में लाकर भर्ती करवाया। जहां चिकित्सक डॉ एमएम प्रसाद ने तीनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल मेदिनी नगर रेफर कर दिया। वहीं घायलों में रंजन सिंह,अवध सिंह व ओम प्रकाश यादव का नाम शामिल है।

# ट्रेन की चपेट में आकर 57 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम कठौन्धा निवासी स्वर्गीय चतुर्गुण भुइयां के पुत्र यदु भुइयां उम्र 57 वर्ष की सोमवार की सुबह ट्रेन से कटकर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह शहर थाना की पुलिस को सूचना मिली थी की शहर थाना क्षेत्र के रामनगर रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है। घटना की जानकारी मिलते ही शहर थाना के एएसआई अनिल कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिये हैं।वहीं इस घटना के बाद से पुलिस मृतक के परिजनों का पता लगाने में जुट गई है। यदि कोई भी व्यक्ति इस आदमी को पहचानते हैं तो उनके परिजन को सूचना देने का कृपा करें।

### उपायुक्त ने की आपूर्ति विभाग की समीक्षा

# खाद्यान्न वितरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : पलामू उपायुक्त

**बैठक में उपायुक्त श्री रंजन ने विभिन्न एजेंडों पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन ने सोमवार को आपूर्ति विभाग की समीक्षा की। समाहरणालय के सभागार में आयोजित बैठक में उपायुक्त श्री रंजन ने विभिन्न एजेंडों पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने एनएफएसए,ग्रीन कार्ड,सोना-सोबरन धोती साड़ी योजना,आदिम जनजाति परिवार कल्याण योजना आदि का प्रखंडवार समीक्षा करते हुए शत-प्रतिशत योग्य लाभुकों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। इसके पूर्व उन्होंने डीएसओ प्रीति किस्कू से जिले में विभिन्न कार्डधारियों की संख्या, गोदाम से डीलर तक राशन पहुंचाने वाले वाहनों की संख्या से अवगत हुए। उपायुक्त ने ग्रीन राशन कार्ड में पेंडेंसी की प्रखण्डवार समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी बीएसओ को उनके लॉगिन में पड़े आवेदनों का वेरिफिकेशन के पश्चात डीएसओ लॉगिन में भेजने की बात कही। उन्होंने कहा कि वैलिड डॉक्यूमेंट के बगैर डीएसओ लॉगिन में आवेदन भेजने पर संबंधित पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। इसी तरह उपायुक्त ने सोना-सोबरन धोती साड़ी योजना अंतर्गत धोती-साड़ी लुंगी का वितरण ससमय करने के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने शत- प्रतिशत आधार सीडिंग पर बल दिया। उन्होंने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को पीवीटीजी परिवारों को ससमय खाद्यान्न उपलब्ध करवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि खाद्यान्न वितरण में देरी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। मौके पर उपरोक्त के अलावे सभी एजीएम व एमओ सहित एफसीआई के अकाउंटेंट पंकज तिवारी आपूर्ति विभाग के अजय पांडेय उपस्थित थे।



# आचार्य विनोबा भावे की 128वीं जयंती मनायी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में भारत रत्न आचार्य विनोबा भावे की 128वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता उदय राम ने की। संचालन संजय कुमार ने किया। सर्वप्रथम विनोबा भावे की तस्वीर पर फूल माला चढ़कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई।मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि आचार्य विनोबा भावे अहिंसा के पुजारी थे वह भारतीय स्वतंत्रता सेनानी महान चिंतक सामाजिक कार्यकर्ता तथा प्रसिद्ध गांधी वादी नेता थे 11 सितंबर 1895 को जन्मे विनोबा भावे सर्वोदय आंदोलन एवं भूदान आंदोलन के प्रणेता के रूप में सुपरिचित विनोबा भावे ने सर्वोदय समाज के स्थापना की। इसका मुख्य उद्देश्य अहिंसक तरीके से देश में सामाजिक परिवर्तन लाना था। इस कार्यक्रम में वह खुद पदयात्री बने, गांव-गांव में घूम कर भूखंड दान करने की अपील की। विनोबा भावे ने चंबल के डाकुओं से आत्म समर्पण करने के लिए प्रेरित किया। उन्हें सामुदायिक नेतृत्व के लिए अंतरराष्ट्रीय मैगसेसे पुरस्कार मिला था। 1983 में मरणोपरांत उनको भारत रत्न से सम्मानित किया गया। विनोबा भावे को भारत का राष्ट्रीय अध्यापक और महात्मा गांधी का आध्यात्मिक उत्तराधिकारी समझा जाता है मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने उपस्थित लोगों से कहा कि विनोबा भावे के आदर्शों को अपनाने से ही देश का सर्वांगीण विकास एवं हिंसा मुक्त समाज का निर्माण हो सकता है इस अवसर पर शिव नारायण साहू विजय राम अनिल राम श्याम पाठक प्रदुमन तिवारी संजीत पासवान राम पुकार विश्वकर्मा सैनिक पासवान राम नरेश महतो संतोष कुमार यशवंत कुमार सतीश दुबे मनोज कुमार नन्हक। राम नरेश महतो ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# डैम से मिला विवाहिता का शव

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लेस्लीगंज थाना की पुलिस ने कुबवा डैम से रविवार की शाम एक महिला का शव बरामद कर उसे पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स भेज दिया है। मृतक महिला की पहचान पांकी थाना क्षेत्र के ग्राम गोइंदी निवासी राघो यादव की पुत्री किरण कुमारी उम्र 18 वर्ष के रूप में की गई है। इस घटना के बारे में लड़की के पिता राघो यादव ने लेस्लीगंज थाना में आवेदन देकर पुलिस को बताया है कि हमारी पुत्री किरण कुमारी का विवाह हिंदू रीति रिवाज के साथ लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पिंडरा निवासी नंदू यादव के पुत्र वीरेंद्र कुमार यादव के साथ 15 मार्च 2023 को हुआ था। शादी के बाद से ससुराल में पति और सास ससुर के द्वारा दहेज को लेकर हमेशा किरण को प्रताड़ित किया जाता था। 25 दिन पहले ही जब ससुराल वाले किरण को प्रताड़ित कर रहे थे तो परिजन किरण के ससुराल पहुंचकर ससुराल वालों को समझा बुझा कर मामला को शांत कराये थे। इसके बाद 9 सितंबर दिन शनिवार को कुछ बात को लेकर फिर से किरण का ससुराल में सास ससुर से झगड़ा हो गया। इसी बीच किरण प्रताड़ना से तंग आकर अपने ससुराल के पास डैम में कुद कर आत्महत्या कर ली। थाना में मामला दर्ज होने के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है। वहीं लेस्लीगंज थाना प्रभारी गौतम कुमार राय ने बताया कि किरण कुमारी के परिजनों द्वारा थाना में आवेदन दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आरोपियों के ऊपर कार्रवाई की जाएगी।



## भाजपा नगर मंडल ने किया घरों से मिट्टी संग्रह

**मेदिनीनगर।** भाजपा नगर मंडल मेदिनीनगर द्वारा वार्ड नंबर 11 नगर निगम क्षेत्र में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम चलाकर घर-घर जाकर लोगों से उनके घर की मिट्टी मांगकर संग्रह करते हुए भाजपा नेताओं ने कहा कि मा० प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश स्तर पर यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। घर-घर से संग्रहित होकर मिट्टी राजधानी दिल्ली जाएगी और वहां बीर शहीदों की याद में उनकी प्रतिमाएं बनकर लगेगी और उनके नाम से पार्क का निर्माण कराया जाएगा जो दर्शनीय होगा। बहुत से ऐसे बलिदानी लोग हैं जो देश की आजादी के लड़ाई में अपने प्राण न्योछावर किए थे। परंतु आज तक इतिहास में उनका नाम दर्ज नहीं है। ऐसे ही वीर सपूतों के सम्मान में मोदी सरकार उनके स्मारक एवं पार्क बनाने जा रहा है इससे सभी देशवासियों में राष्ट्रभक्ति की भावना भी जागृत होगी। कार्यक्रम में भाजपा नेता मनोज सिंह मंगल सिंह नरेंद्र पांडे भोला सिंह शिवकुमार मिश्र अविनाश वर्मा उर्फ छोटू सिंह दीपक सिंह नंदलाल गुप्ता सुशील श्रीवास्तव विकास सिंह अनिल सोनी दीपक सिंह जीवन लट संजीव पेंटर सतीश कुमार देवकी प्रसाद पप्पू कुमार अजीत आनंद दुबे नारायण शाह अजय ठाकुर मनदीप प्रजापति किशोर सिन्हा पिंकू सिंह सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पलामू प्रमंडल के पाटन-छतरपुर में आम आदमी पार्टी की सेंध

# पंचायत स्तर तक पहुंचा आम आदमी पार्टी का संगठनः राकेश तिवारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गत दिनों आम आदमी पार्टी की प्रदेश कमेटी के बैठक में लिए गए संगठन विस्तार के निर्णय को विस्तार देते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र चौबे की अध्यक्षता में और पलामू जिले के कार्यकारी अध्यक्ष राकेश तिवारी के नेतृत्व में पाटन-छतरपुर के किशुनपुर के पँचखेड़िया रोड में आज अनिल पासवान तथा उनके साथ सैकड़ो समर्थकों ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र चौबे ने कहा कि भ्रष्टाचार और तमाम समस्याओं का दर्द झेल रहे झारखंड को अब सिर्फ अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी से उम्मीदें हैं, और पलामू में आम आदमी पार्टी का बढ़ता प्रभाव इस बात का सूचक है कि पलामू की जनता बिजली, पानी, सड़क और सुखाड़ जैसी वृहद समस्याओं के निदान के लिए आम आदमी पार्टी की ओर देख रही है। सभा को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी की ओर से पार्टी के तमाम नेताओं ने भी अपनी बात रखी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र चौबे, पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार नाथ जायसवाल, किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमोद पांडे, पलामू जिले के जिला संयोजक चंद्रबली चौबे, पलामू जिला कार्यकारी अध्यक्ष राकेश तिवारी कार्यकारी सचिव सुधिर कुमार, ओमप्रकाश दुबे, ओमप्रकाश गुप्ता, राजीव रंजन यादव, अमन अंसारी,जॉन इब्राहम, मुना कुमार, रमेश उराँव, सुशील, पुरोशतम तिवारी और बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# तीन दिवसीय ट्रेनिंग से लौटी पीटीआर की 28 सदस्यीय टीम

**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर। पलामू टाइगर रिजर्व के 28 सदस्यीय टीम कान्हा टाइगर रिजर्व मध्य प्रदेश से लौट आई है।यह टीम कान्हा टाइगर रिजर्व मध्य प्रदेश में तीन दिवसीय ट्रेनिंग में भाग लेने गई थी। यह तीन दिवसीय ट्रेनिंग 7 सितंबर से शुरू होकर 9 सितंबर को समाप्त हुयी। पलामू टाइगर रिजर्व की टीम की अगुवाई क्षेत्र निदेशक कुमार आशुतोष कर रहे थे। इनके साथ दक्षिणी प्रमंडल के उपनिदेशक पी.के जैना और उत्तरी प्रमंडल के उपनिदेशक कुमार आशीष थे। इस 28 सदस्यीय टीम ने पलामू टाइगर रिजर्व के तीन रेंजर , एक बायोलॉजिस्ट ,फॉरेस्ट गार्ड और ट्रैक्टर्स भी शामिल थे। पी.के जैना ने प्रेस को बताया के इस तीन दिवसीय ट्रेनिंग में ,जो कान्हा टाइगर रिजर्व में हुई, उन लोगों ने बोम्मा तकनीक जाना और समझा। बोम्मा तकनीक अफ्रीकी देशों में वन प्राणियों के लिए काफी अपनाया जाता है। बोमा तकनीक में वन प्राणियों को एक जगह से दूसरी जगह उनके सुविधा अनुसार ट्रांसफर किया जाता है। पी.के जैना ने बताया हमारे यहां चीतल की संख्या अधिक है और यह चीतल केवल बेतला नेशनल पार्क में है। जो उत्तरी प्रमंडल पलामू टाइगर रिजर्व में पड़ता है। लेकिन दक्षिणी प्रमंडल पलामू टाइगर रिजर्व में चीतल दिखाई नहीं देते हैं। अतः बोमा पद्धति से इन चीतलों को दक्षिणी प्रमंडल में ले जाने की व्यवस्था की जा सकती है। जहां उन्हें सॉफ्ट रिलीज सेंटर में रखा जाएगा। यह पूछे जाने पर की चीतल को क्यों बोम्मा पद्धति से ले जाने की बात उठ रही है? पी.के जैना ने प्रेस को बताया कि इससे वह वन्य प्राणी जो मांसाहारी हैं, उनको भोजन की कमी नहीं होगी।



## बसपा ने किया प्रमोद रवि को निष्कासित

**मेदिनीनगर।** बहुजन समाज पार्टी झारखण्ड प्रदेश के मुख्य प्रभारी मा. गयाचरण दिनकर पूर्व मंत्री एवम पूर्व प्रतिपक्ष नेता उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार प्रमोद कुमार रवि हरिहरगंज एवम रामबाबू नौडीहा छतरपुर को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल रहने एवम अनेकों बार समझाने एवम चेतवानी देने पर भी कोई सुधार न आने पर पार्टी से निष्कासित किया जाता है। और यदि पार्टी की किसी प्रकार की मीटिंग में यदि कोई पद्दाधिकारी उपरोक्त दोनों को बुलाएगा या वास्ता रखेगा तो उनके विरुद्ध अनुशास्तमक कार्यवाइ की जायेगी।

## दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** संत मरियम विद्यालय में दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। पटना से आये प्रशिक्षक रामरक्षा प्रसाद बच्चों के बौद्धिक विकास,पकड़ क्षमता,प्रतियोगी दिमाग,निडर मुकाबले के गुण बच्चों में विकसित करने के लिए कैपिसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन कर क्रिटीकल एंड क्रिएटिव थिंकिंग विषय शिक्षकों के बीच रखे। रिसोर्स पर्सन रामरक्षा प्रसाद,चिंसु सिंह, प्रधानाध्यापक कुमार आदर्श संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किये। पुष्पगुच्छ देकर सबों को स्वागत किये। सैकड़ो बच्चे सैकड़ो सवाल,अलग अलग प्रकृति, अलग अलग हरकत, मकसद एक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा। दो दिनों के गहन मंथन के बाद 10 सितंबर की शाम शिविर का समापन हुआ। प्रशिक्षण का जो निचोड़ निकला- वो पारिवारिक, सामाजिक, आर्थिक वस्तुगत स्थिति के मद्देनजर बच्चों के मनोविज्ञान को समझते हुए मस्तिष्क को मजबूत करने, पढ़ाने में अपनी तकनीकी ऊर्जा को लगाने में महती भूमिका निभाएं। समापन में पर्यावरण स्वच्छता को ख्याल रखते सबों को मिट्टी का जलपात्र देकर विदा किया गया।

# जिले के कई स्कूलों में आर्यभट्ट मैथमेटिक्स ओलंपियाड-2023 परीक्षा संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के कैंब्रिज पब्लिक स्कूल दुबियाखड़ मेदिनी नगर, ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल लेस्लीगंज, बाल विद्या निकेतन छत्तरपुर, सहोदया स्कूल चैनपुर, गुरुकुल विद्या निकेतन शाहपुर, अमेरिकन एसएलए स्कूल,रेड रोज पब्लिक स्कूल विश्रामपुर , ग्रीन लैंड पब्लिक स्कूल रुदीडीह, होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल नाबा जयपुर, केईआरएम स्कूल पांकी में रविवार को आर्यभट्ट मैथमेटिक्स ओलंपियाड परीक्षा संपन्न हुई। जिले के हजारों विद्यार्थियों ने इसमें बड़े उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। सभी केंद्रों पर विद्यार्थियो की शत प्रतिशत उपस्थिति रही। मौके पर आर्यभट्ट मैथमेटिक्स ओलंपियाड प्रमुख आनन्द कुमार ने कहा की हमारी पूरी टीम के संयुक्त प्रयास से यह परीक्षा बेहतर रूप से कदाचारमुक्त संपन्न हुई। आगामी 15 दिनों के अंदर हम सभी रिजल्ट प्रकाशित करेंगे और प्रत्येक वर्ग के शीर्ष 10 बच्चे को संस्था की ओर से सम्मानित किया जाएगा। परीक्षा केंद्र पर कहीं से कोई शिकायत सामने नही आई, बच्चों और अभिभावकों का पूरा सहयोग मिला। परीक्षा को सफल बनाने में टीम के महत्वपूर्ण सदस्य ,दीपक दुबे ,ऋषभ शुक्ला, विशाल राज , अखिलेश कुमार हर्षित शौर्या, मुस्कान मैम, सूरज तिवारी, अभिषेक तिवारी, प्रीतम सर,संदीप सर, राहुल कुमार, ओम कुमार ,रंजीत चंद्रवंशी, रितेश कुमार, राजीव चौबे, अशोक कुमार फैजान खान, सहित अनेकों शिक्षकों का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा। बेहतर परीक्षा संचालन के लिए आनंद कुमार ने सभी स्कूलों के प्राचार्य और शिक्षको का आभार व्यक्त किया ।

**बैठक**

### उपायुक्त ने की खनन टास्क फोर्स की बैठक

# जिले में अवैध खनन पर हर हाल में रोक लगायें : डीसी

**सीओ और थानेदार को इंडिविजुअल रिपोर्ट देने का निर्देश**

**डीएमओ व परिवहन विभाग को आपसी समन्वय से बिना नंबर व ओवरलोड वाहनों की जांच करते हुए विधिसंगत कार्रवाई करने की बात कही**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को खनन टास्क फोर्स की बैठक हुईं। बैठक में डीसी श्री रंजन ने पूर्व में अवैध खनन की रोकथाम की दिशा में संबंधित अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई की समीक्षा की। उपायुक्त ने सभी सीओ को जिले में अवैध खनन के स्थलों को चिन्हित कर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया । साथ ही उन्होंने सभी सीओ व थाना प्रभारियों को अवैध माइनिंग को लेकर इंडिविजुअल रिपोर्ट प्रस्तुत करने की बात कही। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को अवैध खनन, परिवहन, भंडारण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके अलावे उन्होंने डीएमओ व परिवहन विभाग को आपसी समन्वय से बिना नंबर व ओवरलोड वाहनों की जांच करते हुए विधिसंगत कार्रवाई करने की बात कही। उपायुक्त ने क्रशरों से होने वाले प्रदूषण पर रोकथाम की दिशा में आवश्यक कार्रवाई के भी निर्देश दिये। बैठक मे एसपी रिष्मा रमेशन,सदर व छत्तरपुर एसडीओ,सभी सीओ व थाना प्रभारी उपस्थित थे।



## स्केटिंग चैंपियनशिप में लिलिपुट प्ले स्कूल ने परचम लहराया

**मेदिनीनगर।** रविवार को बेलवाटिका स्थित गांधी उद्यान में हुए स्केटिंग चैंपियनशिप में लिलिपुट प्ले स्कूल के बच्चों ने 9 मेडल जीतकर स्कूल का परचम लहराया । लिलिपुट प्ले स्कूल से 6 बच्चों ने और लिलिपुट स्केटिंग ट्रेनिंग सेंटर जो कि हर रविवार की सुबह स्कूल कैंपस में चलता है, उससे 4 बच्चों ने चैंपियनशिप में हिस्सा लिया था । स्कूल की प्राचार्या रेणु गोयल ने सभी बच्चों और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि स्कूल के 10 में से 9 बच्चे मेडल जीतकर आए । चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाले सभी बच्चों को सर्टिफिकेट भी मिला ।

# नए एसपी ने किया योगदान, कहा-जिले को भयमुक्त बना विकास में लाएंगे तेजी

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

जले की पुलिस अधीक्षक के रूप में दीपक कुमार पांडे ने सोमवार को योगदान किया। उन्होंने तत्कालीन एसपी अंजनी कुमार झा से विधिवत प्रभार लेने के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि गढ़वा भय मुक्त बनाकर विकास में तेजी लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि गढ़वा में नक्सली गतिविधि सिमट कर रह गई है उसके बाद भी नक्सलियों की हर गतिविधि पर नजर रखी जाएगी उन्होंने कहा कि जिले में महिला और बच्चों के अपराध पर विशेष रूप से नजर



रखा जाएगा। एसपी ने कहा कि गढ़वा जिले में बेहतर पुलिसिंग स्थापित की जाएगी ताकि लोग पुलिस के साथ मिलकर बेहतर समन्वय स्थापित कर सुरक्षा व्यवस्था में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सके। उन्होंने कहा कि

### जिले में बेहतर पुलिसिंग स्थापित की जाएगी : पांडे

जिले के सभी पुलिस पदाधिकारी के साथ बेहतर समाज में स्थापित करते हुए अपराधी तत्व पर कड़ी नजर रखी जाएगी ताकि वह किसी भी तरह के समाज में अराजकता नहीं फैला सके। एसपी ने कहा कि पुलिस गढ़वा जिले के लोगों के लिए हर संभव खड़ी है। मौके पर मुख्यालय डीएसपी संतोष कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अवध कुमार यादव सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# हाथियों ने बिलैती खैर में फिर फसलों को रौंदा

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

प्रखंड क्षेत्र में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। हालांकि बीच में चार दिनों के लिए हाथियों के झुंड ने क्षेत्र से निकलकर सीमावर्ती इलाका धुरकी थाना क्षेत्र के कदवा गांव में जमकर तबाही मचाई थी। लेकिन पुनः हाथियों का आगमन अब चिनिया के क्षेत्र में हो गया है।

रविवार रात हाथियों ने बिलैती खैर गांव के नौ किसानों के खेतों में धान और मकई की लगभग 10 एकड़ में फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। जिन किसानों की फसलों को हाथियों ने नुकसान किया है उनमें रामनाथ सिंह पिता



हलखोरी सिंह, सुरेंद्र सिंह, हलखोरी सिंह पिता दशरथ सिंह मकइ, नेमा सिंह, मोहर सिंह, निर्मला कुंवर, मुनिरका सिंह, शिवनाथ सिंह तथा सुनीता सिंह शामिल हैं। पीड़ित किसानों ने बर्बाद हुई फसलों का आकलन कर वन विभाग से मुआवजे की मांग की है। कहा कि हम लोगों ने साहूकार से किसी तरीके से कर्ज लेकर डीजल पंप के सहारे पटवन कर थोड़ी बहुत खेती की थी, जिससे हाथियों के द्वारा नष्ट किया जा रहा है। अब हम लोगों की कमर टूट गई है।

मौके पर पंचायत के उप मुखिया प्रतिनिधि रवि प्रसाद ने पहुंचकर बर्बाद फसलों का मुवायना किया व वन विभाग से यथाशीघ्र हाथियों को भगाने की मांग की। पूछे जाने पर प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने बताया कि हाथियों द्वारा किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाए जाने की जानकारी मिली है। आकलन कर सरकारी प्रावधान के के तहत किसानों को मुआवजा दिया जाएगा।

### आरोप : बिजली उपभोक्ता का कोई काम बिना चढ़ावा दिए नहीं किया जाता

# बिजली निगम की मनमानी से जनता त्रस्त

**नवीन मेल संवाददाता। रमना**

झारखंड बिजली वितरण निगम का गठन ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में ग्रामीणों को बेहतर बिजली व्यवस्था प्रदान करने के लिए बिजली विभाग द्वारा दिया गया है, परंतु बिजली वितरण निगम का हाल ऐसा है कि कोई भी बिजली उपभोक्ता यदि बिजली कनेक्शन, बिजली बिल संबंधित कोई जानकारी किसी कर्मचारी या अधिकारी से पूछ ले तो वह सबसे बड़ा अपराधी हो जाता है। यदि चढ़ावा के साथ बिजली कनेक्शन या बिजली बिल संबंधित जानकारी प्राप्त करनी हो तो तुरंत हो जायेगा। अगर आप स्वयं से बिना चढ़ावा के काम की अपेक्षा करते हैं तो यह नामुमकिन सा है। बाबू कार्यालय का इतना चक्कर लगवा देंगे कि आप विवश हो जायेंगे चढ़ावा देने के लिए।

सरकार द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को 100 यूनिट बिजली मुफ्त देने की घोषणा की गयी है, लेकिन इसका लाभ गिने चुने लोग ही उठा पा रहे हैं। क्योंकि अधिकांश उपभोक्ताओं के घर मीटर तो लग गया है लेकिन अभी तक मीटर पंचिंग ही नहीं हुआ है और जिनका





मीटर पंचिंग है उनके मीटर का रीडिंग महीनेवार कभी होता ही नहीं। छह महीना से लेकर साल भर के बाद होता है। तब उपभोक्ता को पता चलता है कि बिजली बिल 13 हजार, 20 हजार, 40 हजार हो गया है। कुछ ऐसे उपभोक्ता भी हैं जिनका कनेक्सन भी है। बिजली बिल भी चूका रहे हैं, लेकिन बिजली के पोल-तार की कोई सुविधा ही नहीं होने के कारण बांस पोल के सहारे अपने निजी खर्चे से तार खींच कर बिजली का उपयोग कर रहे हैं।

बिजली मित्र ग्रामीण क्षेत्रों में बिल निकालने के नाम पर और बिल कम करने के नाम पर भोली-भाली ग्रामीण बिजली उपभोक्ताओं से 100-500 रुपये वसूल करते हैं, नहीं तो केस में फंसाने की धमकी और ज्यादा बिल निकाल देते हैं, जिससे लोग इनके चंगुल में फस जाते हैं। ग्रामीण बिजली उपभोक्ता लखन राम बताया कि मेरे घर का बिजली बिल एक ही बार एक वर्ष का बीस हजार रुपया दिया गया है, जबकि मेरे घर में बिजली खपत भी कम है। इसकी जांच मीटर लगाने वाले से करवाया तो बताया कि मीटर खराब है। इसका रीडिंग तेजी से भाग रही है। इसकी जांच हेतु विभाग में आवेदन के माध्यम से गुहार भी लगायी था, लेकिन मीटर जांच करने के बदले बिजली कनेक्शन काटने का नोटिस आ गया। समझ नहीं आ रहा कि अब किसके पास गुहार लगाऊं। वहीं मुकेश कुमार ने बताया कि मेरे घर का एक वर्ष का बिल 40 हजार का आया है। इसका शिकायत विभाग को की लेकिन विभाग द्वारा अभी तक कोई भी कारवाई नहीं की गई। ग्रामीण क्षेत्र में ऐसे भी बिजली उपभोक्ता है जिनके एक ही घर में दो-दो कनेक्शन निगम की लापरवाही से हो गये, जिससे एक ही उपभोक्ता पर एक ही घर के लिए दो-दो बिजली बिल आ रहे हैं। इससे ग्रामीण बिजली उपभोक्ता परेशान हैं, लेकिन विभाग सुनने को तैयार नहीं है।

## राशन डीलरों की मनमानी रुकने का नाम नहीं ले रही

**भवनाथपुर।** डीलरों की मनमानी और अधिकारियों की मिलीभगत चरम पर है। आये दिन लाभुकों के द्वारा हंगामा व शिकायत के बावजूद लाभुकों को डीलर प्रताड़ित कर रहे हैं। आलम यह है कि सरकारी व्यवस्था में भी सेंध लगाते हुए लाभुक को फर्जी तरीके से ईंट पत्थर से मशीन पर तोल कर बिना राशन दिए घर भेज दिया जा रहा है। इस बावत बीडीओ सह एम ओ जयपाल महतो से पूछे जाने पर कहा कि मामले की जानकारी मिली है, जांचों उपरांत कार्रवाई करेंगे। ताजा मामला सोमवार को करमाहि के ज्योति महिला स्वयं सहायता समूह के पति ह्रीदया पासवान के द्वारा डेढ़ दर्जन लाभुकों को दुकान के बजाए टाउनशिप सेल के आवास में बुलाकर अनाज के बदले ईंट पत्थर रख कर कांटा कर पर्ची निकाला जा था और पर्ची भी डीलर लाभुकों को नहीं दिया। जबकि ज्योति महिला समूह के विरुद्ध पूर्व में भी लाभुकों के द्वारा शिकायत की गई थी जिसमे विभागीय कार्रवाई भी हो चुकी है। बताते चलें कि प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत 57 डीलरों में अगस्त माह का मात्र आठ डीलर को ही अनाज आवंटन हुआ था। सितंबर माह में उठाव जारी है जिसमे अब तक चार डीलरों में एमओ ने मात्र दो के विरुद्ध कार्रवाई के लिए पत्राचार किया है।

# नहर पक्कीकरण योजना का किया गया शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता। हरिहरपुर**



क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने सोमवार को कवलदाग सिंचाई परियोजना के तहत चौबीस करोड़ की लागत से नहर पक्कीकरण योजना का नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया। उसके बाद सभा को संबोधित करते हुए विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि यह योजना क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगा। हर साल सूखे और अकाल की मार झेल रहे हल्का नम्बर दस के किसानों के चेहरे पर पुनः खुशियां लौटेगी। इस नाहर के पक्कीकरण से बर्बाद हो रहे पानी से फसलों को सिंचित किया जा सकेगा। उसके अलावा बंजर भूमि की भी सिंचाई हो सकेगी। उक्त योजना के निर्माण से हरिहरपुर, डुमरसोता व लोहरगड़ा पंचायत के विभिन्न गांवों के करीब दो हजार हेक्टेयर जमीन सिंचित किया जा सकेगा। जिससे खरीफ व रबी फसल की उपज बढ़ जाएगी। गौरतलब हो कि कवलदाग नदी पर इस योजना का निर्माण एकीकृत बिहार में 1960 के दसक में हुआ था। उसके कुछ दिनों बाद ही देखरेख व मरम्मती के अभाव में खेतों तक पानी पहुंचना बंद हो गया था। कवलदाग सिंचाई योजना के तहत कवलदाग व फुलवार बियर निर्मित है।कवलदाग बियर से निकली मुख्य नाहर की लंबाई नौ किलोमीटर है। उसके बांयी तरफ दो नाहर हुरका व दरीदह गांव तक पानी का वितरण किया जाएगा। मुख्य नाहर कवलदाग से करीब नौ किलोमीटर लंबी नाहर का पुनरुद्धार व लाइनिंग कार्य किया जाएगा। सभा के दौरान करीब दो दर्जन लोगों ने दूसरे पार्टी को छोड़ कर भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा में शामिल लोगों को भानु ने पुष्प माला व अंग वस्त्र देकर पार्टी में स्वागत किया। मौके पर लातेहार ओबीसी मोर्चा के जिला प्रभारी भगत दयानंद यादव, मंडल अध्यक्ष बिनोद बिहारी दुबे, विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, निर्मल विश्वकर्मा, सुरेंद्र पासवान, मझिगवां मुखिया रीता देवी, बसंत सिंह, बबलू साह, दुर्गा राम, राहुल सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## केतार में रीना का स्वास्थ्य सहिया पद पर चयन

**केतार।** सिविल सर्जन गढ़वा के निर्देश पर सोमवार को केतार पंचायत सचिवालय प्रांगण में मुखिया प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में स्वास्थ्य सहिया चयन के लिए ग्राम सभा की गई। उक्त ग्राम सभा में स्वास्थ्य सहिया पद के लिए 11 अभ्यार्थियों ने दावेदारी की, जिसमें योग्यता के अनुसार रीना कुमारी पति रविरंजन मेहता का चयन स्वास्थ्य सहिया पद पर किया गया। उल्लेखनीय है कि केतार गांव की सहिया द्वारा अपने पद से इस्तीफा देने के कारण पद रिक्त हो गया था। सहिया चयन के लिए बीटीटी अनुज कुमार को पर्यवेक्षक प्रतिनियुक्त किया गया था। मौके पर मुखिया प्रमोद कुमार, उप मुखिया संजय पाल, एएनएम पबिता कुमारी, एमपीडब्ल्यू मनोज कुमार पाठक, माया देवी, विजय गुप्ता, बीरबल राम, मनोज कुमार, कविता देवी, किरण देवी, माया देवी, चम्पा कुमारी, रानी देवी मौजूद थे।

# झारखंड में जल, जंगल और जमीन पर वनवासियों का अधिकार : ताहिर अंसारी

**नवीन मेल संवाददाता। रमना**

रमना थाना क्षेत्र के चुंदी गांव चुंदी-जिरुआ मार्ग पर पहाड़ी पर बन रहें महावीर मंदिर को लेकर लेकर ग्रामीण और वन विभाग की टीम आमने सामने हो गई। हलांकि ग्रामीणों के सूचना पर पहुंचे झामुमो नेता ताहीर अंसारी, भाजपा के मंडल अध्यक्ष बलजीत कुमार सोनी के पहल के बाद मामला बिगडने से रुका। अंसारी ने कहा कि झारखंड में जल, जंगल और जमीन पर वनवासियों का अधिकार है।



जानकारी के मुताबिक वन भूमि पर कब्जे के उद्देश्य से अनधिकृत निर्माण हटाने के लिए वन विभाग की टीम रमना थाना पुलिस के साथ के साथ गई थी, जहां ग्रामीण मंदिर हटाने का विरोध कर रहे थे। लोगों का कहना है कि पहाड़ी पर कई वर्षों से पूजा अर्चना होते आ रहा है। वहीं वन विभाग के लोगों का कहना है कि पहाड़ी वन भूमि है जहां जबरन निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि वर्षों से आस्था का केंद्र रहा महावीर मंदिर के निर्माण को अवरुध नहीं किया जाए। साथ ही 15 दिनों के अंदर अनापत्ति प्रमाण पत्र ग्रामीणों को दे। मौके पर वन परिसर पदाधिकारी नीरज कुमार कुशवाहा, सचीन कुमार, ध्रुव कुमार, प्रवीण शुक्ला, रमना थाना पुलिस मौजूद थे।

## अंचल निरीक्षक को तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग

**भवनाथपुर।** झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव ने अंचलाधिकारी को पत्र देकर अंचल निरीक्षक को तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग की है। मनोज यादव ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि अंचल निरीक्षक भवनाथपुर प्रखंड के भवनाथपुर पंचायत के निवासी हैं स्थानीय निवासी होने के कारण जानता का काम समय पर नही हो पाता है स्थानीय होने के साथ- साथ जमींदार घराने के होने के कारण जानता के साथ इनकार व्यहार भी अच्छा नही है स्थानीय होने के कारण मोटेस में घर पर बुला कर भारी रकम का उगाही किया जाता है। इसके साथ ही अंचल भूमि प्रतिवेदन और नकल में लोगो से पैसे का उगाही किया जाता है स्थानीय होने के कारण गरीब गुरबा लोग इन से बात भी नहीं कर पाते हैं।

## जंगल से जेजेएमपी के एरिया कमांडर का शव बरामद

**मेराल।** थाना क्षेत्र के भंवराहा जंगल से सोमवार को दोपहर में जेजेएमपी के एरिया कमांडर छोटे लाल यादव का शव मेराल पुलिस बरामद किया है। इस संबंध में थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि दोपहर में भंवरा जंगल में अज्ञात लाश होने की जानकारी मिली सूचना पाकर थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ भवरहा जंगल पहुंचे। जंगल से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम होने के समय छोटे लाल यादव के परिजन पहुंच शव को पहचान किया। थाना प्रभारी ने बताया कि एरिया कमांडर छोटे लाल यादव पर पलामू चैनपुर सहित गढ़वा जिले के चिनिया रामकंडा भंडारिया धुरकी आदि थानों में दर्जनों मामले दर्ज हैं। इसमें आपसी रंजिश की आशंका लग रहा है लेकिन मामले की जांच के बाद ही खुलासा किया जा सकता है।

# लोहरदगा ने देवघर को 1 गोल से हराया

### झारखंड राज्य अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का दूसरा दिन

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

प्रखंड के चिरका के आईटीआई के मैदान में झारखंड राज्य अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लोहरदगा बनाम देवघर का मैच खेला गया। लोहरदगा ने देवघर को एक गोल से पराजित किया।

लोहरदगा के वासुदेव कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इससे पूर्व मैच की शुरुआत खेल प्राधिकरण प्रभारी निदेशक सह आईपीएस अधिकारी डॉक्टर सरोजिनी लकड़ा ने किक मारकर किया। सेकंड हाफ के बाद क्षेत्रीय विधायक सह मंत्री मिथिलेश ठाकुर मैदान पहुंचे और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा मैदान के चक्कर लगाकर दर्शकों से मिले। मौके पर ठाकुर ने कहा कि खेल का बहुत ही बड़ा महत्व होता है। एक उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि सरोजिनी लकड़ा पहले



एक कांस्टेबल थे परंतु खेल के बदौलत ही आज वे आईपीएस अधिकारी हैं। मौके पर खेल आयोजक के फुटबॉल संघ के जिला अध्यक्ष आलोक मिश्रा, क्रिकेट संघ के जिला सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, फुटबॉल संघ के शैलेंद्र पाठक, जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, पूरन तिवारी, मोहम्मद फरीद, अरविंद यादव, महिला जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, मनोज ठाकुर, ताहिर अंसारी, प्रकाश गुप्ता आदि मौजूद थे।

### अनदेखी: सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों में वज्रपात से बचाव के लिए तड़ित चालक नहीं

# खतरे के साये में 13 हजार स्कूल आने वाले बच्चों की जान

**मनीष कुमार। डंडई**

प्रखंड के सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं पर बरसात के दिनों में आकाशीय बिजली का खतरा हमेशा बना रहता है। इन विद्यालयों में कभी भी किसी भी समय वज्रपात की घटना घट सकती है। उससे निजात पाने के लिए विद्यालय में लगाए गए तड़ित चालक या तो गिर गए या तो उसे चोरों के द्वारा उसे चुरा लिया गया है। 12 वर्ष पूर्व कुछ विद्यालयों में लगे तड़ित चालकों का इनदिनों नामोनिशान बिल्कुल रूप से मिट चुका है।

विद्यालयों में तड़ित चालक नहीं होने से अध्यनरत 13000 बच्चों की जान हर समय खतरा से भरा रहता है। वहीं उनमें अगर गैर सरकारी विद्यालय में अध्यनरत छात्राओं की संख्या को भी जोड़ दिया जाए तो उसकी संख्या और बढ़ जाती है। सरकारी विद्यालय तो




तड़ित चालक विहीन हो ही चुके हैं लेकिन गैर सरकारी विद्यालय भी उससे अछूता नहीं रह पाया है। प्रखंड क्षेत्र में संचालित कई गैर सरकारी विद्यालयों में भी तड़ित चालक नहीं है। रविवार को छोड़ शेष सभी दिन बच्चों का विद्यालयों में आना-जाना लगा हुआ रहता है। वे हर दिन के 9:00 से लेकर 2:00 तक नियमित अपने अपने विद्यालय में उपस्थित रहते हैं। बच्चों की भविष्य के लिहाज से आपदा से निपटने को लेकर विद्यालय को सुरक्षित रखना बहुत ही जरूरी है।

खासकर बरसात के दिनों में आकाशीय बिजली गिरने की हर समय संभावना बनी रहती है। आकाशीय बिजली से बचाव के लिए हर विद्यालय में तड़ित चालक की अति आवश्यकता है। 12 वर्ष पूर्व प्रखंड के कुछ विद्यालयों में तड़ित चालक लगाए गए थे। उसके बाद पुनः विद्यालयों में उसे लगवाने को लेकर लेकर ना तो विभाग की ओर से प्रयास किया गया और न ही विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा। हैरत की बात यह है कि प्रखंड क्षेत्र क्षेत्र में 71 विद्यालयों का संचालन हो रहा है लेकिन फिलहाल एक भी विद्यालय में तड़ित चालक नहीं है। ऐसे में बरसात के दिनों में वज्रपात को लेकर बच्चों की सुरक्षा भगवान भरोसे हो गया है। अगर किसी भी तरह की अनहोनी हो जाए तो उसका जिम्मेवार कौन होगा कहना बड़ा मुश्किल है।

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2008 से 10 के बीच प्रति विद्यालय लगभग 32000 की राशि निर्गत कर तड़ितचालक लगवाने का काम किया गया था। उसके बाद इस राशि को विद्यालय के प्राक्कलन के साथ ही सन्नहित कर दिया गया। इस बीच निहित प्रावधान के बाद मात्र प्रखंड के 20 विद्यालयों में ही तड़ित चालक लगवाने का काम किया गया। विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के विभागों का कहना है की सुरक्षा की दृष्टि कौन से विद्यालय में तड़ित चालक का होना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि 12 वर्ष पहले लगे विद्यालयों में तड़ित चालक या तो खराब हो गए या तो फिर उसे किसी व्यक्ति विशेष के द्वारा चुरा लिया गया है। बावजूद अब तक उन विद्यालय में दोबारा तड़ित चालक नहीं लगना बड़ा सवाल बन गया है। उन्होंने कहा कि आकाशीय बिजली से बचाव के लिए तड़ित चालक को लगाना बहुत जरूरी है। साथ ही कहा की आकाशीय बिजली एक प्राकृतिक आपदा है। कोई नहीं जानता है कि वह घटना किसके ऊपर कब घट जाए। लेकिन जहां हजारों हजार की संख्या में बच्चे एकत्रित हो रहे हैं वहां तो हर हाल में तड़ित चालक का प्रबंध होना चाहिए।

# 'गढ़वा विस क्षेत्र को लूटने का काम किया जा रहा'

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

मेराल हाई स्कूल के मैदान में सोमवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन सह आक्रोश सभा का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व मुख्य मंत्री बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में 15 सितंबर को गढ़वा के टाउन हॉल के मैदान में होने वाले संकल्प यात्रा में शामिल होने के लिए सतेंद्र नाथ तिवारी ने लोगों को निमंत्रण दिया। इस मौके पर पूर्व सांसद बृजमोहन राम, मुकेश निरंजन सिन्हा, जवाहर पासवान, संतोष दुबे, संजय भगत, हरेंद्र द्विवेदी आदि मौजूद रहे। तिवारी ने वर्तमान विधायक एवं मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि दोनों ने मिलकर जिस प्रकार अंग्रेजों ने देश को लूट था उसी प्रकार गढ़वा विधानसभा क्षेत्र को लूटने का काम किया है। भैया जी के कार्यकाल में जमीन लूट खसोट मचा है चारों ओर भ्रष्टाचार फैला हुआ है गरीबों की जमीन तथा हक अधिकार लूटा जा रहा है। अधिकारियों की ट्रांसफर



पोस्टिंग में जमकर वसूली की जा रही है परिणाम है कि अधिकारी भी अपने क्षेत्र में काम के बदले जनता का खून चूस रहे हैं। मंत्री ठाकुर के मिली भगत से बालू का अवैध कारोबार किया जा रहा है परिणाम है कि आम आदमी तथा आवास निर्माण के लिए गरीबों को बालू नहीं मिल पा रहा। गढ़वा में 18500 आवास बालू के महंगाई के चलते पेंडिंग पड़ा हुआ है। आवास निर्माण के लिए राज्य सरकार को पैसा उपलब्ध कराया गया है लेकिन सरकार की उदासीन रवैया के कारण गरीबों का घर नहीं बन पा रहा है। राज्य सरकार आज तक केंद्र को उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं करा सकी। लूट एवं भ्रष्टाचार का आलम यह है कि गरीबों को पेंशन व राशन नहीं मिल पा रहा है।

## चंदवा पुलिस ने पांच क्विंटल अवैध स्क्रैप लदी स्कार्पियो की जब्त, एक धराया

# लोहा चोरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
चंदवा पुलिस को लगातार दूसरे दिन भी बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस को एक स्कार्पियो में पांच क्विंटल चोरी के लोहे के साथ एक चोर को पकड़ने में सफलता मिली है। सोमवार को चंदवा थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में इंस्पेक्टर बब्लू कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली की अभिजीत पावर प्लांट के सीएचपी एरिया से चोरो के द्वारा लोहा (स्क्रैप) की चोरी कर एक सफेद रंग की स्कार्पियो वाहन में लोड कर बेचने हेतु ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुनि सह थाना प्रभारी बब्लू कुमार के द्वारा छापामारी टीम गठित कर अभियान चलाया गया। इसी क्रम में कामता के समीप नगर की ओर से सफेद स्कार्पियो आती दिखाई दी जिसे रुकने का इशारा किया गया लेकिन वाहन कामता से मासियातु जाने वाले मार्ग की ओर भागने लगा। उसमें सवार चालक और एक अन्य



व्यक्ति गाड़ी खड़ी कर भागने का प्रयास किया, जिसमें पुलिस ने चालक को धर दबोचा। वहीं एक अन्य व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया। वाहन में करीब पांच क्विंटल लोहा (स्क्रैप) लोड था। पूछे जाने पर चालक ने अपना नाम इरशाद अंसारी (रहमतनगर, बालूमाथ) बताया। उसने बताया कि भागा व्यक्ति का नाम महमूद मियां (चकला) है जो सीएचपी एरिया से अपने भाई अफरोज मियां के साथ लोहा (स्क्रैप) कटिंग कर उक्त स्कार्पियो में लोड किया तथा चकला का ही अहमद खान के द्वारा मोटर साइकिल से स्कॉट कर चंदवा की ओर आ रहा था। पुलिस को देख वह भाग निकला। चंदवा पुलिस ने अभियुक्त और गैंग में शामिल अन्य के विरूद्ध चंदवा थाना कांड दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्त को लातेहार जेल भेज दिया गया। बता दें कि रविवार को भी डेढ़ क्विंटल स्क्रैप के साथ चंदवा पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

## बालूमाथ पुलिस ने अपराध करने से पहले हथियार समेत दो को दबोचा

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
बालूमाथ पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। सोमवार को अपराध करने से पहले दो अपराधियों को हथियार समेत पकड़ने में पुलिस सफल रही है।

थाना प्रभारी शशिरंजन कुमार ने बताया कि जिला पुलिस कप्तान को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अवर निरीक्षक नीतीश कुमार के नेतृत्व में छापामारी दल गठित कर बालूमाथ स्थित झारखंड ढाबा के पास वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के क्रम में एक सफेद रंग बलेनो कार को रोक कर जांच किया गया। गाड़ी रुकते ही उसमें सवार अपराधी भागने लगे। सशस्त्र बलों के सहयोग से दो अपराधियों को पुलिस पकड़ने में सफल रही। एक अपराधी रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए भागने



में सफल रहा। गिरफ्तार अपराधियों में अकरम कुरैशी (25), पिता फहीम कुरैशी एवं तोहिद आलम (27) वर्ष, पिता मो नन्हे दोनों थाना एवं जिला लोहरदगा है। अपराधियों के पास से लोडेड देसी पिस्तौल, कारतूस, मोबाइल फोन और बलेनो कर बरामद की गई है। अपराधी बालूमाथ में बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए आए हुए थे। दल में थाना प्रभारी, एसआई नीतीश कुमार, धीरज कुमार, दुती कृष्ण महतो, कैलाश बाड़ा एवं पुलिस के सशस्त्र बल शामिल रहे।

## जर्जर भवन की छत गिरने से अधिवक्ता की गाड़ी हुआ क्षतिग्रस्त

**लातेहार।** व्यवहार न्यायालय के वरीय अधिवक्ता सह पत्रकार सुनील कुमार के ब्रेजा कार ( खल 19 ऊ 2603 ) पर जर्जर लोक अभियोजन कार्यालय भवन की एक खिड़की और एक हिस्सा गिर गया। इस घटना में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बता दें कि उक्त भवन की छत के प्लास्टर गिर रहा है। खिड़की दरवाजे दीमक खा गए हैं गत नौ सितंबर को उपायुक्त हिमांशु मोहन और एसपी अंजनी अंजन ने जर्जर लोक अभियोजन कार्यालय भवन का निरीक्षण किया था। स्थानीय अधिवक्ताओं ने जर्जर लोक अभियोजन कार्यालय भवन को ध्वस्त कराने की मांग की है। वहीं घटना के उपरांत भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता कमलेश कुमार एवं सदर थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक आशुतोष कुमार ने क्षति का अवलोकन किया। अभियंता ने बताया कि उपरोक्त भवन जर्जर घोषित हो चुका है और डिस्मेंटल करने का आदेश पारित हो चुका है। नए भवन निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। राशि उपलब्ध होते ही काम शुरू कर दिया जाएगा।

## संक्षिप्त

### फसल बीमा कंपनी की लापरवाही से किसानों की बीमा की राशि लंबित : अयुब खान

**चंदवा।** प्रधानमंत्री फसल बीमा राशि भुगतान करने के निदेशक सुरज कुमार (भाप्रसे) के निर्देश का बीमा कंपनी पालन नहीं कर रही है। बीमा कंपनी की लापरवाही से किसानों का वर्ष 2018 एवं 2019 की 66.36 करोड़ फसल बीमा की राशि लंबित है। उक्त बातें झारखंड राज्य किसान सभा के लातेहार जिला अध्यक्ष अयुब खान ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही है। निदेशक ने बीमा कंम्पनियों के नाम जारी पत्र में कहा है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत वर्ष 2018 एवं 2019 में बीमा कंपनियों द्वारा किसानों को देय छतिपूर्ति राशि 832,06 करोड़ रुपये मात्र मे से शेष 66.36 करोड़ रुपए क्षतिपूर्ति राशि के भुगतान के संबंधित लंबित छतिपूर्ति राशि की विवरणी हार्ड कॉपी मे दिनांक 01. 08. 2023 को उपलब्ध करायी गई।

### मगध सीसीएल हस्तशिल्प प्रशिक्षण कराएगी

**बालूमाथ।** सीसीएल के मगध संघमित्रा क्षेत्र के सीएसआर के तहत हस्तशिल्प प्रशिक्षण के अंतर्गत झारक्राफ्ट द्वारा निशुल्क दो महीने का अधिरोपण (अप्लिक) एवं हस्थकर्घा प्रशिक्षण तथा एक महीने का उत्पादन किया जाने वाला है। इसके लिए इच्छुक फॉर्म प्राप्त एवं जमा सीएसआर विभाग, कुंडी ऑफिस, मगध से कर सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षु को प्रतिदिन के हिसाब से दो महीने तक वजीफा का भुगतान किया जायेगा। प्रशिक्षण झारक्राफ्ट के प्रशिक्षक एवं डिजाइनर द्वारा पिट ऑफिस चमातु में कराया जायेगा। दो महीने के प्रशिक्षण के बाद उत्पादन हेतु बाजार से जोड़ने का प्रयास किया जायेगा ताकि प्रशिक्षु को सतत आजीविका मिल सके। फॉर्म जमा करने की आखिरी तिथि 22 सितंबर है।

### दुर्गा पूजा कमेटी का विस्तार किया गया

**बारियातु।** प्रखंड मुख्यालय स्थित राम जानकी मंदिर परिसर में रविवार को दुर्गा पूजा सफल संचालन को लेकर श्रद्धालुओं की एक बैठक समाज सेवी पवन प्रसाद के अध्यक्षता में किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से लोगों ने हर वर्ष की भाति धुमधाम व शांति पूर्ण वातावरण में दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया। वहीं पूजा को सफल संचालन के लिए कमिटी गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद, उपाध्याय उत्तम कुमार, मनिष कुमार, सचिव परमानंद सोनी, उपसचिव बिजय कुमार व अभिषेक कुमार, कोषाध्यक्ष धन्नजय प्रसाद व अमन कुमार, उपसचिव राजेश प्रसाद व आशिर्वाद प्रसाद को चुना गया। निगरानी समिति सदस्य के रूप मे पवन प्रसाद, ब्रजकिशोर प्रसाद, राकेश प्रसाद, रामजीवन प्रसाद, मुकेश प्रसाद, सुमित कुमार को बनाया गया। मौके पर काफी संख्या में बारियातू के श्रद्धालुओं व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### जनप्रतिनिधियों को किया गया जागरूक

**बरवाडीह।** प्रखंड कार्यालय सभागार प्रांगण में अखिल भारतीय पंचायती राज समिति के तत्वाधान में एक बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर अखिल भारतीय पंचायती राज परिषद के उपाध्यक्ष सह राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद भारत सरकार के केंद्रीय सदस्य रविंद्र तिवारी मौजूद रहे। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, प्रखंड सुशीला देवी समेत सभी पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से पंचायत के 29 अधिकारों को लेकर जनप्रतिनिधियों को जागरूक किया गया। मौके पर सभी पंचायत के मुखिया, उप मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## संक्षिप्त

### मरांडी की संकल्प रैली का मंच सजधज कर तैयार

**सिमरिया।** भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के आगमन को लेकर सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय स्थित खादी भंडार के सामने मैदान में संकल्प महा सभा के लिए मंच सजधज कर तैयार हो गया है। मंगलवार को मरांडी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। विधायक किसुन दास ने बताया कि मरांडी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के बाद पहली बार सिमरिया में संकल्प महासभा को संबोधित करेंगे। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष दयानिधि सिंह, अक्षयवट पांडेय व अरविन्द सिंह शामिल थे।

### जिला मुखिया संघ की हुई बैठक, लिए कई निर्णय

**चतरा।** सोमवार को जिला मुखिया संघ की बैठक शहर के विनायक होटल में हुई, जिसमें संघ के सभी प्रखंड अध्यक्ष विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में 21 सितंबर को पूरे चतरा जिले को सुखाड़ घोषित करने की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला के सभी मुखिया से कार्यक्रम में भाग लेने और आर्थिक सहयोग करने की अपील की गई।

### अश्वनी अध्यक्ष व पिंटू बने पूजा समिति के सचिव

**मयूरहंड।** प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में पूजा समिति की बैठक रामभरोस सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इसमें सर्वसम्मति से अश्वनी कुमार सिंह को अध्यक्ष, पिंटू कुमार राणा को सचिव व बुधन साव को कोषाध्यक्ष बनाया गया। मौके पर पूर्व मुखिया अनिल सिंह, विभूतिनाथ सिंह, पूर्व उप प्रमुख भुनेश्वर साव, अखिलेश सिंह, महेंद्र नायक, भोला प्रजापति, नारायण साव, रणधीर सिंह, मुकेश राणा, अनंत सिंहा, सत्येंद्र सिंह, नरेश राणा, रणंजय सिंह, राजू राम, बिलटू महतो, सुरेंद्र कुशवाहा, संजय साव, नवीन सिंह, चोटन पासवान, शिबू राणा, लक्ष्मण साव, एकराम सिंह, अर्जुन भुईयां आदि मौजूद थे।

### पांडेयपुरा दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने विजय

**हंटरगंज।** पांडेयपुरा में दुर्गा पूजा समिति की बैठक राजेश प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पूर्व के कार्यकलाप और वर्तमान में होने वाले पूजा पर चर्चा करते कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये। साथ ही पूजा समिति का पुनर्गठन करते हुवे अध्यक्ष विजय प्रसाद साहू (रेडियो दुकान), उपाध्यक्ष राजेश प्रसाद, सचिव आदित्य प्रसाद, उपसचिव जगनारायण भारती, कोषाध्यक्ष सुमन प्रसाद, उपकोषाध्यक्ष पंकज प्रसाद, मीडिया प्रभारी निशांत तिवारी, रोहित अलवेला और बतौर संरक्षक विजय प्रसाद का चयन किया गया। साथ ही पूजा समिति के सहयोग के लिए ग्यारह सदस्यों की टीम गठित किया गया, जिसमें विकास कुमार, सुधीर कुमार, रुजन कुमार, डब्लू कुमार, सौरभ गुप्ता, अंकित कुमार, सुधांशु शेखर, विक्की कुमार, राजा प्रसाद साहू, अभिराम शेखर, कुलदीप शामिल हैं।

### पैक्स चुनाव को लेकर मतदाता सूची प्रकाशित

**मयूरहंड।** प्रखंड क्षेत्र के कदगावांकला पैक्स अध्यक्ष चुनाव को लेकर सोमवार को मतदाता सूची का प्रकाशन पंचायत सचिवालय में मुखिया अशोक कुमार भुईयां व पंसस विवेक कुमार की उपस्थिति में चुनाव प्रवेक्षक सह बीसीओ चतरा श्याम सुंदर राम ने किया। 14 सितंबर तक मतदाता सूची आपत्ति दर्ज होने पर सुधार की जाएगी। 29 सितंबर को नामांकन, 9 अक्टूबर को नामांकन पत्र पर आपत्ति दर्ज की जा सकेगी। 14 अक्टूबर को नाम वापसी के साथ चुनाव चिन्ह आवंटन प्रत्याशियों को कर दी जाएगी। वहीं मतदान 31 अक्टूबर को कराया जाएगा। मौके पर बीसीओ मयूरहंड नीरज कुमार सिन्हा, बेलखोरी पैक्स अध्यक्ष राजिव रंजन सिंह, पूर्व पैक्स अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह, वार्ड सदस्य सुभाष सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### विश्वकर्मा पूजा को लेकर हाईवा मालिकों की बैठक

**टंडवा।** प्रखंड क्षेत्र के आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र में संचालित विस्थापित-प्रभावित हाईवा संयोजक मंडली की बैठक सेरनदाग में आयोजित की गई। सर्वसम्मति से 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा हर्षोल्लास से मनाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए टीम का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष विजय साहु, सचिव गणेश कुमार, कोषाध्यक्ष रंजीत महतो को बनाया गया। मौके पर कामाख्या कुमार, होरिल साहु, सुरेश कुमार, प्रवीण कुमार, जितेंद्र कुमार, दीपक महतो आदि मौजूद थे।

### कार्रवाई से धीमी हुई कोल वाहनों की रफ्तार

**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र में सीओ जयशंकर पाठक व थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव द्वारा संयुक्त रूप से सोमवार को अभियान चलाकर कई वाहनों की जांच की। इस दौरान विशेष रूप से कोयला लदे हाइवा की जांच की गई। इससे एक तरफ जहां ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। वहीं कोल वाहनों की रफ्तार भी धीमी हो गई है। आबादी वाले क्षेत्रों में अधिकांश हाइवा चालक काफी संयमित चल रहे हैं। सीओ ने बताया कि चालकों को तिरपाल ढंककर कोयला ढोने व आबादी वाले क्षेत्र में प्रवेश करने पर गति सीमा 20 किलोमीटर प्रति घंटा रखने का निर्देश दिया गया है। साथ ही इसकी मॉनेटरिंग की जा रही है। नियमों का उल्लंघन करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### कृषक मित्र और किसानों के बीच बैठक आयोजित

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय में संचालित सिंगल विंडो परिसर में सोमवार को राष्ट्रीय कृषि विकास योजना को लेकर कृषक मित्र व किसानों की संयुक्त बैठक हुई। एटीएम दीनदयाल प्रसाद के नेतृत्व में आयोजित बैठक में उपस्थित किसानों व कृषक मित्रों को ड्रिप से जोड़ो अभियान के तहत सूक्ष्म सिंचाई योजना व ड्रिप एवं मिनी स्प्रिंकलर को बढ़ावा देना सहित कृषि से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान बताया गया कि एक एकड़ भूमि की अहरता रखने वाले किसानों को 90 प्रतिशत अनुदान पर ड्रिप व मिनी स्प्रिंकलर दिया जाएगा। मौके पर कृषक मित्र ज्ञानी दांगी, अशोक दांगी, रामसेवक दांगी, सतनारायण दांगी, प्रदीप यादव व संजय यादव सहित कई कृषक मित्र व किसान उपस्थित थे।

# गिद्धौर में ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी केंद्र में जड़ा ताला

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**
प्रखंड अंतर्गत सिंदुआरी खुर्द आंगनबाड़ी केंद्र में सोमवार को ग्रामीणों ने पोषाहार मांगने पर सेविका द्वारा गर्भवती महिला की पिटाई का



आरोप लगाते हुवे ताला जड़ दिया। ग्रामीणों ने के मामले में ग्रामीण आक्रोशित दिखे। सेविका को हटाने की मांग पर अड़ गये। मामले की जांच के लिये प्रभारी सीडीपीओ उषा प्रसाद केंद्र पर पहुंची और मामले की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों व सेविका, सहायिका से पूछ ताछ की। इधर मामला तूल पकड़ने पर विवाद को सलटाने के लिये प्रमुख, उपप्रमुख व मुखिया पति पहुंचे और ग्रामीणों को समझा बुझा कर केंद्र का ताला खुलवाने की पहल की। लेकिन ग्रामीण सेविका को इस केंद्र से हटाने की जिद पर अड़े रहे। ऐसे में सोमवार को केंद्र का संचालन ठप रहा।

## बीडीओ के खिलाफ जनप्रतिनिधियों का धरना

**पत्थलगड़ा।** प्रखंड में सोमवार को जनप्रतिनिधियों व विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं ने बीडीओ मोनी कुमारी के खिलाफ सांकेतिक धरना दिया। जिप सदस्य रामसेवक भगत, प्रमुख, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार यादव, बरवाडीह पंचायत समिति सदस्य, समिरिया विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि बिरबल दांगी आदि ने अरोप लगाया की बीडीओ द्वारा लगातार जनप्रतिनिधियों पर मुकदमा किया जा रहा है। सभी विभागों में भ्रष्टाचार चरम पर है, ऐसे में प्रतिनिधियों के सवाल का जवाब देने के बजाय



मुकदमा करना घोर अनियमितता को दर्शाता है। आंदोलित लोगों ने कहा कि 15 सूत्री मांग पत्र दिया गया है। अदि मांगों पर विचार नहीं किया गया तो आगे आमरण अनशन किया जायगा। धरना में समाजसेवियों के साथ भाजपा व राजद कार्यकर्ता भी शामिल थे।

# मानदेय भुगतान व अन्य मांगों को लेकर रसोईया संघ ने किया बीआरसी का घेराव

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रखंड के सरकारी विद्यालयों में काम करने वाली रसोईयाओं के द्वारा अपने बकाया मानदेय की भुगतान की मांग के साथ-साथ पोशाक बीमा समेत 9 सूत्री मांगों को लेकर भाकपा माले जिला सचिव बिरजू राम के नेतृत्व में नवगठित प्रखंड कमेटी के द्वारा बीआरसी कार्यालय का घेराव किया गया। संबोधित करते हुए राम ने कहा कि रसोईया बहनों को सरकार के द्वारा आज तक सम्मान नहीं दिया गया जहां लगातार प्रतिवर्ष शिक्षकों का या अन्य सहायक अध्यापकों का मानदेय बढ़ाया जा रहा है। वहीं एक मजदूर के बराबर भी रसोइया




को मानदेय नहीं मिलता, जिसके खिलाफ अब प्रखंड से लेकर राज्य स्तर तक उग्र आंदोलन होगा। मुख्यमंत्री के नाम प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए सभी रसोईया के बकाया मानदेय भुगतान, साल में 12 महीने का मानदेय देने, लकड़ी के ईंधन के जगह गैस मुहैया करने, सभी को ड्रेस कोड पेंशन और 10 लाख का बीमा समेत 9 सूत्री मांग की गई। मौके पर माले के प्रखंड सचिव कमलेश सिंह, कृष्ण सिंह, मंजू देवी, प्रमिला देवी, प्रभादेवी, रीना देवी, रीता देवी, संगीता देवी, कलावती देवी आदि मौजूद थी।

# मजदूरों से भरा वैन पलटा आठ घायल, दो रिम्स रेफर

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**
रांची - चतरा एन एच 22 मुख्य पथ पर बरछीया पुल के समीप सोमवार को मजदूरों से भरा एक वैन पलट गया, जिसमें गाड़ी में सवार आठ मजदूर घायल हो गये। उन्हें बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। गोनिया पंचायत के मजदूर रेलवे लाइन निर्माण कार्य में मजदूरी करने प्रतिदिन की तरह जा रहे थे कि वाहन दुर्घटनाग्रसत हो गया। इसमें सवार राजेंद्र गंझू (30) पिता बरतु गंझू, आनंद गंझू (26) पिता शहीद गंझू, पवन कुमार (25) पिता बूटा गंझू, गणेश गंझू (45) पिता बीफा गंझू, हरिलाल गंझु (30) पिता पेहक पाहन, सभी ग्राम छाताबार थाना बरियातु, मंटू भुइयां (30) पिता कन्हाई भुइयां, विजय गंझू (35) पिता पृथ्वी गंझू, दोनों ग्राम गोनिया व पंकज भारती (30) पिता मोहन भुइयां, ग्राम बनभुइयां जिला चतरा घायल हो गये। हरि लाल व विजय रिम्स रेफर कर दिया गया।

## मनरेगा लोकपाल ने योजना स्थल का किया निरीक्षण


**चतरा।** सोमवार को मनरेगा लोकपाल संध्या प्रधान पूर्वनिर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रतापपुर प्रखंड पहुंचीं। इस दौरान प्रखंड में मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं की जानकारी ली और नियमानुसार योजनाओं का क्रियान्वयन करने की बात कही। संचालित योजनाओं का स्थल निरीक्षण कर संबंधितों को कई अवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान लोकपाल के साथ सीएफटी पंकज कुमार आदि शामिल थे।

**संकट** तीन महीने में मात्र 388 मिमी बारिश

# लातेहार में सुखाड़ के आसार

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
एक बार फिर लातेहार जिला में सुखाड़ के आसार नजर आने लगे हैं( गत वर्ष भी जिलावासियों को सुखाड़ की मार झेलनी पड़ी थी।

बता दें कि इस वर्ष जिले में महज 40.52 प्रतिशत ही धनरोपणी हो पायी है. उस पर जितनी धनरोपणी हुई है, उसमें भी सूखे की मार पड़ने लगी है। फसलें पीली पड़नी शुरू हो गई है। कई इलाकों में अब तक धान के बिचड़े खेतों में ही सूख रहे हैं। कृषि विभाग के आंकड़े बताते हैं कि जिले के 30000 हेक्टेयर में धनरोपनी का लक्ष्य रखा गया था,



जिसमें महज 12156 हेक्टेयर में ही धनरोपनी हो पायी है। विगत तीन महीनों में सामान्य से काफी कम बारिश होने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। लातेहार जिले में विगत तीन महीने में 885.9 मिमी बारिश का अनुमान था. जबकि इन तीन महीने में मात्र 388.2 मिमी ही बारिश हुई। यह अनुमान से 56.19 मिमी कम है. गत जून में सामान्य से 88.6 मिलीमीटर कम बारिश हुई है। जुलाई में 182.5 एवं अगस्त माह में 226.2 प्रतिशत सामान्य से कम बारिश हुई है।

कृषि विभाग के आंकड़ों पर यकीन करें तो साल 2003 से 2023 के बीच मात्र चार साल ही सामान्य बारिश जिले में हुई है। इन 20 वर्षों में 2011, 2016, 2020 व 2021 में सामान्य बारिश दर्ज की गई है। बता दें कि जिले में सिंचाई की समुचित साधन नहीं होने के कारण जिलेवासी मॉनसून पर ही खेती के लिए आश्रित रहते हैं।

**कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा।**

**सूचना**

एतद् द्वारा श्री अरविन्द कुमार सिंह, प्रयोगशाला प्रावैधिक, पता– ग्राम–अनतपुर, पोस्ट– माधोपुर, थाना–चण्डी, जिला–नालन्दा, बिहार को सूचित किया जाता है कि :–

1. निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएँ, झारखंड, रॉची के पत्रांक 1921(23) दिनांक 19.08.2023 द्वारा माह फरवरी–2016 से लगातार सेवानिवृति की तिथि 31.01.2023 तक आपकी अनाधिकृत अनुपस्थिति एवं अन्य गठित आरोप की जॉच हेतु झारखण्ड पेंशन नियमावली 43 परन्तुक क(II) के तहत् दण्ड अधिरोपित करने हेतु नियम–17 में विर्णत प्रकिया में निहित प्रावधानुसार विभागीय कार्यवाही संचालित है।
2. आपके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही का संचालन हेतु डा0 डी0 पी0 सक्सेना, उप निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, झारखंड, रॉची, संचालन पदाधिकारी तथा अधोहस्ताक्षरी को उपस्थापन पदाधिकारी नामित है।
3. सिविल सर्जन कार्यालय, गढ़वा के पत्रांक 1388 दिनांक 28.08.2023 द्वारा उक्त विभागीय कार्यवाही की प्रति आवासीय पता–ग्राम–अनंतपुर, पो0–माधोपुर, थाना–चण्डी, जिला–नालन्दा, बिहार, पिन–801308 पर प्रेशित किया गया है।
4. डा0 डी0 पी0 सक्सेना, उप निदेशक–सह–संचालन पदाधिकारी, स्वास्थ्य सेवाएँ, स्वास्थ्य निदेशालय, झारखण्ड, रॉची के पत्रांक 386(D) दिनांक 08.09.2023 द्वारा आपके विरूद्ध संचालित विभागीय कार्यवाही में दिनांक **20.09.2023 को 11.30 बजे पूर्वाह्न** में तिथि निर्धारित की गई है।

श्री अरविन्द कुमार सिंह को निदेश दिया जाता है कि आपके विरूद्ध संचालित विभागीय कार्यवाही की प्रति, अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त कर, संचालन पदाधिकारी के समक्ष अपना लिखित बचाव बयान, साक्ष्य सहित **दिनांक 20.09.2023 को 11.30 बजे पूर्वाह्न में** संचालन पदाधिकारी के समक्ष, स्वास्थ्य निदेशालय, झारखंड, रॉची में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उक्त में लिखित बचाव बयान पक्ष समर्पित नहीं करने की स्थिति में यह समझा जाएगा कि गठित आरोप के संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है। ऐसी स्थिति में संचालन पदाधिकारी द्वारा एकतरफा निर्णय लिया जाएगा, जिसमें विरूद्ध आपका कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा।

PR 306626 (Health Med Edu and Family Welfare) 23-24 (D)

**उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा**
**(खनन शाखा)**

ज्ञापांक ............../एम0 दिनांक ..............................

**लोहरदगा जिला के सेन्हा, कुडू एवं लोहरदगा अंचल अन्तर्गत विभिन्न स्थलों पर भण्डारित बालू खनिज का आम निलामी हेतु सूचना :–**

एतद् द्वारा सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि "झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली 2004 यथा संशोधित 2019 के नियम 54A के प्रावधानों के तहत् लोहरदगा जिलान्तर्गत सेन्हा, कुडू एवं लोहरदगा अंचल के विभिन्न स्थलों पर जप्त बालू लगभग 102500 घनफीट का नीलामी दिनांक 18.09.2023 को समय 12:00 बजे अपराह्न में लोहरदगा समाहरणालय के सभाकक्ष में लोक निलामी के माध्यम से कराई जाएगी।

खनिज की विवरणी निम्नवत है :–

| क्रम | अंचल | खनिज भण्डारण स्थल की विवरणी | भण्डारित खनिज की मात्रा लगभग (घनफीट में) | सुरक्षित जमा राशि (रूपया में) | सुरक्षित जमा राशि का 10% प्रतिभूति राशि (रूपया में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | सेन्हा | डांडू महतो टोली | 5000 | 55644.00 | 5564.40 |
| | | मौजा–कोराम्बे खाता नं0–109 प्लॉट नं0 1056 | 7000 | 77901.60 | 7790.16 |
| | | मौजा–कोराम्बे खाता नं0–109 प्लॉट नं0 1061 | 6000 | 66772.80 | 6677.28 |
| | | मौजा–कोराम्बे खाता नं0–350 प्लॉट नं0 1050 | 5000 | 55644.00 | 5564.40 |
| | | मौजा–कोराम्बे के गोरा टोली टांड में | 30000 | 333864.00 | 33386.40 |
| | | मौजा–उगरा सडक टोली क्यूम अंसारी के घर के पास | 2500 | 27822.00 | 2782.20 |
| | | मौजा–उगरा सडक टोली शामुल अंसारी के घर के पास | 1500 | 16693.20 | 1669.32 |
| | | मौजा–झालजमीरा स्थित मुरपा मोड के पास | 1500 | 16693.20 | 1669.32 |
| | | मौजा–झालजमीरा डीपा टोली बहुरा उरांव के घर के पास | 1500 | 16693.20 | 1669.32 |
| | | मौजा–मेढो बडका टोली महेश उरॉव के घर के पास | 2500 | 27822.00 | 2782.20 |
| 2 | कुडू | कुडू थाना अन्तर्गत ग्राम उडुमूडू के विभिन्न स्थलों पर अवैध भण्डारित बालू | 38000 | 422894.40 | 42289.44 |
| 3 | लोहरदगा | भक्सो डुमरटोली शिवमंदिर के पास | 2000 | 22257.60 | 2225.76 |
| | | कुल | 102500 | 1140702.00 | 114070.20 |

नोट : लोक–नीलामी की प्रक्रिया एवं शर्त्तें जिला के वेबसाईट lohardaga.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला खनन पदाधिकारी
लोहरदगा

PR 306667 Lohardaga (23-24)_D

## उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण और निदेशक आईआईएम रांची ने किया शुभारंभ

# आरसेटी प्रशिक्षण केंद्र में मार्केटिंग स्किल का प्रशिक्षण प्रारंभ

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और आईआईएम, रांची के निदेशक दीपक श्रीवास्तव द्वारा सोमवार को आरसेटी प्रशिक्षण केंद्र, लोहरदगा में नीति आयोग अवार्ड मनी अंतर्गत इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, रांची के माध्यम से लोहरदगा जिला में स्वयं सहायता समूह/सहकारी समिति के स्वरोजगार से जुड़े सदस्यों को मार्केटिंग (विपणन) कौशल प्रदान करने हेतु 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।




मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त ने कहा कि नीति आयोग से प्राप्त अवार्ड मनी से जिला के लिए कुछ नया करने की योजना सोच थी। कई ऐसे कार्यक्रम आयोजित होते हैं जिसमें प्रशिक्षण और ऋण प्रशिक्षणार्थियों को उपलब्ध कराया जाता है लेकिन उन्हें मार्केटिंग तरीका पता नहीं होने की वजह से उन्हें नुकसान का सामना करना पड़ता है। हमलोगों ने यह कार्यक्रम तय किया और आईआईएम, रांची से बातचीत की। आईआईएम, रांची के द्वारा यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आरसेटी प्रशिक्षण केंद्र, लोहरदगा में चलाया जाएगा जिसमें 10 दिनों तक उत्पादों के मार्केटिंग का तरीका के साथ-साथ कई सारी बातें बतायी जाएंगी। उपायुक्त ने सभी 30 प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बिना किसी संकोच के यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा करें। आनेवाले समय में भी जिला प्रशासन की ओर से ऐसे रोजगारन्मोखी कार्यक्रम चलाये जाते रहेंगे। आईआईएम, रांची के निदेशक ने कहा कि मार्केटिंग के प्रशिक्षण के लिए यह कार्यक्रम काफी अच्छे तरीके से तैयार किया गया है जिसमें प्रशिक्षणार्थियों को कुशल बनाया जाएगा। इस पाठ्यक्रम में काफी सरल शब्दों का प्रयोग किया गया है। आईआईएम संस्थान आगे भी ग्रामीण विकास और सामाजिक विकास में अपना योगदान देता रहेगा। आपको अपने उद्योग में सफल उद्यमी बनने के तरीकों को आपको बताया जाएगा।

कार्यक्रम में जिला योजना पदाधिकारी अरूण सिंह, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो, श्रम अधीक्षक दिनेश भगत, जेएसएलपीएस डीपीएम अनीता कुमारी, आईआईएम रांची के प्रोफेसर सत्यम, प्रोफेसर श्वेता झा, पीपीआईए फेलो हेमलता बजाज, पिरामल फाउंडेशन के सभी सदस्य समेत बड़ी संख्या में प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

## सचिव से मिले पश्चिम बंगाल से रेस्क्यू हुए मजदूर, सुनाई आपबीती

# डालसा की पहल पर मजदूरों का हुआ श्रम विभाग में निबंधन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
हुगली जिला, पश्चिम बंगाल से डालसा के प्रयास से रेस्क्यू कराये गए मजदूरों ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार से मुलाकात की। उपस्थित 12 मजदूरों ने अपनी आपबीती प्राधिकार के सचिव को सुनाया और कहा कि उन लोगों का अब भी कुल 2,04648/-रुपया बकाया है, जिसे उन लोगों को भुगतान नहीं किया गया है। बकाये के भुगतान के लिए मजदूरों ने एक आवेदन प्राधिकार के सचिव को दिया।



इस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार ने हुगली जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव समिष्टा घोष को दूरभाष से संपर्क किया जिससे जानकारी मिली कि इन मजदूरों ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हुगली के सचिव से संपर्क स्थापित नहीं किया और उनकी बातों को बिना सुने समझे, त्योहार मनाने अपने घर भंडरा वापस आ गए जिस कारण उनका भुगतान नहीं किया जा सका। प्राधिकार के सचिव ने उन लोगों को भरोसा दिलाया कि उनका प्रयास रहेगा कि उन सभी का बकाये राशि का भुगतान अविलंब हो जाए। इससे पूर्व 22 मजदूरों को डालसा के प्रयास से रेस्क्यू कराया गया था, जिसमें मजदूरों का कुल 6,11,548 रुपये का भुगतान हुआ था। मजदूरों को संबोधित करते हुए डालसा सचिव ने इस बात पर बल दिया कि कोई भी मजदूर काम करने के लिए जब बाहर जाता है तो श्रम विभाग में उसका निबंध अवश्य करवाएं। श्रम विभाग द्वारा निबंधन कराए जाने को लेकर मजदूरों के बीच जागरूकता का अभियान चलाया गया। इसके लिए स्वयं लोहरदगा श्रम अधीक्षक दिनेश भगत उपस्थित थे। उन्होंने मजदूरों को श्रम विभाग में निबंधन कराने के फायदे बताए उन्होंने कहा कि आकस्मिक मृत्यु या दुर्घटना की स्थिति में श्रमिक को यदि वह निबंधित है तो सरकार से उसे 200000 रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है। आज उपस्थित सभी श्रमिकों का डालसा सचिव के निर्देश पर श्रम विभाग लोहरदगा में निबंधन भी कराया गया। श्रम विभाग जो समाहरणालय स्थित रजिस्ट्री ऑफिस के बगल में जिसका कार्यालय है, में निबंधन बिल्कुल निःशुल्क की जाती है। उपस्थित श्रमिकों को यह कहा गया कि अगल-बगल के गांव में जितने भी श्रमिक जो काम करने बाहर जाते हैं वह श्रम विभाग में अपना निबंधन कराएं और यदि उन्हें किसी तरह का परेशानी होती है तो पीएलवी से संपर्क करें या डालसा कार्यालय लोहरदगा से संपर्क करें।

# एयरमैन के लिए भर्ती रैली 20 तक आयोजित होगी

**लोहरदगा।** भारतीय वायु सेना द्वारा अविवाहित पुरूषों के लिए ग्रुप वाई (गैर-तकनीकी) मेडिकल असिस्टेंट ट्रेड में एयरमैन की भर्ती के लिए भर्ती रैली का आयोजन दिनांक 12 से 20 सितंबर 2023 तक पश्चिम बंगाल स्थित एयरफोर्स स्टेशन बैरकपुर, 24 परगना (नॉर्थ) में किया जाएगा। झारखण्ड, ओड़िशा और छत्तीसगढ़ के युवकों के लिए भर्ती रैली की तिथि 15 सितंबर निर्धारित की गई है। रैली में भाग लेने के लिए निर्धारित तिथि को अभ्यर्थी को सुबह 6 बजे निर्धारित स्थल पर रिपोर्ट करना है। सुबह 10 बजे के बाद रिपोर्टिंग मान्य नहीं होगा। अभ्यर्थी 10+2/ इंटरमीडिएट/ समकक्ष परीक्षा में फिजिक्स, केमेस्ट्री, बायोलॉजी और अंग्रेजी विषय के साथ मान्यता प्राप्त बोर्ड से 50 प्रतिशत अंकों के साथ पास होना चाहिए। साथ ही, अंग्रेजी विषय में उसके 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए या गैर-व्यवसायिक विषयों जैसे फिजिक्स, केमेस्ट्री, बायोलॉजी और अंग्रेजी विषय में मान्यता प्राप्त बोर्ड से 50 प्रतिशत अंकों के साथ दोवर्षीय व्यवसायिक कोर्स उत्तीर्ण हुआ होना जरूरी है। साथ ही, अंग्रेजी विषय में उसके 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए।

## संक्षिप्त

### खेल शिक्षा का अभिन्न अंग : अभिषेक झा

**लोहरदगा।** खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं है बल्कि अच्छे नागरिक बनने में सहायता करता है। खेल में भागीदारी होने से खिलाड़ी आत्मविश्वास से भरे होते हैं। उपर्युक्त बातें सदर प्रखंड के उत्कृष्ट नदिया हिंदू उच्च विद्यालय लोहरदगा में खेलो झारखंड के तहत प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा ने कहा। बीईईओ रामजीवन नायक ने खेल में भाग ले रहे प्रतिभागियों का हौसला अफजाई किया और कहा कि खेल को खेल भावना से ही खेलने की जरूरत है। उद्घाटन के मौके पर शिक्षक शैलेंद्र कुमार सुमन, मुमताज अहमद, विजय कुमार, एनामुल हक, असफाक खलीफा,बीपीओ मंजू कुमारी एसीओ अनिल कुमार सिंह, सीआरपी जितेंद्र मित्तल, पूर्णकाम, टेक्निकल टीम अजय प्रसाद, पंकज कुमार, जाहिद अख्तर, संजय भगत, बिरेंद्र यादव, जीवन किशोर केरकेट्टा, सीमा शर्मा, नीलू गोयल, त्रिसंधा प्रजापति, निधि गुप्ता, राजेंद्र लकड़ा, रश्मि खेस, संध्या सिंह, जोहरा जमाल, पुष्पलता टोप्पो,नीलम कुजूर, खदिया भगत, एमआईएस पवन साहू, नदिया स्कूल के अनिल कुमार समेत विभिन्न स्कूलो के प्रतियोनियोजित शिक्षक शिक्षिका मौजूद थे।

### नेत्र शिविर में 206 मरीजों का इलाज

**लोहरदगा।** 38वां नेत्रदान पखवाड़ा पर दो दिवसीय नेत्र शिविर का आयोजन वनवासी कल्याण केंद्र एवं जिला अंधापन नियंत्रण समिति लोहरदगा के तत्वाधान में किया गया। शिविर का उद्घाटन नेत्र सर्जन डॉक्टर दीपक लकड़ा एवं अस्पताल समिति के सचिव परमेश्वर साहू और संघ के जिला संघचालक मनोज दास ने किया। शिविर में डा नंदा प्रसाद सिंह, ब्रजमानी पाठक, रितु कुमारी, बसंती देवी, रंजीत उरांव, रंथू राम समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। शिविर में कुल 206 मरीजों की जांच कर सलाह दी गई। वहीं 28 रोगियों को मोतियाबिंद का आपरेशन सह लेंस प्रत्यारोपण किया गया। दवा चश्मा निशुल्क संस्था द्वारा दिया गया।

### समिति ने तीन यूनिट रक्तदान किया

**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति ने सोमवार को तीन पीड़ित मरीजों को ब्लड देकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। हटिया मोहल्ला निवासी संजय कसेरा की पत्नी गुंजा देवी सदर अस्पताल, नवाड़ी पाड़ा निवासी रणधीर महतो की पत्नी सबीता देवी मिशन हॉस्पिटल एवं किसको मोड़ निवासी राजेश उरांव लक्ष्मी नर्सिंग होम में इलाजरत थी। तीनों को डॉक्टर ने खून की कमी बताई। परिवार के लोग काफी परेशान होकर जय श्रीराम समिति से संपर्क किया। समिति ने तत्काल पहल करते हुए समिति के क्रमशः रत्नेश प्रकाश, जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो एवं समिति सदस्य बसंत महतो ने एक - एक यूनिट ब्लड देकर गरीब पीड़ित मरीज की मदद की। मौके पर संरक्षक नंदलाल महतो, अनूप महतो, जिला उपाध्यक्ष बिक्की कसेरा, नगर महामंत्री सुशील पटनायक सुजल सहानी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**सेन्हा।** थाना क्षेत्र के कल्हेपाट नंदगांव मोड़ के समीप बाइक अनियंत्रित हो गिरने पर दो युवक घायल हो गए। दोनों घायल युवकों की पहचान ईचा बड़का टोली निवासी चुयटा उरांव के 33 वर्षीय पुत्र वीरकुंवर उरांव तथा बखरी टोली निवासी चौठा उराँव के 32 वर्षीय पुत्र मंगलेश्वर उरांव के रूप में की गईहै।


झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
जिला नियोजनालय, गुमला।
भर्त्ती कैम्प–2023

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय GOVERNMENT OF INDIA MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT

सूचना

राज्य के बेरोजगार युवक/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजन का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, गुमला के तत्वाधान में दिनांक–14.09.2023 दिन (गुरूवार) के पूर्वाहन 10:30 बजे से 4:00 बजे तक एक दिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। भर्ती कैम्प में निम्नांकित प्रमुख नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–
स्थान– औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, (I.T.I) गुमला CRPF कैम्प कार्यालय परिसर सिलम में।

| SI NO | Name of the Employer & Address | Name of the post | No. of Vacancy | Qualification Required | | Experience / Height | Age (Min. / Max) | (Pay/ Scale) | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Essential | Desirable | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | VFS Capital Limited ECO Space Business Park Tower -48 4th floor room no-403 New town, Rajarhat kolkata 700160 | Customer Service Representative | 50 | 10th, 12th Pass (Male and Female) | | Minimum 0 to 6 months of Experience in Microfinance Industry | 18-30 Years | 10210/- (Per Month) | Sisai (Gumla), Ranchi, Dumka, Deoghar, Pakur, Daltonganj, Garhwa, Ghatshila, Chandil. |
| | | Sr. Customer Service Representative | 50 | 10th, 12th Pass (Male and Female) | | Minimum 1 to 2 Years of Experience in Microfinance Industry | 18-30 Years | 12000/- (Per Month) | |

कम्पनी द्वारा दिये जाने वाले बेनिफिट्स :–
- Attractive salary with P.F& ESIC benefit.
- Fuel/Incentive/Mobile Allowance.
- Free Accomodation.
- योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा नजदीकी नियोजनालय पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों Resume (Self Attested), Aadhar Card (Self Attested), Pan Card (Self Attested), Voter Id (Self Attested), Valid Driving Licence/ Learning Licence (Self Attested), Own Bike/ Scooty RC (Self Attested), Educational Mark sheet and Certificate, Bank Account Details एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी ) दो पासपोर्ट साईज फोटो एवं अनिवार्य रूप के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो।जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं। चूँकी रिक्ति निजी क्षेत्र की है, अतः चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
जिला नियोजनालय, गुमला।

PR 306649 Labour Employment and Traning(23-24)D


# मरांडी की संकल्प यात्रा की तैयारी को लेकर हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर(गुमला )**
प्रखंड मुख्यालय के दुर्गा मंदिर परिसर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के 19 सितंबर को गुमला में होने वाले संकल्प यात्रा की तैयारी को लेकर भारतीय जनता पार्टी चैनपुर मंडल की बैठक बुधराम नायक मंडल महामंत्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें प्रखंड के सभी मोर्चो के पदाधिकारी एवं पंचायत के प्रभारी शामिल हुए। यह जानकारी संयोजक भूपन साहू ने दी। मौके पर सांसद प्रतिनिधि नीरज शर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अवधेश प्रताप शाहदेव, मयंक मौली शर्मा, संतोष प्रसाद केसरी, राजेश भगत, सीताराम लोहार, भरत बैगा, दीपक रजक, नरेंद्र सिंह, मधु साहू, यशवंत केशरी के साथ चैनपुर मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। वहीं कार्यक्रम के मंडल प्रभारी पूर्व विधायक कमलेश उरांव ने कहा कि चैनपुर प्रभारी कमलेश उरांव के नेतृत्व में शहीद पीटर टोप्पो के ग्रामीण स्थल से मिट्टी संग्रह कर इस कार्यक्रम की सुरुआत की उसके बाद सभी कार्यकर्ताओं के अपने क्षेत्र में हो रहे परेशानियों से अवगत हुए। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन अपने मंत्रियों के साथ हमारे झारखंड राज्य को लूट रहे हैं इसलिए अब समय आ गया है ऐसे भ्रष्टाचारी सरकार को सबक सिखाने के लिए राज्य की गद्दी से हटाया जाए।



# एसपी से मिला मुस्लिम लीग का दल

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश सचिव फिदाउल अंसारी के अगुवाई में लोहरदगा जिला के नवनियुक्त एसपी हारिस बिन जमां से मिला। लोहरदगा जिला में एसपी के पदभार ग्रहण करने पर मुबारकबाद दी। जिला में शांति व्यवस्था, यातायात समस्या और खास करके आपराधिक मामला एवं नशा अभियान चलाने को लेकर चर्चा हुई। एसपी हारिस बिन जमां ने कहा कि बिल्कुल जिला के कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पूरी ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करेंगे। अपराधियों पर कड़ी करवाई करेंगे। जिला में कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए सामाजिक लोगो का सहयोग चाहिए इसपर मुस्लिम लीग के प्रदेश सचिव ने आश्वस्त करते हुए कहा कि मुस्लिम लीग की पूरी टीम जिला प्रशासन के साथ हर कदम पर सहयोग करेगी। मौके पर अमीन अंसारी, रमजान अंसारी, नसीम अंसारी, समीम अंसारी, यासीन अंसारी, कलाम अंसारी, महबूब अंसारी आदि लोग शामिल थे।



## एसटी/एससी/ओबीसी मोर्चा व अंबेडकर विचार मंच ने तत्कालीन एसपी रामकुमार को विदाई दी

**लोहरदगा।** अनुसूचित जाति/जनजाति/पिछड़ी जाति पदाधिकारी कर्मचारी संघ एवं अम्बेडकर विचार परिषद लोहरदगा के तत्वावधान में तत्कालीन पुलिस अधीक्षक लोहरदगा आर रामकुमार के स्थानांतरण के फलस्वरूप उनके आवासीय परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। संघ के सचिव लखन राम के नेतृत्व में अध्यक्ष अरुण राम, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी विभाकर कुमार, भूमि संरक्षण पदाधिकारी संजय कुमार राम, जिला सहकारिता पदाधिकारी अमर भूषण क्रांति, जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा, खेल प्रशिक्षक नम्रता भगत, ओमनी उरांव, दसई उराव एवं बालक आवासीय फुटबाल प्रशिक्षण केंद्र एवं डे बोर्डिंग एथेलेटिक्स के छात्र-छात्राओं द्वारा अंगवस्त्र ओढ़ाकर, पुष्पगुच्छ दिया गया। पुलिस अधीक्षक लोहरदगा के रूप में पदस्थापन के दौरान किए गए उत्कृष्ट कार्यो से संबंधित चित्र संग्रह को भेंट भी किया गया।


कार्यालय–सहायक निबंधक सहयोग समितियाँ
–सह–संचालन पदाधिकारी, गुमला अंचल गुमला।

विशेष सूचना

मैं **मंजू बिरजिनिया एक्का, सहायक निबंधक सहयोग समितियाँ गुमला अंचल ,गुमला** सह संचालन पदाधिकारी प्राथमिक सहयोग समितियाँ झारखण्ड सहकारी सोसाईटी नियमावली 1959 के नियम 21 (घ) (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **अम्बोवा मत्स्यजीवी स० स० लि०, प्रखण्ड–भरनो, जिला–गुमला** के प्रबंधकारिणी समिति के गठन हेतु विशेश आम सभा (निर्वाचन) सम्पन्न कराने के लिए **श्री ओसिस मुर्मू, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, चैनपुर** एवं **श्री आनन्द कुमार तिर्की, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, कामडारा** को क्रमशः निर्वाचन पदाधिकारी एवं अनुकाल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्त करते हुए झारखण्ड सहकारी सोसाईटी नियमावली 1959 के नियम 21 (ख) (3) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त समिति के प्रबंधकारिणी समिति के गठन हेतु झारखण्ड सहकारी सोसाईटी नियमावली 1959 के नियम 21 (ग) तथा 21 (ड़) के अधिन निम्नांकित कार्यक्रम निर्धारित करता हूँ तथा उपर्युक्त नियुक्त पदाधिकारियों को निर्देश दिया जाता है कि वे झारखण्ड सहकारी सोसाईटी अधिनियम 1935, झारखण्ड सहकारी सोसाईटी नियमावली 1959, समिति की निबंधित उप विधियों तथा विभागीय परिपत्रों में वर्णित प्रावधानों के अनुरूप कार्रवाई करेंगे।

| क्र० सं० | कार्यक्रम | तिथि | समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नामांकन दाखिल करना | 02-11-2023 | 10:00 – 02:00 P.M. | निर्वाचन संबंधी सभी कार्यक्रम कांसीर लैम्पस मुख्यालय में होगा। |
| 2 | नामांकन पत्रों की जाँच | 02-11-2023 | 02:00 – 04:00 P.M. | |
| 3 | नामांकन सूचि का प्रदर्शन | 02-11-2023 | 05:00 P.M. | |
| 4 | नामांकन पर आपत्ति प्राप्त करना | 03-11-2023 | 10:00 – 01:00 P.M. | |
| 5 | प्राप्त आपत्तियों पर निष्पादन | 03-11-2023 | 02:00 – 04:00 P.M. | |
| 6 | विधि मान्य नामांकन सूचि का प्रदर्शन | 03-11-2023 | 04:30 P.M. | |
| 7 | नामांकन की वापसी | 04-11-2023 | 10:00 – 12:00 P.M. | |
| 8 | नामांकन की वापसी, यदि कोई हो के पश्चात् नामांकन सूचि का प्रदर्शन | 04-11-2023 | 01:00 P.M. | |
| 9 | चुनाव चिन्ह का आवंटन | 04-11-2023 | 02:00 P.M. | |
| 10 | मतदान (निर्वाचन की स्थिति में) | 11-11-2023 | 08:00 – 03:00 P.M. | |
| 11 | मतगणना (मतदान की स्थिति में) | 11-11-2023 | मतदान के उपरान्त | |
| 12 | मतगणना के उपरान्त विशेष आम सभा में निर्वाचन परिणाम की घोषणा | 11-11-2023 | मतगणना के उपरान्त | |

सहायक निबंधक स० स०
गुमला अंचल, गुमला–सह–
संचालन पदधिकारी

PR 306581 (Co-opretive) 23-24 (D)


## आयोजन | आजसू का ग्राम प्रभारी सम्मेलन सह कार्यकर्ता मिलन समारोह हुआ

# भ्रष्टाचार हेमंत सरकार की संस्कार है: सुदेश महतो

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
जिला आजसू पार्टी द्वारा सदर प्रखंड कार्यालय स्थित टाउन हॉल में आयोजित ग्राम प्रभारी सम्मेलन सह कार्यकर्ता मिलन समारोह आयोजन किया गया। मौके पर पार्टी सुप्रीमो केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने वर्तमान झारखंड सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भ्रष्टाचार हेमंत सरकार की संस्कार बन गई है। ना तो बिना चढ़ावा दिए जिला अनुमंडल एवं प्रखंडों में पदाधिकारियों की पदस्थापना होती है और ना गरीब जनता से घुस लिए बिना पदाधिकारी के यहां कोई काम होता है। चढ़ावा चढ़ाने पर ही एक टेबल से दूसरे टेबल तक फाइल सरकती है । उन्होंने कहा कि सरकार प्रशासनिक पदाधिकारी को उनके मूल कार्य से भटका दी है जो राज्यहित में बिल्कुल उचित नहीं है । सुदेश कुमार महतो ने कहा कि भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ फेंकने की बारी आ गई है। आप ग्राम स्तर के कार्यकर्ता ही पार्टी का असली नींव हैं। स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी नेहरू शांति भगत ने कहा कि आने वाले चुनाव में आप मुझे मौका दें। मैं निश्चित रूप से कमल किशोर भगत जी के अधुरे सपनों को पूरा करूंगी। इस क्षेत्र की सेवा में अपना तन - मन ही नहीं बल्कि सारा जीवन समर्पित कर दूंगी। केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत एवं केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष तथा लोहरदगा जिला प्रभारी हसन अंसारी ने ग्रामवार, पंचायतवार और प्रखंडवार संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा की। सभी कार्यकताओं को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती ने की जबकि सफल संचालन जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी रामचंद्र गिरि एवं महिला जिला अध्यक्ष अनीता साहू के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव रोशन लाल चौधरी, नुरुल हुदा, केंद्रीय सचिव लाल गुडडू नाथ शाहदेव, सूरज अग्रवाल, अरविंद यादव, केंद्रीय सदस्य राम नंदन साहू, राजू गुप्ता, देवेंद्र साहु ,केन्द्रीय महिला प्रवक्ता अंजु देवी, रामगढ़ जिला अध्यक्ष दांगीजी, विलियम कुजूर, अरविंद पाठक, संजू सिंह, भंडरा प्रमुख बैरिया देवी, मुन्ना अग्रवाल, विजय कुमार समेत अन्य मौजूद थे।



परिस्थितियां जब विपरीत हो तब 'प्रभाव' और 'धन' नहीं बल्कि 'स्वभाव' और 'सम्बन्ध' ही लोगो के काम आते है। - अज्ञात



# उपचुनाव व भाजपा

***डुमरी*** विधानसभा उपचुनाव में हेमंत सोरेन ने वह कर दिखाया जिसकी भनक तक बीजेपी को नहीं लगी। यही कारण है कि वह अपनी रणनीति बदलने पर विवश नजर आ रही है। वैसे जहां भी उपचुनाव होते हैं,वहां के नतीजों में बीजेपी को बढ़त तो दिखती है, लेकिन उसकी कमजोरी भी उजागर होती है। यूपी की घोसी सीट पर दारा सिंह चौहान की हार, बंगाल में बीजेपी को अपनी सीट गंवाना और झारखंड की डुमरी सीट पर एनडीए के साझा प्रयासों का कोई नतीजा नहीं निकलना, बीजेपी के लिए आसन्न लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चिंता की बात है। आमतौर पर लोग उपचुनाव को आम चुनाव का पूर्वानुमान मानते हैं। इस बार के उपचुनावों के नतीजों को भी लोग इसी नजर से देख रहे हैं। हालांकि यह सिर्फ अनुमान भर हो सकता है। इसका सटीक नतीजे के रूप में देखना या जनमानस का रुझान मानना उचित नहीं। बंगाल में टीएमसी ने बीजेपी की एक सीट झटक ली तो झारखंड में अब तक के उपचुनावों के तमाम नतीजे झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाले गठबंधन के लिए शुभ रहे हैं। अगले साल झारखंड में होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव के मद्देनजर डुमरी उपचुनाव को महत्वपूर्ण माना जा रहा था। इसलिए कि भाजपा-आजसू इस बार एक साथ थे। माना जा रहा था कि साल 2019 के विधानसभा चुनाव में झारखंड की डुमरी सीट पर जगरनाथ महतो (अब स्वर्गीय) की जीत इसलिए हुई कि यह उनकी पारंपरिक सीट थी। जगरनाथ महतो के निधन के बाद जेएमएम नेता और झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने बड़ी होशियारी से जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी को उनके स्थान पर मंत्री बना दिया। इस बार भी एनडीए उम्मीदवार के रूप में यशोदा देवी ने जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी से जोरदार मुकाबला किया, पर एनडीए की रणनीति पर सहानुभूति लहर ने पानी फेर दिया। ऐसे में देखा जाये तो बेबी देवी की जीत में तीन फैक्टर ने काम किया। पहला यह कि डुमरी जेएमएम की पारंपरिक सीट रही है। डुमरी यद्यपि जेएमएम की सीट ही थी, लेकिन पिछले अनुभव को देखते हुए माना जा रहा था कि साझा उम्मीदवार होने की स्थिति में एनडीए उम्मीदवार को कामयाबी मिल जायेगी। इसलिए इसे सीधे तौर पर यह कहना कि यह विपक्षी गठबंधन की जीत है, उचित नहीं होगा। हां, यह बात जरूर है कि हेमंत सोरेन के कार्यकाल में जितने उप चुनाव हुए, उन पर विपक्षी जेएमएम के नेतृत्व वाले गठबंधन ने अपनी पकड़ मजबूत रखी है और एनडीए यानी बीजेपी-आजसू के साझा प्रयास के बावजूद जेएमएम गठबंधन उपचुनाव जीतता रहा है। अगले साल झारखंड में लोकसभा के तुरंत बाद ही विधानसभा के भी चुनाव होंगे। बीजेपी ने पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी को फिलहाल प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व सौंपा है। मरांडी के अध्यक्ष रहते उन्हें अपनी काबिलियत साबित करने का डुमरी सीट बेहतर अवसर थी। आजसू को यह सीट देने पर मरांडी की सहमति से साफ है कि उनकी रणनीति में कोई कमी नहीं थी। लेकिन लोकतंत्र में जनता का निर्णय ही यथार्थ है। जनता के निर्णय अनुकूल है कि प्रतिकूल, इसका भी कोई एक कारण नहीं होता। लेकिन प्रतिकूल परिणाम से कुछ समझने लायक संदेश तो मिलते ही हैं। और यह संदेश भाजपा के लिए शुभ नहीं दिखता। कम से कम झारखंड में।

**बंगाल में टीएमसी ने बीजेपी की एक सीट झटक ली तो झारखंड में अब तक के उपचुनावों के तमाम नतीजे झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाले गठबंधन के लिए शुभ रहे हैं। अगले साल झारखंड में होने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनाव के मद्देनजर डुमरी उपचुनाव को महत्वपूर्ण माना जा रहा था। इसलिए कि भाजपा-आजसू इस बार एक साथ थे।**

# भारत में आयोजित जी-20 की दो बड़ी उपलब्धियां





आर.के.सिन्हा

***अब*** तक का सबसे भव्य अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन जी-20 शिखर सम्मेलन जो भारत की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित हुआ, दो वजहों से याद रखा जायेगा। पहला, जी 20 घोषणा पत्र पर सभी सदस्य देशों की सहमति बन गई। हालांकि, इस मसले पर चीन, कनाडा आदि देशों से विवाद होने की आशंका जताई जा रही थी। दूसरा, अफ्रीका यूनियन को भारत की पहल पर जी-20 में शामिल कर लिया गया जो 'जी -20' में भारत की स्थिति को और मजबूत बनायेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा 'हमारी टीम की कड़ी मेहनत से ही नई दिल्ली जी-20 लीडर्स घोषणा पत्र पर आम सहमति बनी है।' अब पाठकों को यह भी जानना जरूरी है कि नई दिल्ली घोषणा पत्र में किन चीजों का जिक्र है क दरअसल इसमें संसार के मजबूत, दीर्घकालीक, संतुलित और समावेशी विकास पर जोर दिया गया है। जी-20 नेताओं ने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की निंदा की और माना कि यह अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए सबसे गंभीर खतरों में से एक है। घोषणा पत्र में यह भी कहा गया, 'यूक्रेन में युद्ध के संबंध में बाली में हुई चर्चा को दोहराते हुए हमने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और संयुक्त राष्ट्र महासभा प्रस्तावों पर अपने रुख को दोहराया और इस बात पर जोर दिया कि सभी देशों को संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों और सिद्धांतों के अनुरूप ही कार्य करना चाहिए।' बेशक, अफ्रीकन यूनियन का जी-20 का स्थायी सदस्य बनना इस जी-20 सम्मेलन की दूसरी बड़ी उपलब्धि रही। इसका प्रस्ताव भारत ने ही रखा था, जिसका सभी ने समर्थन किया। नरेन्द्र मोदी ने अपने भाषण में कहा, 'सबके साथ लेकर चलने की भावना से ही भारत ने प्रस्ताव रखा था कि अफ्रीकन यूनियन को जी-20 की स्थायी सदस्ता दी जाय। मेरा विश्वास है कि इस प्रस्ताव पर हम सब की सहमति है।' अफ्रीकन यूनियन के जी-20 समिट का स्थायी सदस्य बनने से अफ्रीका के 55 देशों को फायदा मिलेगा। अफ्रीकन यूनियन की स्थापना 26 मई 2001 को अदीस अबाबा, इथियोपिया में हुई थी और 9 जुलाई 2002 को दक्षिण अफ्रीका के डरबन में इसे औपचारिक रूप से लॉन्च किया गया था। इसने ऑर्गेनाइजेशन ऑफ अफ्रीकन यूनियन की जगह ली थी। वैश्विक जीडीपी में इसका योगदान 18.81 हजार करोड़ रुपये है। अफ्रीकन यूनियन का उद्देश्य देश के आर्थिक और राजनीतिक मुद्दों को चर्चा करना और उनका स्थाई समाधान निकालना है। भारत को अफ्रीका से जोड़ने में महात्मा गांधी की सबसे खास भूमिका रही थी। महात्मा गांधी ने अश्वेतों के हक दिलाने के लिये और नस्लवाद के लिए खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। दक्षिण अफ्रीका के शिखर नेता नेल्सन मंडेला भी गांधी जी को अपना आदर्श बताते थे। वे लंबी जेल यात्रा से रिहा होने के बाद 1990 में दिल्ली आये थे। वह उनकी जेल से रिहा होने के बाद पहली विदेश यात्रा थी। भारत सरकार ने उन्हें भारत रत्न से भी सम्मानित किया। भारत सरकार ने राजधानी में मंडेला के नाम पर एक प्रमुख मार्ग का नाम नेल्सन मंडेला मार्ग रखा। दरअसल मित्र राष्ट्र आपसी सौहार्द के लिए एक-दूसरे के देशों के महापुरुषों, जननेताओं तथा राष्ट्राध्यक्षों के नामों पर अपने यहां सड़कों,पार्कों और संस्थानों के नाम रखते हैं। उसी परम्परा को आगे बढ़ाते हुए भारत सरकार ने मंडेला के नाम पर एक खास सड़क का नामकरण किया था। गांधी जी के विचारों से प्रभावित मंडेला 1995 में फिर भारत आय। नेल्सन मंडेला के नाम पर जामिया मिल्लिया इस्लामिया में साल 2004 में नेल्सन मंडेला सेंटर फॉर पीस एंड कान्फ्लिक्ट रेजलूशन की स्थापना की गई। इस सेंटर की स्थापना मुख्य रूप से इसलिए की गई थी ताकि दुनियाभर में शांति और सदभाव के लिए भारत की तरफ से की जाने वाली कोशिशों का गहराई से अध्ययन हो सके। भारत तो सभी अफ्रीकी देशों से बेहतर संबंध स्थापित करने को लेकर प्रतिबद्ध रहा है। भारत अफ्रीका में बड़ा निवेशक है। अफ्रीका में टाटा, महिन्द्रा, भारती एयरटेल, बजाज आटो, ओएनजीसी जैसी प्रमुख भारतीय कंपनियां कारोबार कर रही है। भारती एयरटेल ने अफीका के करीब 17 देशों में दूरसंचार क्षेत्र में 13 अरब डालर का निवेश किया है। भारतीय कंपनियों ने अफ्रीका में कोयला, लोहा और मैगनीज खदानों के अधिग्रहण में भी अपनी गहरी रुचि जताई है। इसी तरह भारतीय कंपनियां दक्षिण अफ्रीकी कंपनियों से यूरेनियम और परमाणु प्रौद्योगिकी प्राप्त करने की राह देख रही है। दूसरी ओर अफ्रीकी कंपनियां एग्रो प्रोसेसिंग व कोल्ड चेन, पर्यटन व होटल और रिटेल क्षेत्र में भारतीय कंपनियों के साथ सहयोग कर रही हैं। अगर बात पूर्वी अफ्रीका की करें तो अंग्रेज सन 1896 से लेकर 1901 के बीच करीब 32 हजार मजदूरों को देश के विभिन्न भागों से केन्या, तंजानिया, युंगाड़ा लेकर गये थे। इन्हें केन्या में रेल पटियों को बिछाने के लिए लेकर जाया गया था। सिखों का संबध रामगढिया समाज से था। पूर्वी अफ्रीका का सारा रेल नेटवर्क पंजाब के लोगों ने तैयार किया था। इन्होंने बेहद कठिन हालतों में रेल नेटवर्क तैयार किया। उस दौर में गुजराती भी केन्या में आने लगे। पर वे वहां पहुंचे बिजनेस करने के इरादे से। रेलवे नेटवर्क का काम पूरा होने के बाद अधिकतर पंजाबी श्रमिक वहां पर भी बस गये। अब तो समूचे ईस्ट अफ्रीका के हर बड़े छोटे शहर में भारतवंशी और उनके पूजा स्थल हैं। केन्या के तो तमाम बड़े शहरों जैसे नैरोबी और मोम्बासा में बहुत सारे मंदिर और गुरुद्वारे हैं। इन भारतवंशियों के चलते भी अफ्रीका में भारत को लेकर एक बेहतर माहौल रहा है। केन्या की राजधानी नेरोबी हो या फिर साउथ अफ्रीका के सभी प्रमुख शहर, सभी में भारतीय कंपनियों के बड़े विशाल विज्ञापनों को प्रमुख चौराहों पर लगा हुआ देखा जा सकता था। भारत की ख्वाहिश रही है कि अफ्रीका के बाजार में भारत को और भी स्पेस मिले। खैर, 'जी-20 शिखर सम्मेलन' यादगार रहा है। यह कतई मामूली बात नहीं है कि जी-20 सम्मेलन के लिये राजधानी दिल्ली में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जापान के पीएम फुमियो किशिदा, ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथोनी अल्बनीज, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति के अलावा बाकी सदस्य देशों के मंत्री और नेता भी हाजिर रहे। यूं तो 1983 में नई दिल्ली में हुए गुट निरपेक्ष सम्मेलन में जी-20 की तुलना में कहीं अधिक राष्ट्राध्यक्ष आये थे, पर वे ज्यादा बहुत छोटे और गरीब देशों से संबंध रखते थे। उनकी विश्व की कूटनीति या व्यापार में कोई खास हैसियत नहीं थी। एक बात और। यह मानना होगा कि राजधानी दिल्ली को जी-20 शिखर सम्मेलन भारत मंडपम के रूप में एक बहुत शानदार उपहार दे गया।

**गांधी जी के विचारों से प्रभावित मंडेला 1995 में फिर भारत आय। नेल्सन मंडेला के नाम पर जामिया मिल्लिया इस्लामिया में साल 2004 में नेल्सन मंडेला सेंटर फॉर पीस एंड कान्फ्लिक्ट रेजलूशन की स्थापना की गई।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुने कथा दिति व अदिति की*

**उन** मन्त्रों में 'अदितिर्द्यौः' मन्त्र अदिति को माता के रूप में प्रदर्शित करता है जिसका अर्थ है- 'यह मित्रावरुण, अर्यमन, रुद्रों, आदित्यों इन्द्र आदि की माता हैं। इन्द्र और आदित्यों को शक्ति अदिति से ही प्राप्त होती है।' अथर्ववेद एवं वाजसनेयी-संहिता में अदिति के मातृत्व की ओर संकेत हुआ है। इस प्रकार उसका स्वाभाविक स्वत्व शिशुओं पर है। ऋग्वैदिक ऋषि अपने देवताओं सहित बार-बार अदिति की शरण में जाते हैं एवं अदिति से संकट निवारण करने एवं अपनी रक्षा करने की प्रार्थना करते हैं। 'अदिति' अपने शाब्दिक अर्थ में व्यापकता, बंधनहीनता और स्वतंत्रता की द्योतक है। इसलिए ऋग्वेद में अदिति की शरण में जाने वाले ऋषि अपनी मुक्ति की कामना करते हैं। कुछ अर्थों में अदिति को 'गौ' का पर्याय माना गया है। ऋग्वेद का एक प्रसिद्ध मंत्र इस प्रकार है- **'मा गां अनागां अदिति वधिष्ट'** अर्थात गाय रूपी अदिति को न मारो। इस मंत्र का सम्बन्ध गाय से है तथा इसी मंत्र का सम्बन्ध देवताओं की माता अदिति से है। इस मंत्र से स्पष्ट होता है कि भारतीय संस्कृति में अत्यंत प्राचीन काल से ही गाय को मनुष्य जीवन के लिए कितना महत्त्वपूर्ण माना गया! ऋग्वेद के इसी मंत्र के कारण हिन्दू आज तक 'गौ-हत्या' को घनघोर पाप मानते हैं। इसी मातृदेवी की उपासना के लिए विभिन्न रूपों में बनाई गई, प्राचीन काल की लाखों मूर्तियां मिलती हैं। इन मूर्तियों को सिंधु नदी घाटी से लेकर मध्य एशिया अर्थात ईरान एवं ईराक और भू-मध्य सागर के देशों अर्थात असीरिया, तुर्की एवं अनेक यूरोपीय देशों में प्राप्त किया गया है। इन्हीं मातृदेवियों की पूजा इस्लाम के उदय से पहले अरब के रेगिस्तान में होती थी। उनकी मूर्तियां आज भी अरब देशों से खुदाई में प्राप्त होती हैं। इन्हें लात अथवा अल्लात, मनात, हुबल और उज्जा अल-उज्जा कहा जाता है।

*(क्रमशः)*

# सुरक्षा परिषद में समय के अनुसार बदलाव जरुरी



पवन कुमार अरविंद

***किसी*** भी संस्था, प्रतिष्ठान अथवा संगठन के संचालन की नीतियां यदि समय के अनुसार बदली नहीं जायेंगी तो वह संस्था, प्रतिष्ठान अथवा संगठन प्रासंगिक नहीं रह पायेगा। वैश्विक परिदृश्य में यदि देखें तो अपने गठन के बाद से मात्र 25 वसंत देखने के बाद ही राष्ट्र संघ (लीग ऑफ नेशंस) का पतन इसका सबसे सशक्त उदाहरण है। ठोस और प्रासंगिक नीतियों के अभाव में इसके सदस्य स्वच्छंद हो गये थे। जापान ने 18 सितंबर 1931 को जब चीन के मंचूरिया इलाके पर हमला बोला तो उसने राष्ट्र संघ की एक न सुनी और जब राष्ट्र संघ ने कारण बताओ नोटिस जारी किया तो उसने इसकी सदस्यता ही छोड़ दी। यहां यह भी चर्चा करना समीचीन होगा कि जापान राष्ट्र संघ का स्थायी सदस्य था। वह एशिया का एकमात्र देश था जो स्थायी सदस्य के रूप में शामिल था। इसके अलावा यूरोप के तीन देश- ग्रेट ब्रिटेन, फ्रांस और इटली इसके स्थायी सदस्य थे। इसके बाद एक सितंबर 1939 को जर्मनी ने पोलैंड पर हमला बोल दिया। यह हमला ही द्वितीय विश्वयुद्ध का कारण बना। द्वितीय विश्व युद्ध शुरू होते ही राष्ट्र संघ की प्रासंगिता खुद-ब-खुद समाप्त हो गयी। 28 जून 1919 को वर्साय की संधि के परिणामस्वरूप प्रथम विश्व युद्ध समाप्त हुआ था। इसके बाद अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति वुडरो विल्सन की पहल पर 10 जनवरी, 1920 को राष्ट्र संघ इस संकल्पना के साथ अस्तित्व में आया कि भविष्य में फिर कभी द्वितीय विश्व युद्ध नहीं होने देंगे। यह भी कम आश्चर्यजनक नहीं है कि अमेरिका इसका सदस्य ही नहीं बन सका, क्योंकि अमेरिकी कांग्रेस ने राष्ट्र संघ की सदस्यता से जुड़े प्रस्ताव को स्वीकार ही नहीं किया। ये घटनाएं यह बताने के लिए पर्याप्त हैं कि यदि आप समय के अनुसार अपने में बदलाव नहीं करते तो यह वर्तमान आपको बर्दाश्त नहीं करेगा और आप अपनी प्रासंगिकता खो देंगे। फिर आप अपनी डफली बजाते रहिये, आपको कोई सुनने वाला नहीं मिलेगा। राष्ट्र संघ के पतन के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएनओ) अक्टूबर 1945 में अस्तित्व में आया। इसके भी गठन का कारण अमेरिका ही था। अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डी. रूजवेल्ट ने इसका नाम सुझाया था। यूएनओ की छह इकाइयों- महासभा, सचिवालय, आर्थिक एवं सामाजिक परिषद, न्यास परिषद, अंतरराष्ट्रीय न्यायालय और सुरक्षा परिषद में सुरक्षा परिषद ही सबसे प्रभावी इकाई है। इस समय 193 देश संयुक्त राष्ट्र संघ के सदस्य हैं। वर्तमान में सुरक्षा परिषद के 15 सदस्यों में पांच देश- संयुक्त राज्य अमेरिका, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और चीन इसके स्थायी सदस्य हैं। इन पांचों देशों को वीटो पावर मिला हुआ है। यानी किसी भी प्रस्ताव को ये अपने वीटो से पलटने की शक्ति रखते हैं। लंबे अरसे से सुरक्षा परिषद के विस्तार की मांग हो रही है। स्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ाने की मांग की जा रही है, लेकिन इस दिशा में अभी तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। चीन को छोड़कर चार स्थायी सदस्य- अमेरिका, ब्रिटेन, रूस और फ्रांस भारत की स्थायी सदस्यता के पक्षधर हैं। जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने नई दिल्ली आये अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारत की स्थायी सदस्यता की बात एक बार फिर दोहराई। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में कूटनीतिक बयान के खास मायने होते हैं। यहां बाइडन के बयान का भी अपना अर्थ है। हालांकि भारत के समर्थन की बात इतनी बार कही जा चुकी है कि अब ऐसे बयान जबानी जमा खर्च से ज्यादा अहमियत नहीं रखते। सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता के लिए अब ठोस पहल करने की जरूरत है। जैसे संयुक्त राष्ट्र के घोषणा पत्र के अनुच्छेद 23 में संशोधन कर सुरक्षा परिषद के सदस्यों की संख्या 11 से बढ़ाकर 15 कर दी गई, उसी प्रकार अब यह कदम उठाना होगा। संयुक्त राष्ट्र के घोषणा पत्र में संशोधन के बिना सुरक्षा परिषद के विस्तार की बात बेमानी है।

**जापान ने 18 सितंबर 1931 को जब चीन के मंचूरिया इलाके पर हमला बोला तो उसने राष्ट्र संघ की एक न सुनी और जब राष्ट्र संघ ने कारण बताओ नोटिस जारी किया तो उसने इसकी सदस्यता ही छोड़ दी।**

**बदलाव**

## फोटो की दुनिया



**फेसबुक वॉल से**

**आप सिर्फ अच्छे काम करते रहिए,<br>क्योंकि चाहे लोग तारीफ करें या ना करें,<br>आधी से ज्यादा दुनिया सोती रहती है,<br>तब भी सूरज निकलता है।**

# ग्रैंड पेरेंट्स को वृद्धाश्रमों में नहीं दिल में दें जगह



डॉ. रमेश ठाकुर

***ग्रैंड*** पेरेंट्स तजुर्बे की खान ही नहीं होते, बल्कि आदर-सम्मान, संस्कार की अव्वल पाठशाला होते हैं। उन्हीं के दिये हुए शुरूआती संस्कार के रूप में शिक्षा बच्चों के ताउम्र काम आती है। आमतौर पर कहा जाता है कि जिनके सिर पर घर के बुजुर्गों का हाथ होता है, वह जिंदगी में कभी मात नहीं खाते और जिनकी जिंदगी में ये नहीं होते वो बच्चे अभागे समझते जाते हैं? पर अफसोस आज के वक्त में ग्रैंड पेरेंट्स यानी घरों की धरोहर घरों में कम, वृद्धाश्रमों में ज्यादा दिखते हैं। ये सिलसिला तब से ज्यादा बढ़ा, जबसे 'एकल परिवार' की संस्कृति समाज में ज्यादा बढ़ी है। जबकि, देखा जाय तो बुजुर्ग आंगन की शोभा-सभ्यता जैसे होते हैं। इनके रहने मात्र से घरों की दीवारें गुलजार होती हैं और घर-आंगन खुशी से चहकते भी हैं। बुजुर्ग बरगद के विशाल पेड़ होते हैं जो तमाम समस्याओं से पहले खुद सामना करते हैं। उनकी पीठ बच्चों के लिए पहाड़ जैसी होती है जिन पर बैठकर बच्चे घमा चौकड़ी करते हैं, सवारी करते हैं और कूदते-फांदते, मस्ती करते हैं। आधुनिक युग में वक्त इतना बदल चुका है, जैसी पुरानी वस्तुओं को लोग बदलते देर नहीं करते। ठीक उसी तरह लोग घरों के बुजुर्गों को वृद्धाश्रमों में अब छोड़ने लगे हैं। हालांकि, इसके पीछे वजहें और भी बहुतेरी हैं? लेकिन ये भी सच है कि वजह चाहे कितनी भी हों, कितनी भी कठिन परिस्थिति क्यों न हो? इंसान को अपने जन्मदाताओं को कभी अपने से जुदा नहीं करना चाहिए। आज तकरीबन 80 फीसदी समस्या प्रत्येक घरों में कॉमन है, जो हर इंसान से वास्ता भी रखती है। पढ़ लिखकर हर कोई अच्छी नौकरी और अच्छा जीवन जीना चाहता है। इसके लिए गांव-घर छोड़ना पड़ता है। इंसान जब ऐसा करता है, तो गांव घर के साथ-साथ बुजुर्गों को भी पीछे छोड़ना पड़ता है। एक बार कोई शहर में जाकर बस गया, फिर पीछे नहीं मुड़ता? क्योंकि उसके बाद उसका अपना एक परिवार होता है, शहर में नौकरी होती है, बच्चों की पढ़ाई-लिखाई आदि। लेकिन इस तरक्की की सबसे ज्यादा खामियाजा बुजुर्ग ही भुगते हैं। तमाम दुख सहने के बाद भी वो चाहते हैं उनकी औलादें और उनके पोते-पोती खुश रहें। बहरहाल, ऐसे हालातों में बुजुर्ग खुद अपना बाकी का जीवन जीने और दुनियादारी छोड़कर वृद्धाश्रमों में चले जाने निर्णय लेते हैं। लेकिन उनका ये बलिदान शायद कोई समझ पाये। हम-आपका अकसर विशेष दिनों में वृद्धाश्रमों में जाना होता है। अबकी बार जब जाएं, तो किसी बुजुर्ग ये पूछे कि आप यहां क्यों आए? तो वह बतायेंगे कि बच्चे गांव छोड़कर शहर चले गये हैं। वहां घर छोटा है इसलिए हमें अपने पास नहीं रख सकते। ऐसे एकाध और भी कारण आपको वो बतायेंगे? निश्चित रूप ये सब सुनकर आपकी आंखों में भल्ल से पानी आ जायेगा। कोई भी बुजुर्ग अपनी मर्जी से वृद्धाश्रम में नहीं जाना चाहता, परिस्थितियां उन्हे वहां खींच ले जाती हैं। ग्रैंड पेरेंट्स दिवस कब से मनता है, चलिये इसकी भी कहानी बताते हैं। बात गुजरे वक्त सन 1978 की है जब तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर ने दादा-दादी दिवस के रूप में पहली बार ये दिन मनाये जाने को लेकर घोषणा की थी और अपने लोगों से सामूहिक हस्ताक्षर करवाकर श्रीगणेश किया। तभी 12 सितंबर 1978 से ग्रैंड पेरेंट्स डे मनाने की शुरूआत हुई। सर्वविदित है, कामकाजी पेरेंटस अपने बच्चे के लिए प्रत्येक समय उपलब्ध नहीं रह सकते हैं, उनकी गैरमौजूदगी में दादा-दादी ही वह शख्स होते हैं तो संस्कारी टीचर के रूप में बड़ी भूमिका निभाते हैं। दादा-दादियों के अनुभवों पर एक मिसरा हमेशा से प्रचलित रहा है कि 'हर रिश्ते में हमने मिलावट देखी, कच्चे रंगों की सजावट भी देखी, लेकिन सालों-साल देखा , दादा-दादी को उनके चेहरे पर न थकावट देखी और न प्यार में मिलावट कभी देखी? ये शब्द अपने आप में बहुत कुछ कहते हैं और सीख देने को प्रेरित करते हैं। आज ग्रैंड पेरेंट्स दिवस है जिसके मायने और जरूरत को सभी अच्छे से जानते हैं।

**आमतौर पर कहा जाता है कि जिनके सिर पर घर के बुजुर्गों का हाथ होता है, वह जिंदगी में कभी मात नहीं खाते और जिनकी जिंदगी में ये नहीं होते वो बच्चे अभागे समझते जाते हैं?**

**गैंड पेरेंट्स**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# गंजेपन की समस्या से खो दिये हैं कांफिडेंस...

पुरुषों के अलावा महिलाओं को भी गंजेपन की समस्या होती है। कई बार बार अधिक झड़ने पर स्कैल्प दिखने लगती है। जिसके कारण महिलाएं अपना कॉन्फिडेंस खोने लगती हैं। ऐसे में आप इन आसान उपायों को अपनाकर हेयर फॉल की समस्या से निजात पा सकती हैं। पुरुषों के अलावा महिलाओं को भी गंजेपन की समस्या होती है। कई बार बाल ज्यादा झड़ने लगते हैं। तो इसे गंजेपन का लक्षण माना जाता है। बाल अधिक झड़ने के कारण स्कैल्प नजर आने लगता है। वहीं इस कारण से कई महिलाएं अपना कांफिडेंस खो देती हैं। महिलाओं में गंजेपन की समस्या पुरुषों से थोड़ा अलग होती है। महिलाओं में स्कैल्प के आगे वाले हिस्से के बाल झड़ते हैं। बता दें कि क्राउन का आकार बनाते हुए पूरे स्कैल्प को प्रभावित करता है।

हालांकि महिलाओं में गंजेपन के कई कारण भी हो सकते हैं। महिलाओं में गंजेपन का मुख्य कारण हार्मोनल बदलाव, पीसीओएस, मेनोपॉज, अनुवांशिक इतिहास, गर्भनिरोधक गोलियों का ज्यादा सेवन और पोषक तत्वों की कमी आदि होती है। इस समस्या से निजात पाने के लिए कई आसान उपाय मौजूद हैं। जिनको अपनी डेली रूटीन में शामिल कर महिलाएं गंजेपन की समस्या से राहत पा सकती हैं।

**आंवला खाएं :** यदि महिलाएं नेचुरल तरीके से इस समस्या से निजात पाना चाहती हैं, तो उन्हें आंवले का सेवन करना चाहिए। आंवला में विटामिन-सी, ए और अन्य गुण पाए जाते हैं। इनसे बालों की ग्रोथ होती है। इसके अलावा हेयर ग्रोथ में आंवले का तेल भी काफी फायदा पहुंचाता है। आंवला सर्दियों के मौसम में आता है। ऐसे में आप आंवले का मुरब्बा, कैंडी या अचार बनाकर भी खा सकती हैं। वहीं 40 साल से ज्यादा उम्र की महिलाएं अपनी डाइट में भी बदलाव कर गंजेपन की समस्या से निजात नहीं पा सकती है। क्योंकि 40 की उम्र के बाद मेटाबॉलिज्म रेट धीरे-धीरे स्लो होने लगता है। जिन महिलाओं की उम्र 40 से कम हैं, वह अपनी डाइट में बदलाव कर इस समस्या से निजात पा सकती हैं।



**डेली रूटीन में शामिल करें वज्रासन :** वज्रासन गंजेपन की समस्या को दूर करने के लिए फायदेमंद माना जाता है। इस योगासन को अपनी डेली रुटीन में शामिल करने से स्कैल्प में ब्लड सकुर्लेशन को बढ़ावा मिलता है। साथ ही हेयर फॉलिकल्स बढ़ाने में मदद मिलती है। इस आसन को करने के लिए सबसे पहले घुटनों के बल बैठ जाएं। फिर अपने पंजों को पीछे की तरफ फैलाकर एक पैर के अंगूठे को दूसरे के ऊपर रखें। फिर अपने नितंबों को पंजों के बीच में रखें। इस दौरान एड़ियों को कूल्हों की तरफ रखना है। इस आसन के नियमित अभ्यास से गंजेपन की समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है।

**पोषक तत्व हैं जरूरी :** गंजेपन की समस्या से निजात पाने के लिए नए बालों का उगना काफी ज्यादा जरूरी होता है। कई बार पोषक तत्वों की कमी के चलते भी गंजेपन की समस्या हो जाती है। इस समस्या से निजात पाने के लिए महिलाओं को अपनी डाइट में आयरन रिच फूड्स को शामिल करना चाहिए। बता दें कि आयरन की कमी से हेयर फॉल की समस्या होती है। ऐसे में आप आयरन की पूर्ति के लिए अपनी डाइट में अंडा, साबुत अनाज, बिन्स और सूखे फल आदि शामिल कर सकती हैं। वहीं बालों के लिए जिंक भी जरूरी होता है। आप फलियां, नट्स और साबुत अनाज का सेवन कर जिंक की कमी को पूरा कर सकती हैं। इसके अलावा महिलाओं को अपनी डाइट में विटामिन-बी3, विटामिन-ए, डी और सी को भी शामिल करना चाहिए।

**स्कैल्प पर अप्लाई करें मेथी :** बाल झड़ने की समस्या को रोकने के लिए बालों पर मेथी का इस्तेमाल करनें। एंड्रोजन हार्मोन के बढ़ने से बाल ज्यादा टूटने लगते हैं। ऐसे में मेथी एंड्रोजन हार्मोन को कंट्रोल कर बालों को हेल्दी बनाने के साथ हेयर ग्रोथ में भी मदद करता है। इसलिए सप्ताह में कम से कम एक बार मेथी का पेस्ट बालों में अप्लाई करें। कुछ लोग मेथी पानी का भी सेवन करते हैं। इससे आपके बाल धीरे-धीरे ग्रोथ करने लगेंगे। बता दें कि मेथी की तासीर गर्म होती है। ऐसे में आपको मेथी पानी का अधिक सेवन करने से बचना चाहिए।

**सिर में लगाएं अरंडी का तेल :** गंजेपन की समस्या को कम करने के लिए बालों में अरंडी का तेल लगाना फायदेमंद होता है। 2 चम्मच अरंडी के तेल में 1 चम्मच नारियल का तेल मिक्स कर लें। फिर इस तेल को हल्का सा गर्म कर लें। इसके बाद हल्का गुनगुना तेल स्कैल्प पर अप्लाई करें। बता दें कि अरंडी के तेल में ओमेगा-6 एसेंशियल फैटी एसिड पाया जाता है। जो बालों को जड़ों से मजबूत बनाता है। इस उपाय से डैंड्रफ की समस्या भी कम होती है।

❖ अनन्या मिश्रा

# टैनिंग दूर करने से लेकर स्किन को ब्राइटन करने में मदद करेगा चुकंदर

चुकंदर की मदद से स्किन को बेहद आसानी से ब्राइटन बनाया जा सकता है। आप इसे संतरे के छिलके के पाउडर के मिक्स करके अप्लाई कर सकते हैं। अगर आपको इन दिनों टैनिंग की समस्या का सामना करना पड़ रहा है तो ऐसे में चुकंदर का इस्तेमाल करना यकीनन काफी अच्छा माना जाता है। अपनी स्किन को नेचुरली ग्लोइंग बनाने की चाहत तो हम सभी की होती है और इसके लिए हम कई सारे ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल भी करते हैं। लेकिन वास्तव में आपकी किचन में ही ऐसी कई चीजें होती हैं जो आपकी स्किन के लिए किसी जादू की तरह काम करती हैं। इन्हीं में से एक है चुकंदर। इसका सेवन करना सेहत के लिए काफी अच्छा माना जाता है। लेकिन यह आपकी स्किन के लिए भी उतना ही लाभकारी है। इसे स्किन पर लगाने से ना केवल आपको ग्लोइंग स्किन मिलती है, बल्कि एजिंग के साइन्स यहां तक कि टैनिंग से भी छुटकारा मिलता है।

### ब्राइटन स्किन के लिए चुकंदर

चुकंदर की मदद से स्किन को बेहद आसानी से ब्राइटन बनाया जा सकता है। आप इसे संतरे के छिलके के पाउडर के मिक्स करके अप्लाई कर सकते हैं।

### आवश्यक सामग्री-

- दो चम्मच संतरे के छिलके का पाउडर
- एक चम्मच चुकंदर का रस

### इस्तेमाल का तरीका-

- सबसे पहले आप एक बाउल में संतरे के छिलके के पाउडर और चुकंदर का रस डालें।
- इसे अच्छी तरह मिक्स करके स्मूद पेस्ट बना लें।
- अब आप अपने फेस को क्लीन करके चेहरे पर लगाएं।
- करीबन 15 मिनट बाद आप चेहरे को क्लीन कर लें।



### टैनिंग दूर करने के लिए चुकंदर

अगर आपको इन दिनों टैनिंग की समस्या का सामना करना पड़ रहा है तो ऐसे में चुकंदर का इस्तेमाल करना यकीनन काफी अच्छा माना जाता है।

### आवश्यक सामग्री-

- एक चम्मच चुकंदर का रस
- एक चम्मच खट्टी क्रीम

### इस्तेमाल का तरीका-

- फेस पैक बनाने के लिए सबसे पहले चुकंदर का रस और खट्टी क्रीम डालकर मिक्स करें।
- जब स्मूद पेस्ट बन जाए तो आप अपने फेस को क्लीन करके इसे लगाएं।
- इसे आप लगभग 20-25 मिनट तक लगा रहने दें।
- अंत में, फेस को अच्छी तरह क्लीन करके मॉइश्चराइजर लगाएं।

### स्मूथ स्किन के लिए चुकंदर

अगर आप एक स्मूथ और ब्यूटीफुल स्किन पाना चाहती हैं तो इसमें भी चुकंदर आपकी काफी मदद कर सकता है।

### आवश्यक सामग्री-

- तीन चम्मच दही
- दो चम्मच चुकंदर का रस

### इस्तेमाल का तरीका-

- फेस पैक को बनाने के लिए दही और चुकंदर का रस डालकर मिक्स करें।
- अब आप इसे अपने पूरे चेहरे और गर्दन पर लगाएं।
- करीबन 15 मिनट के लिए इसे ऐसे ही छोड़ दें।
- अंत में, आप चेहरे को पानी से धो लें।

❖ मिताली जैन

# बादाम व शहद के फेस पैक से स्किन बनेगी हेल्दी और जवां

हेल्दी स्किन पाने के लिए लोग स्किन ट्रीटमेंट का भी सहारा लेते हैं। लेकिन क्या आप जानती हैं कि अपनी स्किन को हेल्दी बनाए रखने के लिए आपको बाहरी प्रोडक्ट्स की नहीं, बल्कि केवल बादाम और शहद की जरूरत होती है। खूबसूरत और हेल्दी स्किन पाने के लिए रोजाना अपनी स्किन की देखभाल करता बेहद जरूरी होता है। इसके अलावा स्किन को हेल्दी रखने के लिए कड़े कदम भी उठाने होते हैं। हालांकि हेल्दी स्किन पाने के लिए लोग स्किन ट्रीटमेंट का भी सहारा लेते हैं। लेकिन क्या आप जानती हैं कि अपनी स्किन को हेल्दी बनाए रखने के लिए आपको बाहरी प्रोडक्ट्स की नहीं, बल्कि केवल बादाम और शहद की जरूरत होती है। तो आज इस आर्टिकल में हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप किस तरह से बादाम और शहद से बने फेस पैक का इस्तेमाल कैसे करें और इससे आपकी स्किन को कैसे फायदा पहुंचेगा।



### ऐसे पायें बेदाग त्वचा

बादाम

शहद

बादाम को फेस पर लगाने से आपकी स्किन को नेचुरल ऑयल मिलता है।

इसमें मौजूद तत्व स्किन को लचीला और जवां बनाए रखते हैं।

फेस पर ग्लो लाने के लिए बादाम का तेल काफी ज्यादा फायदेमंद होता है।

### फेस पर शहद लगाने के फायदे

एक स्टडी के मुताबिक शहद स्किन को नैचुरली एक्सफोलिएट करने में फायदेमंद होता है।

चेहरे में मौजूद पोर्स को शहद साफ करने में मदद करता है।

स्किन को मुलायम करने में शहद काफी फायदेमंद साबित होता है।

इसके अलावा शहद स्किन को मॉइस्चराइज करने में मददगार होता है।

### बेदाग त्वचा पाने के लिए

शहद और बादाम का फेस पैक बनाने के लिए आप 5-7 बादाम को रात में पानी में भिगोकर रख दें।

इसके बाद अगले दिन भिगोए हुए बादामों को अच्छे से पीस लें।

फिर इसमें 2-3 चम्मच शहद मिला दें।

अब इन दोनों चीजों को अपने फेस पर अप्लाई करें।

इसके बाद नॉर्मल पानी से चेहरा साफ कर लें।

यह फेस पैक आप सप्ताह में दो बार अप्लाई कर सकती हैं।

इसके फेस पैक को लगातार फेस पर अप्लाई करने से स्किन बेदाग और निखरी नजर आती है।

## सूडोकु नवताल- 6820

✶✫✫✫✫ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6819 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

## दैनिक पंचांग

12 सितम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | कन्या | 06.12 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | तुला | 08.22 बजे से |
| मंगल | कन्या में | वृश्चिक | 10.37 ब.से |
| बुध | सिंह में | धनु | 12.53 बजे से |
| गुरु | मेष में | मकर | 14.58 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | कुंभ | 16.45 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मीन | 18.18 बजे से |
| राहु | मेष में | मेष | 19.48 बजे से |
| केतु | तुला में | वृष | 21.28 बजे से |
| राहुकाल | | मिथुन | 23.26 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | कर्क | 01.40 बजे से |
| बजे तक | | सिंह | 03.56 बजे से |

**मंगलवार** 2023 वर्ष का 255 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** भाद्रपद (दक्षिण भारत में श्रावण) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** त्रयोदशी 02.22 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** आश्लेषा 23.01 बजे को समाप्त। **योग** शिव 01.11 बजे रात्र को समाप्त। **करण** गर 13.07 बजे तदनन्तर वणिज 02.22 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 04° 21′ **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871734 **जूलियन दिन** 2460199.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** सफर **तारीख** 26 **विशेष** भौम प्रदोष व्रत, प्रदोष व्रत, पर्यूषण पर्वारम्भ।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7882



**बाएँ से दाएँ**

1. ध्वज, पताका-2
4. वहम, संदेह-2
6. दलहन-2
7. खाली, रिक्त-2
9. रसूल, अल्लाह-3
12. अभिनेत्री मुनमुन सेन की पुत्री का सिर्फ नाम-3
14. सिवाय, बगैर-3
16. इराक की राजधानी-4
17. समधी की पत्नी-4
18. पीसना, महीन करना-3
20. उष्ण, गर्म-3
22. उत्तम, विष्णु अवतार-3
24. परत, तह-2
26. खेती-2
27. अधर, होठ-2
28. ताऊ की पत्नी, बड़ी मां-2

**ऊपर से नीचे**

1. जल प्रपात-3
2. आईल-2
3. हूर, अप्सरा-2
5. सूक्ति, वाणी, शब्द-3
6. पिता के पिता-2
8. स्टार, सितारा-2
10. रोचक, सुंदर, मनोहारी-5
11. शीतलता, मुठभेड़-2
13. सतरंगा, शंकर धनुष-5
14. सिर्फ एक, एकमात्र-3
15. हवस, कामेच्छा-3
19. लाख-2
20. जहर, विष-3
21. आनंदित, मनमौजी-2
22. मुनि, साधू-2
23. अच्छाई, सदशयता-3
25. सुरक्षा-2
26. कीड़ा, कीट-2

शब्द पहेली -7881 का हल



## आज का राशिफल

**मेष राशि :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे।

**वृष राशि :** अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**मिथुन राशि :** अपने संघर्ष में स्वयं के आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है।

**कर्क राशि :** उच्च मनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**सिंह राशि :** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी।

**कन्या राशि :** घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है।

**तुला राशि :** शांतिपूर्वक नित्य कार्य करें। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं।

**वृश्चिक राशि :** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगें। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**धनु राशि :** बुद्धि और धन का दुरुपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा।

**मकर राशि :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कुंभ राशि :** बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे।

**मीन राशि :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# सऊदी अरब भारत के सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदारों में से एक : पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत के लिए सऊदी अरब हमारे सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदारों में से है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता और कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है।



प्रधानमंत्री मोदी और क्राउन प्रिंस बिन सलमान ने भारत-सऊदी अरब रणनीतिक साझेदारी परिषद की पहली बैठक में द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। बैठक में अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत-सऊदी अरब स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप काउंसिल की पहली लीडर्स मीटिंग में भाग लेते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। 2019 की मेरी सऊदी अरब यात्रा के दौरान हमने इस काउंसिल की घोषणा की थी। इन चार वर्षों में यह हमारी रणनीतिक साझेदारी को और सुदृढ़ करने के प्रभावी माध्यम के रूप में उभरा है। मुझे खुशी है कि इस काउंसिल के अंतर्गत दोनों समितियों की कई बैठकें हुई हैं, जिनसे हर क्षेत्र में हमारा आपसी सहयोग निरंतर बढ़ रहा है। बदलते समय की जरूरतों के अनुसार हम हमारे संबंधों में नए और आधुनिक आयाम जोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, भारत के लिए सऊदी अरब हमारे सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक पार्टनर्स में से है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्व की दो बड़ी और तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं के रूप में हमारा आपसी सहयोग पूरे क्षेत्र की शांति और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बैठक में हमने हमारी करीबी साझेदारी को अगले स्तर पर ले जाने के लिए कई पहल की पहचान की। आज की हमारी बैठक से हमारे संबंधों को एक नयी ऊर्जा, एक नयी दिशा मिलेगी, और हमें मिलकर मानवता की भलाई के लिए काम करते रहने की प्रेरणा मिलेगी।

उन्होंने कहा कि कल हमने मिलकर भारत- पश्चिम एशिया और यूरोप के बीच आर्थिक कॉरिडोर स्थापित करने के लिए ऐतिहासिक शुरूआत की है। यह कॉरिडोर केवल दोनों देशों को ही आपस में नहीं जोड़ेगा बल्कि एशिया, पश्चिम एशिया और यूरोप के बीच आर्थिक सहयोग, उर्जा के विकास और डिजिटल कनेक्टिविटी को बल देगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और सऊदी अरब की मित्रता, क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता, समृद्धि और मानव कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है।

## मोदी ने सऊदी क्राउन प्रिंस के साथ द्विपक्षीय मुद्दों पर की बातचीत

**प्रधानमंत्री** मोदी और सऊदी अरब के दौरे पर आए क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने सोमवार को भारत-सऊदी अरब रणनीतिक साझेदारी परिषद के नेताओं की पहली बैठक की। विदेश मंत्रालय ने कहा कि एजेंडे में ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार और निवेश, रक्षा और सुरक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, खाद्य सुरक्षा, संस्कृति और सामुदायिक कल्याण मुद्दों सहित द्विपक्षीय सहयोग के व्यापक क्षेत्र शामिल हैं। क्राउन प्रिंस इस समय भारत की राजकीय यात्रा पर हैं। वह जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 9 सितंबर को पहुंचे थे और सोमवार को रियाद के लिए प्रस्थान करेंगे। बैठक के दौरान, दोनों नेताओं ने रणनीतिक साझेदारी परिषद की दो मंत्रिस्तरीय समितियों - राजनीतिक, सुरक्षा, सामाजिक और सांस्कृतिक सहयोग समिति और अर्थव्यवस्था और निवेश सहयोग समिति - के तहत हुई प्रगति की समीक्षा की। भारत और सऊदी अरब के बीच व्यापक जन-जन संपर्कों के साथ ऐतिहासिक रूप से घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। 2022-23 में दोनों देशों के बीच व्यापार 52.75 बिलियन डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। भारत सऊदी अरब का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है जबकि सऊदी अरब भारत का चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। दोनों देशों के बीच ऊर्जा के क्षेत्र में भी मजबूत साझेदारी है।

## NEWS इन ब्रीफ

### मालदीव के राष्ट्रपति चुनाव में अरुण गोयल बने पर्यवेक्षक



**नई दिल्ली।** चुनाव आयुक्त अरुण गोयल के नेतृत्व में तीन सदस्यीय एक प्रतिनिधिमंडल मालदीव में जारी राष्ट्रपति चुनाव में पर्यवेक्षक के तौर पर वहां गया हुआ है। कल मालदीव में राष्ट्रपति पद के लिए प्रथम चरण का मतदान हुआ। इसमें किसी को बहुमत नहीं मिलने पर अब 30 सितंबर को सबसे ज्यादा मत पाने वाले पहले दो उम्मीदवारों के बीच चयन के लिए मतदान होगा। चुनाव आयुक्त अरुण गोयल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल में उपचुनाव आयुक्त अजय भादू और प्रमुख सचिव प्रमोद कुमार शर्मा शामिल हैं। इन्होंने माले और हुलहुमाले में स्थित 22 मतदान केंद्रों का दौरा किया और मतदान प्रक्रिया, मतदाता प्रणाली और प्रक्रिया का अवलोकन किया।

### बारामूला में आईईडी बरामद, सुरक्षाबलों ने किया निष्क्रिय

**बारामूला।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के पट्टन के हंजिवेरा इलाके में सोमवार को सुरक्षाबलों ने एक आईईडी बरामद कर उसे निष्क्रिय कर दिया। सुरक्षाबलों की चौकसी की वजह से बड़ा हादसा होने से टल गया। एक सैन्य अधिकारी ने कहा कि पुलिस और सेना के जवान हंजिवेरा इलाके में नियमित गश्त पर थे। इस दौरान एक आईईडी बरामद हुई। सुरक्षाबलों ने यातायात रोककर तत्काल बम निरोधक दस्ते को बुलवाया। दस्ते ने सावधानी के साथ आईईडी को निष्क्रिय कर दिया।

### कर्नाटक में पुरानी दुश्मनी के चलते 23 कबूतरों को मार डाला

**हुबली।** कर्नाटक के हुबली शहर से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां बदमाशों ने पुरानी दुश्मनी के चलते 23 कबूतरों को मार डाला। घटना शनिवार को यवागल इलाके में स्थित घर में हुई। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने कबूतरों की गर्दनें काट दी। सभी कबूतर राहुल डंडेली के थे। डेंडेली पिछले छह महीने से कबूतरों को पाल रहा था। बदमाशों ने परिसर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने घोंसलों को भी नष्ट कर दिया था। पीड़ित ने हुबली उपनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई और संदेह जताया कि यह कृत्य पुरानी दुश्मनी का नतीजा है।

# राजस्थान: कार हाइवे पर बस से भिड़ी, 6 की मौत

**एजेंसी। जयपुर**

राजस्थान में भरतपुर के रूपवास इलाके में रविवार आधी रात बाद एक बजे हाइवे पर दो सांड सामने आने से बेकाबू हुई बस और कार में आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार छह लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में पति-पत्नी, उनके बेटे-बेटी शामिल हैं। कार सवार लोग खाटूश्यामजी के दर्शन कर लौट रहे थे।

थाना अधिकारी बनी सिंह ने बताया कि हादसे में कार सवार हरेंद्र सिंह (32) पुत्र हेतरात निवासी निहालगंज-धौलपुर, हरेंद्र की पत्नी ममता (30), बेटी जान्हवी (6), उसके साढू संतोष (37) पुत्र सोवरन निवासी खरगपुर धौलपुर, संतोष की पत्नी सुधा (35) और बेटे अनुज (5) की मौत हो गई। वहीं हरेंद्र की बड़ी बेटी आयशा (16) और ए साल का बेटा कान्हा, संतोष का बड़ा बेटा भावेश (15) घायल हो गए। भरतपुर के राजट्रोमा अस्पताल में आयशा और भावेश का इलाज चल रहा है। कान्हा को मामूली खरोंच आई, जिसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

### असम: सड़क दुर्घटना में दो की मौत, छह घायल

गुवाहाटी। असम के डिब्रूगढ़ जिले में हुए सड़क हादसे में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई। वहीं अन्य छह लोगों के घायल होने की खबर है। जानकारी के मुताबिक यह दुर्घटना रविवार रात की है। पीड़ितों की पहचान पुष्पा, सारिका और वाहन चालक के रूप में की गई, जिनकी पहचान अभी भी अज्ञात है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि परिवार जिस टोयोटा इनोवा में सवार था, वह हरियाणा नंबर प्लेट वाले एक ट्रक से टकरा गई। तस्वीरों से पता चलता है कि टक्कर में ट्रक के सामने का हिस्सा काफी क्षतिग्रस्त हो गया था और इनोवा कुचल गई थी। पुलिस के मुताबिक, पीड़ित गुवाहाटी के स्थानीय निवासी थे। घायल लोगों को डिब्रूगढ़ के असम मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया, जहां उनमें से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# भारत का एक इंच जमीन भी चीनियों के कब्जे में नहीं : ब्रिगेडियर बी.डी. मिश्रा

**एजेंसी। जम्मू**

लद्दाख के उपराज्यपाल ब्रिगेडियर बी.डी. मिश्रा ने सोमवार को कहा कि चीनी सेना ने केंद्र शासित प्रदेश में एक इंच भी भारतीय क्षेत्र पर कब्जा नहीं किया है। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, जिन्होंने उनसे कांग्रेस नेता राहुल गांधी के उस बयान पर टिप्पणी करने के लिए कहा कि चीन ने लद्दाख में भारतीय क्षेत्र के बड़े क्षेत्रों पर कब्जा कर लिया है, मिश्रा ने कहा, मैं किसी के बयान पर टिप्पणी नहीं करना चाहता। लेकिन, मैं तथ्यों का एक बयान देना चाहता हूं। मुझे नहीं पता कि 1962 में क्या हुआ होगा, लेकिन मैंने अपनी आंखों से देखा है, आज लद्दाख में हमारे क्षेत्र का एक इंच भी चीनियों द्वारा कब्जा नहीं किया गया है। उन्होंने कहा, "हमारे सैनिक हमारे क्षेत्र के अंतिम इंच तक कब्जे में हैं। हमारे सशस्त्र बल किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।



# भाजपा में शामिल हुई पूर्व सांसद ज्योति मिर्धा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राजस्थान में विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले ही भाजपा ने कांग्रेस को बड़ा झटका देते हुए पार्टी की पूर्व लोक सभा सांसद ज्योति मिर्धा को अपनी पार्टी में शामिल करा लिया है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं राजस्थान प्रभारी अरुण सिंह, भाजपा राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी, और राजस्थान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी की मौजूदगी में पार्टी के दिल्ली स्थित राष्ट्रीय मुख्यालय में ज्योति मिर्धा ने सोमवार को भाजपा का दामन थाम लिया। इसके साथ ही रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी और कांग्रेस के पूर्व विधायक के पुत्र सवाई सिंह चौधरी ने भी आज भाजपा का दामन थाम लिया।



आपको बता दें कि, राजस्थान की राजनीति में मिर्धा परिवार का अपना एक राजनीतिक कद रहा है जिसका फायदा कांग्रेस को मिलता रहा है। ज्योति मिर्धा राजस्थान कांग्रेस के दिग्गज जाट नेता रहे नाथूराम मिर्धा की पोती हैं और 2009 के लोक सभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर नागौर सीट से चुनाव जीत कर वह सांसद भी रह चुकी हैं। लेकिन 2014 के लोक सभा चुनाव में उन्हें भाजपा उम्मीदवार सीआर चौधरी और 2019 के लोक सभा चुनाव में भाजपा समर्थित एनडीए उम्मीदवार राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी मुखिया हनुमान बेनीवाल से हार का सामना करना पड़ा था। यह माना जा रहा है कि राजस्थान के जाट समुदाय खासकर जाट मतदाता बाहुल्य लोक सभा क्षेत्र नागौर में वोटरों को साधने के लिए भाजपा ने उन्हें अपनी पार्टी में शामिल कराया है ताकि विधान सभा चुनाव में भी भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में माहौल बनाया जा सके।

# वकील को कुत्तों ने काटा, पट्टी बांधे पहुंचे सीजेआई कोर्ट

**आरएनएम। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय के एक वकील को पांच कुत्तों ने काट लिया। वह पट्टी बांधे पहुंच गया सर्वोच्च न्यायालय में भारत के मुख्य न्यायाधीश के कोर्ट में। वकील कुणाल चटर्जी हाथों में पट्टी बांधकर भारत के मुख्य न्यायाधीश के सामने पेश हुए। कुणाल के हाथ में पट्टी देखकर मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने पूछा, क्या हुआ है, पट्टी क्यों बंधी है? इस पर कुणाल ने कहा कि 5 कुत्तों ने एक साथ मेरे ऊपर हमला बोल दिया, जिससे मैं घायल हो गया। उन्होंने कहा कि आवारा कुत्तों के हमले के मामले में सर्वोच्च न्यायालय को कोई दिशा निर्देश देना चाहिए, क्योंकि उच्च न्यायालय ने अलग-अलग फैसला दिया है। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने वकील से पूछा कि यदि आपको कोई मेडिकल मदद चाहिए तो वो रजिस्ट्रार को इसके लिए कह सकते हैं। इसी दौरान वहां बैठे जस्टिस नरसिम्हा ने कुत्तों के हमले को लेकर कहा कि ये एक गंभीर खतरा बन गया है। इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि हाल ही में उप्र का एक वीडियो वायरल हुआ था कि एक कुत्ता एक मासूम बच्चे को काट रहा है। हम कुत्ता काटने के बाद ज्यादा इलाज पर ध्यान नहीं देते, जबकि ये बहुत गंभीर समस्या है। कुत्ता काटने के बाद रेबीज के लक्षण उभर जाएं तो अस्पताल में डॉक्टर भी हाथ खड़े कर देते। इस मामले में भी यही हुआ। अस्पताल में इसका कोई इलाज नहीं था, लिहाजा मासूम का अपने पिता की गोद में ही दम टूट गया। इसके बाद सीजेआई ने बताया कि दो साल पहले उनके एक लॉ क्लर्क पर भी कार पार्क करते समय आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया था। वरिष्ठ वकील विजय हंसारिया भी कोर्ट और इस चर्चा में मौजूद थे। उन्होंने कहा कि अदालत को इस मामले में स्वतः संज्ञान लेना चाहिए। भारत के मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ से सड़क पर कुत्तों के हमलों की समस्या पर कार्रवाई करने का आग्रह किया। जवाब में मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हम इस पर गौर करेंगे। फिलहाल सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले पर कोई आदेश नहीं दिया है। मालूम हो कि दिल्ली से सटे उप्र के गाजियाबाद जिला के विजयनगर थाना क्षेत्र में चरण सिंह कॉलोनी के 14 साल के किशोर की 4 सितंबर को मौत हो गई थी। परिजनों ने दावा किया कि बच्चे को करीब डेढ़ महीने पहले पड़ोसी महिला के कुत्ते ने काट लिया था। तब बच्चे ने डर की वजह ये बात फैमिली को नहीं बताई और रेबीज फैल गया। इस वजह से उसकी मौत हो गई।

## उपलब्धि

# चीन को सीमा पर बुनियादी ढांचे के मामले में पछाड़ देगा भारत

# रक्षा मंत्री 90 नई परियोजनाएं राष्ट्र को करेंगे समर्पित

### सीमावर्ती इलाकों में 11 हजार करोड़ रुपये की 295 परियोजनाएं पूरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत आने वाले दो से तीन वर्षों में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के सीमावर्ती इलाकों में बुनियादी ढांचा का विकास करने के मामले में चीन को पछाड़ देगा। यह दावा करते हुए सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चौधरी ने बताया कि भारत अब लद्दाख के न्योमा में दुनिया का सबसे ऊंचे लड़ाकू हवाई क्षेत्र का निर्माण करने जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 12 सितंबर को जम्मू के देवक पुल से बीआरओ की 90 नई परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे। लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चौधरी ने बताया कि चीन के सीमावर्ती इलाकों में बुनियादी ढांचे के विकास पर पूरा जोर दिया जा रहा है। चीन सीमा से 50 किमी. से कम दूरी पर भारत ने लद्दाख के हवाई क्षेत्र को अपग्रेड करना शुरू कर दिया है। इसके लिए न्योमा एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड (एएलजी) पर लड़ाकू अभियानों के लिए 2.7 किमी लंबा कंक्रीट रनवे बनाया जा रहा है। यह 13,700 फीट की ऊंचाई पर चीन की नजरों से दूर दुनिया का सबसे ऊंचा हवाई क्षेत्र होगा। यह एयरबेस चीन सीमा पर एलएसी के सबसे नजदीक होने के कारण रणनीतिक रूप से संवेदनशील होने के साथ ही महत्वपूर्ण भी है। उन्होंने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में कनेक्टिविटी में सुधार और जीवन को आसान बनाने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 12 सितंबर को बीआरओ की 90 नई परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इनमें से 26 परियोजनाएं लद्दाख में और 36 अरुणाचल में हैं, इसलिए हमारा ध्यान पूरी तरह से इन दो राज्यों पर है। इन परियोजनाओं की कुल लागत लगभग 6,000 करोड़ रुपये होगी। इसमें 22 सड़कें, 63 पुल और अरुणाचल प्रदेश में एक सुरंग शामिल है। इसके अलावा दो रणनीतिक हवाई क्षेत्र बागडोगरा और बैरकपुर और दो हेलीपैड एक राजस्थान में और एक ससोमा-सासेर ला के बीच लद्दाख में है। इनमें से 60 परियोजनाओं को दिसंबर तक पूरा करने की योजना है। उन्होंने बताया कि अगले 20 दिनों में सेला सुरंग का निर्माण पूरा कर लिया जायेगा। यह सुरंग 13,000 फीट और उससे अधिक ऊंचाई पर दुनिया की सबसे लंबी द्वि-लेन सुरंग होगी। अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामेंग जिले में स्थित सेला सुरंग तवांग सेक्टर को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करके 'जीवन रेखा' की तरह होगी। जनरल चौधरी ने बताया कि शिंकू ला टनल की योजना भी अपने अंतिम चरण में है। हिमाचल प्रदेश में जांस्कर-लाहौल-स्पीति को जोड़ने वाली 15,855 फीट की ऊंचाई पर यह दुनिया की सबसे ऊंची सुरंग होगी। केंद्र सरकार एलएसी के 3,488 किमी. इलाके को विकसित करने के लिए तेजी से काम कर रही है। पिछले 2-3 वर्षों में 11,000 करोड़ रुपये की 295 परियोजनाएं पूरी की गई हैं।








## फिल्म 'जवान' ने रचा इतिहास, चौथे दिन की जबरदस्त कमाई

**शाहरुख खान** की फिल्म 'जवान' 7 सितंबर को रिलीज होने के बाद ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। फिल्म ने दो सौ करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। फिल्म ने वीकेंड के दोनों दिन जबरदस्त कलेक्शन किया है। फिल्म के रविवार के कलेक्शन के आंकड़े सामने आ गए हैं। किंग खान 'जवान' ने चौथे दिन यानी रविवार को बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाई की। फिल्म ने पहले दिन 75 करोड़ का कलेक्शन किया। दूसरे दिन फिल्म की कमाई में गिरावट आई और फिल्म ने 53 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। इसके बाद तीसरे दिन 'जवान' ने 77.83 करोड़ की कमाई की। रविवार को चौथे दिन फिल्म ने तीनों दिनों के मुकाबले 80 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन किया है। 'सैक्निल्क' की शुरूआती ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक, रिलीज के चौथे दिन यानी रविवार को 'जवान' ने 81 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की है। इसके साथ ही 'जवान' की चार दिन की कुल कमाई अब 287.06 करोड़ हो गई है।





### कॉन्सर्ट के खराब मैनेजमेंट पर एआर रहमान की प्रतिक्रिया, आयोजकों ने मांगी माफी

**संगीत** गुरु एआर. रहमान ने रविवार रात अपने कॉन्सर्ट 'मरक्कुम्मा नेनजाम' के दौरान हुई कंफ्यूजन का जवाब दिया। शो के आयोजक एसीटीसी इवेंट्स ने एक बयान जारी कर रहमान को उनके शो के लिए धन्यवाद दिया और उन फैंस से माफी मांगी जो एंट्री को लेकर कंफ्यूज के कारण उनके कॉन्सर्ट में शामिल नहीं हो सके। एसीटीसी इवेंट्स ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर अपने पोस्ट में कहा, "चेन्नई और एआर रहमान सर का आभारी हूं। अविश्वसनीय प्रतिक्रिया, जबरदस्त भीड़ ने हमारे शो को भारी सफलता दिलाई। जो लोग भीड़भाड़ के कारण उपस्थित नहीं हो सके, उनके लिए हम हार्दिक क्षमायाचना करते हैं। हम पूरी जिम्मेदारी लेते हैं। हम आपके साथ हैं। मरक्कुम्मा नेनजाम।" रहमान ने बिना किसी कमेंट के पोस्ट साझा किया और यादगार के तौर पर उन्हें धन्यवाद देने वाले एक फैन के मैसेज को भी रीपोस्ट किया।

### आप जितने ज्यादा राष्ट्रविरोधी होंगे, उतने ही मशहूर होंगे : नसीरुद्दीन शाह

**बॉलीवुड** के वरिष्ठ अभिनेता नसीरुद्दीन शाह अपने बयानों से चर्चा में रहते हैं। उनके अभिनय का कोई जोड़ नहीं है। वह अक्सर कई सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों पर बयान देकर लोगों को चौंका देते हैं। हाल ही में उन्होंने सीधे तौर पर पूछा कि "कश्मीर फाइल्स" और "गदर 2" जैसी फिल्में कैसे चल सकती हैं। उनके इस बयान पर मिलीजुली प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। नसीरुद्दीन शाह ने 17 साल बाद निर्देशन में वापसी की है। फिल्म 'मैन वुमन मैन वुमन' उन्होंने निर्देशित की है। मीडिया को दिए इंटरव्यू में उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि बॉलीवुड में फिल्म निर्माण का उद्देश्य बदल गया है। इस पर उन्होंने कहा, "हां, आप जितने ज्यादा राष्ट्रविरोधी होंगे, उतने ही मशहूर होंगे। क्योंकि ये लोग देश चला रहे हैं। अपने देश से प्यार करना अब काफी नहीं है। आपको चीखना-चिल्लाना है और यहां तक कि काल्पनिक दुश्मनी भी अपनानी है। यह लोग नहीं जानते कि ये कितना खतरनाक है।' उन्होंने आगे कहा, 'गदर 2 और द केरल स्टोरी जैसी फिल्में मैंने अभी तक नहीं देखी हैं, लेकिन मुझे पता है कि वे किस बारे में हैं। मुझे आश्चर्य है कि कश्मीर फाइल्स जैसी फिल्में हिट हो जाती हैं, लेकिन सुधीर मिश्रा, अनुभव सिन्हा, हंसल मेहता की बनाई गई फिल्में कोई भी उस सच्चाई को नहीं देखता, जो वे दिखाने की कोशिश करते हैं।



## NEWS इन ब्रीफ

### रुपया शुरूआती कारोबार में नौ पैसे की बढ़त के साथ 82.93 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के बीच सोमवार को शुरूआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले नौ पैसे की बढ़त के साथ 82.93 पर पहुंच गया। विदेश मुद्रा के विशेषज्ञों ने बताया कि हालांकि विदेशी कोष के प्रवाह और कच्चे तेल की कीमत के 90 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से अधिक रहने का असर भी घरेलू मुद्रा पर दिखा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.93 पर खुला, जो पिछले बंद स्तर की तुलना में नौ पैसे की बढ़त है। इसके बाद वह 82.90 से 82.96 प्रति डॉलर के बीच कारोबार कर रहा था। शुक्रवार को रुपया 83.02 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

### रूसी विदेश मंत्री ने जी20 समिट को बताया 'मील का पत्थर'

**नई दिल्ली।** जी20 समिट की सफलता पर रूस का बड़ा बयान सामने आया है। रविवार को रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने शीर्ष 20 अर्थव्यवस्थाओं के वैश्विक नेताओं की दो दिवसीय बैठक के समापन पर एक प्रेस वार्ता के दौरान जी20 शिखर सम्मेलन के राजनीतिकरण के प्रयासों को रोकने के लिए भारत के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हम शिखर सम्मेलन के एजेंडे को 'यूक्रेनीकरण' करने के पश्चिम के प्रयासों को रोकने में सक्षम हुए। लावरोव ने जी20 समिट को 'मील का पत्थर' बताते हुए कहा, भारतीय अध्यक्ष पद की सक्रिय भूमिका ने इतिहास में पहली बार वैश्विक दक्षिण से जी20 देशों को वास्तव में एकजुट किया है औरयह कई मायनों में एक सफल सम्मेलन है।

### भारतीय लोक कल्याण संस्थान में तीन दिवसीय पंचायती राज पर प्रशिक्षण का किया गया आयोजन

**रांची।** अनगड़ा प्रखंड रांची जिला के भारतीय लोक कल्याण संस्थान में तीन दिवसीय पंचायती राज पर नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण बीडीओ द्वारा अनगड़ा प्रखंड में साल्हन, लुपंग, चिलदाग एवं हेसल पंचायत में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। राजेन्द्र मुण्डा, विधायक प्रतिनिध, खिजरी विधान सभा क्षेत्र, श्री जयपाल हजाम, उप प्रमुख, एजाज खान, बड़ा बाबू, राजू राम प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, अवनिन्द्र कुमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर प्रारंभ किया गया।

### युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रहा आयोग : डॉ. लंबोदर

**रांची।** आजसू पार्टी केंद्रीय महासचिव सह गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने जूनियर इंजीनियर के लिए निकाले गए बहाली में 50 हजार से अधिक अभ्यर्थियों के आवेदन के रद होने पर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने तकनीकी गड़बड़ी के नाम पर इन अभ्यर्थियों के आवेदन को रद कर दिया है, जो न्याय संगत नहीं है। इससे अभ्यर्थियों का भविष्य खराब हो रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से इस विषय पर संज्ञान लेते हुए तकनीकी गड़बड़ी को दूर कर छात्रों के साथ न्याय करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि छात्रों ने जब फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड किया तो आयोग की ओर से सक्सेसफुली बताया गया।

### लायंस क्लब के सदस्यों ने हॉकरों के बीच गार्डन छाता का किया वितरण

**रांची।** सोमवार को लायंस क्लब ऑफ रांची के द्वारा दैनिक महिला मजदूरों के बीच में 60 छाता का वितरण किया गया इसके साथ ही 11 गरीब हॉकरों के बीच 11 गार्डन छाता का भी वितरण किया गया। आज के कार्यक्रम के सयोंजक लायन डॉ. प्रदीप कुमार थे। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष लायन परविंदर जीत सिंह, लायन सिमलजीत कौर, सचिव लायन डॉ पूनम निगम सहाय, पूर्व अध्यक्ष लायन श्याम सुन्दर शर्मा, लायन डॉ एचबी सिंह, लायन दिलीप बंका, लायन मनीष गाडोदिया, लायन बिना बंका सहित बड़ी संख्या में लायन मेंबर्स कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

दो दिवसीय श्री कृष्ण कथा का कार्यक्रम संपन्न

## अयोध्या से आये श्री हरि सत्संग समिति के कथाकारों ने लोगों को किया मंत्रमुग्ध



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची महानगर की सुकुरहुट्टू शबरी बस्ती में दो दिवसीय श्री हरि सत्संग समिति कृष्ण कथा का आयोजन किया गया, जिसमें अयोध्या से आये श्री हरि सत्संग समिति के आठ कथाकारों की टोली ने पूरे शबरी बस्ती को मंत्र मुक्त कर दिया। कथाकारों ने कृष्ण कथा के साथ साथ देश भक्ति का प्रसंग भी वहां के स्थानीय लोगों को सुनाया तथा कथा के दौरान बस्ती के सभी श्रद्धालुओं के मस्तक पर चंदन का टीका लगाकर तथा सभी बहनों को मां दुर्गा का लॉकेट तथा बच्चों को हनुमान जी का लॉकेट पहनाकर प्रारंभ किया गया। एकल फ्यूचर- रांची महानगर के अध्यक्ष प्रशांत सिंह ने कहा की श्री कृष्ण ने अपने जीवन में तीन विशेष कार्य किये- पहला संगठन, दूसरा संबंधों का निर्वहन और तीसरा गौ माता की सेवा और अभी के युग में सनातन धर्म को सुरक्षित रखने के लिए तीनों आवश्यक हैं एवं एकल अभियान के अंतर्गत चल रहे गौ ग्राम योजना तथा अन्य योजनाओं के बारे लोगों को अवगत करवाया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण बस्ती के बच्चे थे जिन्होंने श्री कृष्णा तथा राधा रानी का बाल रूप धारण किया हुआ था। श्री कृष्ण कथा का आयोजन श्री हरि सत्संग समिति रांची महानगर के अध्यक्ष सतीश तुलस्यान एवं सचिव बबिता जालान की अध्यक्षता में हुई। द्वतीय दिवस के मुख्य अतिथि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी रांची के कंट्रोलर ऑफ इग्जैमिनेशन डॉ. सुबीर कुमार एवं विशिष्ट अतिथि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के चीफ वॉर्डन डॉ. गुंजन रहे जिन्होंने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। दोनों दिवसों के कार्यक्रम का समापन श्री कृष्णा तथा भारत माता की आरती तथा भंडारे से हुआ।

## पृष्ठ एक के शेष

**डॉन कुणाल के भाई समेत...**

गोलियों से भूनकर कर दी गई थी। इस हत्या कांड का आरोप तबके एक अन्य डॉन डब्लू सिंह गिरोह पर लगा था। इस हत्याकांड के एक आरोपी स्वेतकेतु ऊर्फ चंगू की हत्या एक वर्ष पूर्व बिहार के डेहरी में कर दी गई थी। गौरतलब हो कि फंटूस हत्याकांड में उसके भाई राकेश वर्मा ने पांच अभियुक्तों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

**युवाओं को रोजगार देना सरकार...**

कहा कि आज 11500 युवक युवतियों को प्रमण्डलीय रोजगार मेला में विभिन्न कंपनियों और संस्थानों के लिए चयनित किए गए हैं, उन्हें आज ऑफर लेटर मिल रहा है। आप सभी को अच्छे भविष्य के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि कौशल प्रशिक्षण से शत प्रतिशत रोजगार सुनिश्चित करने के लिए सरकार तत्परता के साथ कार्य कर रही है। इसके अलावा असंगठित क्षेत्र के लाखों प्रवासी मजदूरों के लिए घर में ही रोजगार की व्यवस्था सरकार ने किया है। प्रशिक्षण प्राप्त 40 हजार कुशल युवक-युवतियों को रोजगार दिया जा चुका है। सरकार के निर्णय ऐतिहासिक एवं विकासोन्मुखी रही है। साथ ही समाज के सभी वर्ग, समाज एवं परिवार की उन्नति तरक्की के लिए सरकार काम कर रही है। इस अवसर पर गाण्डेय विधायक सरफराज अहमद ने कहा कि हर तबके के लिए राज्य सरकार कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। सरकार की संवदेशनशलीता से राज्य की तरक्की के लिए प्रयत्नशील है। वहीं, बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद ने कहा कि गठबंधन की सरकार संवेदनशीलता के साथ-साथ ऐतिहासिक निर्णय ले रही है। सर्वजन पेंशन से सभी वृद्धों को पेंशन देने का काम किया है। हर वर्ग के लिए सरकार कार्य कर रही है। शिक्षा के बेहतरी के लिए मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, डिग्री और नर्सिंग, कौशल प्रशिक्षण से शिक्षा-रोजगार के द्वार खुले हैं। साथ ही नई नियुक्तियों से युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है। मौके पर उन्होंने कहा कि विस्थापन की समस्या का समाधान और निजी क्षेत्र की नौकरियों में 75 प्रतिशत आरक्षण के नियम को कड़ाई से लागू करने की दिशा में सरकार ने कदम बढ़ा दिए हैं। इस अवसर पर विभिन्न विभागों एवं क्षेत्रों में प्रमण्डलीय क्षेत्र के 11850 युवक-युवितियों को माननीय अतिथियों के द्वारा नियक्ति पत्र दिया गया। इससे पूर्व अतिथियों को पौधा देकर स्वागत किया गया। मौके पर स्वागत भाषण सचिव श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग राजेश कुमार ने दिया। मंच संचालन राजश्री प्रसाद ने किया। साथ ही कला संस्कृति विभाग के विभिन्न कलदलों द्वारा स्थानीय एवं झारखण्डी लोक नृत्य-गीत की रंगारंग प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर अतिथियों के अलावा विभिन्न विभागों के गणमान्य व्यक्ति, प्रमण्डल व जिला स्तरीय पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में युवक-युवती मौजूद थे।

**जतायी हत्या की साजिश की...**

कई गंभीर मामले उठाए हैं, जिसकी वजह से मैं सरकार संरक्षित अपराधियों के निशाने पर हूं। सुनील तिवारी ने कहा कि जानकारी मिल रही है कि सरकार के संरक्षण में भ्रष्टाचार में संलिप्त लॉबी जान के पीछे पड़ी है। षड्यंत्रकारी/अपराधिक गिरोहों के द्वारा न सिर्फ. मुझ पर नये सिरे से कुछ फर्जी केस करवाया जा सकता है, बल्कि मेरी हत्या तक की साज़िश की जा सकती है।


**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LTD**
**(CIN: U40108JH2013SGC001702)**
**ELECTRIC SUPPLY CIRCLE, GARHWA**
Email: esegarhwa@yahoo.in

**Cancellation Notice**

Due to unavoidable reason , NIT No - 81/PR/JBVNL/2023-24 is hereby cancelled.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

PR No. 301988

Sd/-
Dy. General Manager (Tech)
Electric Supply Circle, Garhwa

PR 306609 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd (23-24)_D



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।**

आवश्यक सूचना

(मृत अज्ञात शव (पुरूष), उम्र–करीब 46 वर्ष)





दिनांक–07.09.2023 को समय करीब–21:00 बजे एक अज्ञात व्यक्ति उम्र करीब 46 वर्ष का शव भण्डरिया थाना अन्तर्गत अण्डा महुआ चौंक से करीब 50 मीटर पहले भण्डरिया अण्डा महुआ चौंक मुख्य सड़क के उत्तर किनारे (दाहिने तरफ) पाया गया। शव के माथा फटा हुआ था तथा माथा, मुँह, नाक एवं ऑख से काफी खून निकल रहा था। शव को देखने से प्रतीत हो रहा है कि किसी अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने के कारण उसकी मृत्यु हुई है। शव का मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट, डेड बॉडी चालान तैयार कर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल गढ़वा भेजा गया है। उक्त अज्ञात शव की पहचान करना अत्यंत आवश्यक है। परन्तु अबतक अज्ञात शव का पहचान नहीं हो सकी है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उपरोक्त मृत अज्ञात शव(पुरूष) के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

1. अज्ञात शव का अलग–अलग 02 फाईल फोटो।

हुलिया:–
- उम्र–46 वर्ष,
- कद–करीब 5 फीट 03 इंच,
- रंग–सॉवला
- पहनावा–दोनों हाथ के कलाई में लोहे का रिंग पहना हुआ, काला रंग का लोवर पहना हुआ, दाहिने हाथ के कलाई में काला रंग का बैण्ड पहना हुआ।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR 306618 (Police) 23-24 (D)



कार्यालय
जिला कृषि पदाधिकारी, लातेहार

**निविदा निरस्त पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित निविदा सूचना संख्या–PR-301190 Agriculture-23-24 (1st Call) दिनांक 12.07.2023 माननीय सासंद श्री सुनिल कुमार सिंह, चतरा लोकसभा क्षेत्र के अनुशंसा के आलोक में सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना मद अन्तर्गत लातेहार जिला के विभिन्न चयनित स्थलों में कृषि एवं पेयजल हेतु सोलर मोटर पम्प एवं सोलर लाईट के आपूर्ति/अधिष्ठापन 08 यूनिट का कार्य किया जाना था, को अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक के लिए रद्द किया जाता है।

ह०/–
जिला कृषि पदाधिकारी,
लातेहार।

PR.NO.306606 Agriculture(23-24):D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा
**( E -MAIL ID – midloh632@gmil.com)**

पत्रांक ........................../लोहरदगा, दिनांक........................../

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक – 743 दिनांक – 06.09.2023 निविदा सं0 WRD/MID/LOHARDAGA/F2-12/2023-24 जो दैनिक समाचार पत्रों में PR NO. 306419 Lohardag (23-24):D द्वारा प्रकाशित है में निम्न संशोधन किया जाता है :–

| | | |
|---|---|---|
| 3. | Last date for receipt of bids fee and security | 19/09/2023 up to 3.00 PM के स्थान पर 18/09/2023 up to 3.00 PM पढ़ा जाय। |
| 5. | Last date for receipt of e-Tender hard copy of Bid's Fee, Security & Other Documents at | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga till 19/09/2023 up to 3:00 pm के स्थान पर 18/09/2023 up to 3.00 PM पढ़ा जाय। |

अन्य कंडिकाएँ एवं शर्त्ते पूर्ववत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 306681 (Lohardaga)23-24*D



झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

ई–अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–अतिअल्पकालीन् पुनर्निविदा संख्या– 04/RI//2023-24/RWD/CHATRA दिनांक– 09.09.2023

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पुनर्निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र॰ सं॰ | आईडेन्टिफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ CHATRA/02/ 2023-24 | पंचायत कर्मा पी॰एम॰जी॰एस॰वाई॰ रोड बालाजी चौक से पिपरा पुल तक पथ निर्माण कार्य (लं॰–3.075 कि॰मी॰)। | 2,96,02,100.00 | दो करोड़ छियानवे लाख दो हजार एक सौ मात्र | 09 माह |

2. वेबसाईट में पुनर्निविदा प्रकाशन की तिथि :– 16.09.2023
3. ई–पुनर्निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 26.09.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :– 27.09.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम् से भी कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वतीय तल, विकास भवन, चतरा, पिन कोड 825401 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम् से भेजा जानेवाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (27.09.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. ई– पुनर्निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 29.09.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
7. ई– पुनर्निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा, पिन कोड 825401
8. ई– पुनर्निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– 6201014532
9. ई– पुनर्निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट् के रूप में जो कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के पक्ष में एवं चतरा में भुगतेय जमा करना होगा, जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, चतरा।

PR 306591 Rural Work Department(23-24).D



झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग जिला नियोजनालय, चतरा

भर्त्ती–कैम्प, दिनांक– 13.09.2023
सूचना

जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, चतरा कार्यालय द्वारा दिनांक–13.09.2023 को जिला नियोजनालय चतरा में पूर्वाहन् 10:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक निम्न Company द्वारा निम्न पद हेतु एक दिवसीय भर्त्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है जिसका विवरण निम्नलिखित है।

| SiNo | Post Name | Salary/Stipend | Qualification | Location | Company | Experience | Age | SEX/Height | Seat | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Apprenticeship | 10,089/+500- For 8 hrs.(OT Available) | 10th or 12th Pass and ITI Passed out in all trades | Sec- 63 Noida | Lava International Ltd. | fresher | 18-26 | Male | 400 | Fully AC Plant Fooding and 10 days guest house Free of Cost. |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है, वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.rojgar.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्त्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन करवाने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप नहीं होगा। कोविड–19 हेतु निर्गत दिशा– निर्देशों/SOP का दृढतापूर्वक अनुपालन किया जाना आवश्यक है। अतः सामाजिक दूरी का पालन, फेस मास्क, सेनिटाइजर एवं ग्लब्स इत्यादि का उपयोग करेंगें। इस निमित किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा। झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों को नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 प्रभावी हो गया है।

अतः इच्छुक उम्मीदवार अपना निबंधन एवं चयन हेतु निवास प्रमाण पत्र अपने साथ अवश्य लाएं।

नोटः– यह कार्य निःशुल्क है। किसी भी प्रकार का लेन–देन अपराध है।

जिला नियोजन पदाधिकारी
जिला नियोजनालय, चतरा

PR 306599 (Labour Employment and Traning)23-24*D



झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय,(रोजगार कार्यालय)गढ़वा।
दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजनान्तर्गत भर्ती कैम्प–2023

**सूचना**

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, गढ़वा के तत्वावधान में दिनांक–12.09.2023 (दिन–मंगलवार) को पूर्वाहन–10.30 बजे से अपराहन् 3.00 बजे तक S S J S नामधारी कॉलेज परिसर, गढ़वा में एक दिवसीय "दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजनान्तर्गत भर्ती कैम्प–2023" आयोजित किया जा रहा है।

भर्ती कैम्प में निम्न नियोजक ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है:–

| S. No. | Name and Add. Of the Employer | Name of the Post | No. Of Vacancy | Qualification Essential | Qualification Desirable | Experience | Age | Salary | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | | 9 |
| 1 | UP to Skills , New Delhi (Tata Motors) | Apprenticeship Trainee | 60 | ITI | - | Fresher | 18-23 year | 12,500/- | Job Location Jamshedpur (JH) |
| 2 | Bajaj Allianz Life Insurance Garhwa | Agency Sales officer | 20 | 12th Pass | - | Fresher | 18-25 Year | 19,000/- + Incentive (Target Based) | Job Location Garhwa/ Palamu (JH) |
| 3 | Manju Shree Technopack, Bangalore | Apprenticeship Trainee | 95 | 5th Pass | 10th – 12th | Fresher | 18-23 year | 19,500/- (12hr@shift) | Bangalore |

भर्ती कैम्प में भाग लेने वाले निजी नियोजकों एवं उनसे प्राप्त रिक्तियों की विस्तृत विवरणी से संबंधित सूचना झारखण्ड सरकार के वेबसाईट –www.rojgar.jharkhand.gov.in एवं garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।

**भर्ती कैम्प में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है।** यदि वे पूर्व में निबंधित न हो तो भर्ती कैम्प तिथि के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में जा कर या स्वयं अधिकृत वेबसाईट–www.rojgar.jharkhand.gov.in पर जा कर लें। भर्ती कैम्प के दिन निबंधन का कार्य स्थगित रहेगा। रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, इसलिए रिक्ति के शर्तों के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहे है। भर्ती कैम्प में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा।

**नोटः–निजी नियोक्ता कृपया, झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 का अनुपालन करना सुनिश्चित करें।**

विशेष जानकारी के लिए जिला नियोजनालय,गढ़वा से सम्पर्क कर सकते हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR 306613 (Labour Employment and Traning) 23-24 (D)



**Office of the Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA**

**VERY SHORT TENDER e-Procurement Notice**

**Tender Reference No. DWSD/JNV/WSW/17/2023-24 (1st Call) Date : 11.09.2023**

| Sl. No. | Particular | Details | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Construction of 200 mm X 165 mm X 250.0 Mtr Deep High Yield Drilled Tube Well, Solar Photovoltaic (SPV) Solar Submersible D.C. Water Motor Pump for Two No. Old Water Tank, Installation of 1.5 HP AC Submersible Motor Pump, Panel Board and Stabilizer etc in Jawahar Navodaya Vidyalaya, Chatra "On Turnkey Basis" under D.W. & S. Division, Chatra for the Year 2023-24 under (Deposit Head) | | | |
| | Group No. | Estimated Cost (In Rs.) | E.M Required (In Rs.) | Cost of BOQ (In Rs.) | Time of Completion |
| | CTR/JNV/WSW-01 | 7,71,207/- | 15,500/- | 1,250/- | 45 Days |
| 2 | Date of Tender Uploading in Website | 14.09.2023 at 05:00 PM | | | |
| 3 | Last date receipt of Bid | 20.09.2023 upto 05:00 PM | | | |
| 4 | Last Date Submission Cost of BOQ and EMD (Hard Copy) | 21.09.2023 upto 3:00 PM In the Office of - 1. Executive Engineer, D.W.&S. Division, Chatra and 2. Superintending Engineer, D.W&S. Circle, Hazaribagh. | | | |
| 5 | Date of Opening Tender | 21.09.2023 at 05:00 PM | | | |
| 6 | Name & Address of Opening Officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA (Jharkhand) | | | |
| 7 | Name & Address of Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA (Jharkhand) | | | |
| 8 | Contact No. of Procurement Office | +91-9431325479, +91-9931972161 or 06541-253273 | | | |
| 9 | Helpline No. of e-Procurement Cell | 0651-2480345 | | | |

- Further details can be seen on & official website http://jharkhandtenders.gov.in.
- Estimated cost may increase or decrease.
- Undersign reserves the right to amend or withdraw any of the terms & conditions contained in the tender document or to accept or reject any or all the tenders without assigning any notice or reason thereof. The decision of the undersigned in this regard shall be find & binding on all.

Executive Engineer
D.W.&S. Division, CHATRA

PR 306614 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

NEWS इन ब्रीफ

## बोलीविया के खिलाफ लियोनल मेसी के खेलने पर सस्पेंस



**ब्यूनस आयर्स।** एल्बीसेलेस्टे के मैनेजर लियोनल स्कालोनी ने बताया कि लियोनल मेसी ला पाज में बोलीविया के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के लिए अर्जेंटीना की टीम के साथ यात्रा करेंगे। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार गुरुवार को शुरूआती दक्षिण अमेरिकी जोन क्वालीफायर में अर्जेंटीना की इक्वाडोर पर 1-0 की घरेलू जीत के बाद देर रात मेसी ने रविवार को अपने साथियों से अलग प्रशिक्षण लिया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, मेसी को किसी भी चोट से मुक्त कर दिया है लेकिन स्कालोनी उनके कार्यभार से चिंतित हैं। मेसी ने पिछले 48 दिनों में 12 मैच खेले हैं, जुलाई के मध्य में मुफ्त ट्रांसफर पर इंटर मियामी में शामिल होने के बाद लगातार मैच खेले हैं।

## एन से-यंग व विक्टर एक्सेलसन ने चाइना ओपन में एकल खिताब जीते



**चांगझाऊ (चीन)।** दक्षिण कोरियाई स्टार एन से-यंग ने रविवार को यहां बैडमिंटन चाइना ओपन में जापान की अकाने यामागुची को हराकर महिला एकल का खिताब जीता, जबकि दुनिया के नंबर 1 डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन ने चीन के लू गुआंगजू पर काबू पाकर पुरुष एकल का स्वर्ण पदक जीता। नव-विजेता विश्व चैंपियन एन ने पहले गेम में दूसरी वरीयता प्राप्त यामागुची पर 21-10 से दबदबा बनाया और दूसरे गेम में 21-19 से जीत हासिल की और केवल 38 मिनट में मैच समाप्त कर दिया। इस प्रकार, एन ने इस सीजन में अपना नौवां खिताब सुरक्षित कर लिया है। अगर कोई कहे कि अब मेरा सर्वोत्तम समय है, तो मुझे थोड़ा दुख होगा, एन ने कहा। 21 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, मैं अभी बहुत छोटी हूं, अभी भी मेरे पास और चीजें करने के लिए काफी समय है। मैं इसे अपने अच्छे फॉर्म और अच्छे खेल के दौर के रूप में वर्णित करना पसंद करती हूं।

# सभी साथियों के सामने अपनी मां से भारत की जर्सी प्राप्त करना खास था : सोनिका

**एजेंसी। बेंगलुरु**

भारतीय खिलाड़ी सोनिका के लिए हांग्जो एशियाई खेलों से पहले हॉकी इंडिया द्वारा आयोजित एक विशेष विदाई समारोह 'सुनहरा सफर' काफी यादगार रहा, क्योंकि इस कार्यक्रम में उन्हें उनकी मां द्वारा भारतीय टीम की जर्सी प्राप्त हुई। एशियाई खेल 23 सितंबर 2023 से 8 अक्टूबर 2023 तक आयोजित होने वाले हैं। सोनिका ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, अपने सभी साथियों के सामने अपनी मां से भारत की जर्सी प्राप्त करना वास्तव में एक विशेष क्षण था। मंच पर उन कुछ मिनटों ने मेरे संघर्ष और यहां तक पहुंचने के लिए चुनौतियों का सामना करने की सभी यादें ताजा कर दीं और खास बात यह कि इस दौरान मेरी मेरी मां भी मंच पर मौजूद थीं, जो इस यात्रा में समान रूप से शामिल रही हैं और हर महत्वपूर्ण मोड़ पर हमेशा मेरा समर्थन किया है।"



हरियाणा के हिसार की मिडफील्डर ने 2016 में न्यूजीलैंड में हॉक्स बे कप में अपनी सीनियर टीम की शुरूआत की। वह उस टीम का हिस्सा थीं जिसने 2017 में महिला एशिया कप में स्वर्ण पदक जीता था और 2019 में टोक्यो इवेंट में भाग लिया था। हालांकि इसके बाद उनके उभरते करियर पर विराम लग गया। 2020 में, कोविड के दौरान उन्हें अपनी मानसिक स्थिति में सुधार के लिए राष्ट्रीय शिविर छोड़ना पड़ा। उन्होंने कहा, कोविड लॉकडाउन मेरे लिए अच्छा नहीं था। यह व्यक्तिगत रूप से एक कठिन चरण था और मुझे बहुत खुशी है कि इस चरण के माध्यम से मानसिक रूप से मजबूत रहने के मेरे संघर्ष को टीम प्रबंधन ने बहुत पहले ही पहचान लिया था और मुझे पेशेवर मदद प्रदान की गई थी। मुझे यह ब्रेक देने के लिए मैं हॉकी इंडिया और अपने साथियों की बहुत आभारी हूं। उस वर्ष की राष्ट्रीय चैंपियनशिप में मजबूत प्रदर्शन के बाद 2021/22 में एफआईएच हॉकी प्रो लीग में राष्ट्रीय टीम में वापसी करने के बाद, सोनिका ने अपने करियर में केवल प्रगति की है। वह टीम में नियमित रूप से शामिल रही हैं, उन्होंने बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीत के साथ-साथ एफआईएच नेशंस कप 2022 में खिताबी जीत में भी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, मैं अपने पहले एशियाई खेलों में खेलने के लिए बेहद उत्साहित और उत्सुक हूं। मैंने अपने करियर में इस स्तर तक पहुंचने के लिए बहुत कड़ी मेहनत की है और सीडब्ल्यूजी जैसे प्रमुख आयोजनों में अच्छे नतीजे हासिल किए हैं, जिससे टीम अच्छे प्रदर्शन को लेकर बहुत आश्वस्त है। हॉकी इंडिया के सुनहरा सफर कार्यक्रम के बाद, देश के साथ-साथ अपने परिवार का नाम रोशन करने के लिए और अधिक प्रेरित है। हमारा ध्यान पूरी तरह से स्वर्ण जीतने और पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई करने पर है।₹ एशियाई खेलों के लिए भारत को पूल ए में कोरिया, मलेशिया, हांगकांग चीन और सिंगापुर के साथ रखा गया है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरूआत 27 सितंबर को सिंगापुर के खिलाफ करेगी।

### एशिया कप-2023

# भारत ने पाक को दिया 357 रनों का लक्ष्य



## कोहली और राहुल के नाबाद शतक

**एजेंसी। कोलंबो**

केएल राहुल (नाबाद 111 रन) और विराट कोहली (नाबाद 122 रन) की शानदार शतकीय पारियों की बदौलत भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप के सुपर-4 मुकाबले में सोमवार को दो विकेट के नुकसान पर 356 रन का मजबूत स्कोर बना लिया। एशिया कप में भारत-पाकिस्तान सुपर-4 मुकाबला रिजर्व-डे पर खेला जा रहा है। टॉस हारकर भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दो विकेट के नुकसान पर 356 रन बनाए। सोमवार को बारिश के कारण मैच रिडर्व डे पर भी देरी से शुरू हुआ। भारतीय पारी 24.1 ओवर से शुरू हुई। सबसे खास बात यह रही कि इस पूरे मुकाबले में भारतीय बल्लेबाजों ने पाकिस्तान की खतरनाक गेंदबाजी की धज्जियां उड़ाई। पाकिस्तान के खिलाफ जो काम कप्तान रोहित शर्मा और युवा बल्लेबाज शुभमन गिल की जोड़ी ने शुरू किया था उसे खत्म विराट कोहली और केएल राहुल ने धमाकेदार अंदाज में किया। टीम इंडिया के टॉप-4 बल्लेबाजों ने शानदार पारियां खेली हैं। केएल राहुल (111 रन) और विराट कोहली (122 रन) के दम पर भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ 357 रनों का बड़ा लक्ष्य रखा है। केएल राहुल के लिए एक शानदार कमबैक रहा जहां उन्होंने अपनी छठी सेंचुरी लगाई। वहीं कोहली ने 47वां वनडे शतक जड़ा, साथ ही वे सबसे तेज 13 हजार रन बनाने वाले क्रिकेटर भी बने हैं। इससे पहले, कल कप्तान रोहित शर्मा 56 और शुभमन गिल 58 रन बनाकर आउट हुए थे। राहुल और विराट के बीच तीसरे विकेट के लिए 233 रन की अविजित साझेदारी हुई जो वनडे एशिया कप का नया रिकॉर्ड है। पाकिस्तान की तरफ से शाहीन शाह अफरीदी ने 79 रन और शादाब खान ने 71 रन देकर एक-एक विकेट लिया।

### मोईन अली के वनडे में 100 विकेट पूरे

# ऐसा करने वाले इंग्लैंड के तीसरे स्पिनर बने

**एजेंसी। साउथेम्प्टन (यूके)**

इंग्लैंड के हरफनमौला खिलाड़ी मोईन अली ने एकदिवसीय क्रिकेट में 100 विकेट पूरे किए और ऐसा करने वाले वह देश के तीसरे स्पिनर बन गए। मोईन न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड के दूसरे वनडे के दौरान इस मुकाम पर पहुंचे। मैच के दौरान स्पिनर ने अच्छी गेंदबाजी की और 6.00 की इकोनॉमी रेट से पांच ओवरों में 2/30 रन बनाए। उन्होंने इन-फॉर्म ऑलराउंडर डेरिल मिशेल और मिशेल सेंटनर के महत्वपूर्ण विकेट लिए। मोईन ने अपने बल्ले से 32 गेंदों पर 33 रनों का योगदान दिया जिसमें तीन चौके और एक छक्का लगाया। अब 130 एकदिवसीय मैचों में मोईन के नाम 101 विकेट हैं जिसमें 49.20 का औसत, 4/46 के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़ा है। मोईन से अधिक वनडे विकेट लेने वाले इंग्लैंड के स्पिन



गेंदबाज ग्रीम स्वान (79 मैचों में 104 विकेट) और आदिल राशिद (126 मैचों में 184 विकेट) हैं। आदिल इंग्लैंड के अब तक के तीसरे सबसे सफल वनडे गेंदबाज हैं जबकि मोईन 14वें स्थान पर हैं। 194 मैचों में 269 विकेट के साथ तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन इंग्लैंड के अब तक के सबसे सफल वनडे गेंदबाज हैं।

# जोकोविच ने जीता 24वां ग्रैंड स्लैम खिताब

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

नोवाक जोकोविच ने यूएस ओपन 2023 का खिताब अपने नाम कर लिया। यहां खेले गए फाइनल में जोकोविच ने डेनियल मेदवेदेव को हराकर 24वां ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीता। कड़े मुकाबले में सर्बिया के 36 वर्षीय दिग्गज खिलाड़ी ने 6-3, 7-6 (7-5), 6-3 से जीत हासिल की। जोकोविच ने पहला सेट 6-3 से आसानी से जीता। इसके बाद दूसरे सेट में जोकोविच और मेदवेदेव के बीच जमकर संघर्ष हुआ, जो एक



घंटे 44 मिनट चला। जोकोविच ने 7-6 (7-5) से यह सेट अपने नाम किया। तीसरे सेट में जोकोविच ने 6-3 से जीत दर्ज कर मेदवेदेव को पटखनी दी। दूसरे वरीयता प्राप्त जोकोविच दूसरे सेट में थोड़ा परेशान दिखे, लेकिन उन्होंने चौथा यूएस ओपन खिताब जीतने के लिए अपनी महानता का परिचय दिया। जोकोविच ने इस साल शुरूआत में राफेल नडाल के 22 ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया था। जोकोविच को जुलाई में विंबलडन फाइनल हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, वह 2023 में चार ग्रैंड स्लैम खिताब में से तीन अपने नाम कर चुके हैं। जोकोविच अब तक 36 बार ग्रैंड स्लैम फाइनल में खेल चुके हैं और 24 खिताब अपने नाम किए। वह 10 बार ऑस्ट्रेलियन ओपन और सात बार विबंलडन चैंपियन रह चुके हैं। तीन बार फ्रेंच ओपन का खिताब भी जीत चुके हैं।

# लिविंगस्टोन ने बारिश से बाधित मैच में इंग्लैंड को 79 रनों से जीत दिलाई

**एजेंसी। साउथम्प्टन**

पांचवें ओवर में 8/3 के स्कोर से विश्व चैंपियन इंग्लैंड ने जोरदार वापसी करते हुए एक अच्छा स्कोर बनाया और फिर न्यूजीलैंड को 147 रन पर आउट कर बारिश से बाधित दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच को रविवार को यहां रोज बाउल में 79 रनों से जीत लिया। ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन ने 78 गेंदों में नाबाद 95 रन बनाए और साथी सफेद गेंद विशेषज्ञ सैम करेन (42) के साथ 112 रन की साझेदारी की, जिससे इंग्लैंड 34 ओवर में 226/7 के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंच गया। मेजबान टीम ने गेंद के साथ भी गति जारी रखी और न्यूजीलैंड को दबाव में रखा, आखिरी पांच विकेट 28 रन पर लेकर उन्हें 147 रन पर ढेर कर दिया और 79 रन से जीत दर्ज की और चार मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। बारिश के कारण मैच 34-34 ओवरों का हो गया, जिससे टॉस जीतकर न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम के पहले गेंदबाजी करने के फैसले के बाद इंग्लैंड सीधे ही मुसीबत में फंस गया।

मेजबान टीम ने जॉनी बेयरस्टो (6), जो रूट (0) और बेन स्टोक्स (1) को अनुभवी ट्रेंट बोल्ट की गति और चालाकी के



कारण खो दिया, जो ब्रेक के बाद टीम में लौटे और जल्द ही इंग्लैंड को झटका दिया। और जब फॉर्म में चल रहे युवा स्टार हैरी ब्रूक (2) को मैट हेनरी की गेंद पर एलन ने कैच किया, तो इंग्लैंड 28/4 पर बुरी स्थिति में था।

कप्तान जोस बटलर ने 25 गेंदों में 30 रन बनाये लेकिन मिशेल सैंटनर ने उन्हें आउट कर स्कोर 55/5 कर दिया। और जब मोईन अली को 33 रन पर पवेलियन भेजा गया तो 21वें ओवर में मेजबान टीम का स्कोर 103/8 था।

लिविंगस्टोन और करेन अपनी महत्वपूर्ण साझेदारी के लिए एक साथ आए और इंग्लैंड के लिए चीजें बदल दीं। लिविंगस्टोन ने 78 गेंदों में नाबाद 95 रन में नौ चौके और एक छक्का लगाया और करेन ने 35 गेंदों में 42 रन बनाए, इंग्लैंड 215/6 पर पहुंच गया जब करेन को टिम साउदी ने आउट किया। लिविंगस्टोन, जिन्होंने 47 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया, 28वें ओवर में न्यूजीलैंड द्वारा डीआरएस समीक्षा से बच गए और इंग्लैंड को बचाव योग्य स्कोर तक पहुंचने में मदद की। अपने जवाब में, न्यूजीलैंड ने सलामी बल्लेबाज फिन एलन को शून्य पर खो दिया, जिन्हें डेविड विली ने पारी की दूसरी गेंद पर बोल्ड किया और हालांकि डेवोन कॉनवे और विल यंग ने उन्हें नौवें ओवर में 49 रन तक पहुंचाया, लेकिन उन्होंने नियमित अंतराल पर विकेट खोना जारी रखा। बचाव कार्य के प्रयास में डेरिल मिशेल ने 52 गेंदों में 57 रन बनाए लेकिन उन्हें अपने खिलाड़ियों से समर्थन की कमी थी, जो इंग्लैंड के अनुशासित आक्रमण के आगे झुक गए। इंग्लैंड के लिए तेज गेंदबाज डेविड विली (3-34) और रीस टॉपले (3-27) शीर्ष विकेट लेने वाले गेंदबाज थे।

# रांची में पहली बार आयोजित होगा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी मैच

## झारखंड वूमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 की त्यारी को लेकर खेल निदेशक के साथ बैठक

**नवीन मेल संवाददात। रांची**

27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक झारखंड की राजधानी रांची में पहली बार आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला हॉकी का प्रतियोगिता झारखंड वूमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 के तैयारियों के लिए आज हॉकी इंडिया के प्राधिकारियो और खेल निदेशक के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक है। इस बैठक में



भाग लेने के लिए हॉकी इंडिया के एक्सक्यूटिव डायरेक्टर कमांडर आर के श्रीवास्तव, बीएन भूषण एवं अन्य पदाधिकारी रांची पहुंचे। हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह ने उनका एयरपोर्ट में किया स्वागत।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे से बाहर हुए एनरिक नॉट्र्जे

**एजेंसी। जोहान्सबर्ग**

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे से पहले दक्षिण अफ्रीका को करारा झटका लगा है। दक्षिण अफ्रीका के स्टार तेज गेंदबाज एनरिक नॉट्र्जे पीठ की चोट के कारण मुकाबले से बाहर हो गए हैं। तीसरा वनडे मंगलवार को खेला जाएगा। मौजूदा वनडे सीरीज के दूसरे मैच में प्रोटियाज टीम की ऑस्ट्रेलिया से 123 रन से मिली हार के दौरान नॉर्टजे को पीठ के निचले हिस्से में ऐंठन का सामना करना पड़ा और पांच ओवर फेंकने के बाद उन्होंने मैदान छोड़ दिया। वह बाद में



दक्षिण अफ्रीका के लिए बल्लेबाजी करने के लिए लौटे लेकिन उन्हें आगे चिकित्सा मूल्यांकन की आवश्यकता होगी। चोट की गंभीरता का पता लगाने के लिए 29 वर्षीय खिलाड़ी का आज जोहान्सबर्ग में स्कैन किया जाएगा और इसलिए वह 12 सितंबर को तीसरे वनडे में भाग नहीं ले पाएंगे। आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप शुरू होने में अब एक महीने से भी कम समय रह गया है और दक्षिण अफ्रीका को स्कैन के नतीजों पर निर्भर रहना पड़ेगा। विश्व कप में प्रोटियाज का पहला मैच 7 अक्टूबर को श्रीलंका के खिलाफ दिल्ली में होने वाला है। दक्षिण अफ्रीका की टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की वनडे सीरीज में 0-2 से पीछे चल रही है और सीरीज में बने रहने के लिए उन्हें अगला मैच जीतना होगा।

### टूर्नामेंट | अंतर कॉलेज हॉकी प्रतियोगिता महिला-पुरुष आयोजित, मुख्य अतिथि बोले

# खेल को बढ़ावा देने के लिए संभव मदद किया जाएगा

## पुरुष वर्ग में बिरसा कॉलेज खूंटी-महिला वर्ग में एसएस मेमोरियल कॉलेज रांची विजेता बना

**नवीन मेल संवाददात। रांची**

08 से 11 सितंबर तक एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम सिमडेगा में रांची विश्वविद्यालय अंतर्गत सिमडेगा महाविद्यालय सिमडेगा द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता 2023 महिला और पुरुष का सोमवार को फाइनल मैच खेला गया जिसमें पुरुष वर्ग का फाइनल मैच बिरसा कॉलेज खूंटी ने कार्तिक उरांव कॉलेज गुमला को 7-1 से पराजित किया तथा महिला वर्ग का फाइनल मैच एसएस मेमोरियल कॉलेज रांची ने बिरसा कॉलेज खूंटी को 5-0गोल से पराजित कर विजेता हुआ।



समापन समारोह के मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने अपने सम्बोधन में कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा खेल को बढ़ावा देने हेतु हर संभव मदद किया जाएगा। उन्होंने आज यह भी घोषणा की विश्वविद्यालय में पहली बार खेल का दीक्षांत समारोह आयोजित किया जाएगा, जिससे खिलाडियों का मनोबल बढ़ेगा। अंत में उन्होंने फाइनल विजेता और उपविजेता (महिला एवम पुरुष) के खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

विशिष्ठ अतिथि रांची विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष डॉ सुदेश कुमार साहू ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से छात्र छात्राओं का शारीरिक मानसिक विकास होता है। इसी से स्वस्थ समाज का निर्माण होगा। उन्होंने आयोजन समिति और खिलाडियों को ढेर सारी शुभकामनाएं भी दी। महाविध्यालय के प्राचार्य डॉ रामकुमार प्रसाद ने आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए उनकी गरिमामई उपस्थिति के लिएआभार प्रकट किया।

पुरुष वर्ग में बेस्ट गोलकीपर का पुरूस्कार बिरसा कॉलेज,खूंटी के दुर्गा मुंडा को तथा महिला वर्ग में बेस्ट गोलकीपर का पुरूस्कार एस एस मेमोरियल कॉलेज, रांची की प्रमिला कुमारी को मिला।

जबकि पुरुष वर्ग में बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट, बिरसा कॉलेज, खूंटी के जोसेफ टोपनो और महिला वर्ग में बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट सिमडेगा कॉलेज की रेशमा सोरेंग घोषित किए गए।

पुरुष वर्ग में बेस्ट प्लेयर ऑफ द मैच, बिरसा कॉलेज, खूंटी के सुसारन पूर्ति और महिला वर्ग में बेस्ट प्लेयर ऑफ द मैच एस एस मेमोरियल कॉलेज, रांची की अलबेला रानी को घोषित किया गया। रांची विश्वविद्यालय में अंतर महाविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता पहली बार एस्ट्रोटर्फ हॉकी ग्राउंड में आयोजित की गई और कई वर्षो बाद प्रतिगिता के मैच लीग आधार पर खेले गए। सिमडेगा कॉलेज के प्राचार्य डॉ रामकुमार प्रसाद, आयोजन सचिव डा रोशन टेटे, हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष सह हॉकी झारखंड के उपाध्यक्ष मनोज कोनबेगी एवम हॉकी सिमडेगा के तकनीकी सदस्यो तथा सिमडेगा कॉलेज के अध्यापकों ने इस प्रतियोगिता का सफलता पूर्वक आयोजन कराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

धन्यवाद ज्ञापन आयोजन समिति के सचिव डॉ रौशन टेटे ने किया।

